३	१०	६	१३	२	९	५	१२	तैतिल	सूर्य	विवाहादि मांगलिक कार्य करै
७	१४	३	१०	६	३	२	१	गर	भूमि	बीज बोए, हल चलावै।
४	११	७	१४	३	०	६	१३	वणिज	लक्ष्मी	देवप्रतिष्ठा, घर बनावै और व्यापार करै।
८	१५	४	११	७	१४	३	१०	विष्टि	यम	विषजनितघात और क्रूरता के कामों को करै।
स्थिर		०	०	०	०	०	१४	शकुनि	कलि	मित्रोपदेश, औषधि ग्रहण और ग्रहों का पूजन करै।
स्थिर		०	६	३०	०	०	०	चतुष्पद	वृषभ	गौ ब्राह्मण राजा और पितृ सम्बन्धी काम करै।
स्थिर		०	०	०	०	०	३०	नाग	सर्प	सौभाग्य के काम करै, युद्ध में जाय, धीरज रक्खे, विद्या पढ़े।

टीका—देवासुर संग्राम में दैत्यों से देवताओं की पराजय हुई, तब महादेव जी क्रोधित हुए, उस समय, महादेवजी के शरीर से भद्रानाम्नी शक्ति उत्पन्न हुई, उस गधे की समान पुच्छयुक्त मुखवाली, चक्र के समान घूटनेवाली, सात भुजाओं को धारण किये, सिंह की समान कंठ, कृशोदरी और प्रेत पर बैठकर चलनेवाली, भद्रा को देवताओं ने देख हर्ष सहित करण के अन्तभाग में नियुक्त कर दिया। तब उसकी सहायता से देवताओं ने दैत्यों को पराजित किया। इस भांति से भद्रा का स्वरूप और पराक्रम प्राचीन ऋषियोंके उपकारके लिये वर्णन किया है ॥ ११७ ॥ भद्रा का तिथिमान

शुक्लेपूर्वार्धेऽष्टमीपञ्चदश्योर्भद्रैकादश्यांचतुर्थ्यापरार्द्धे।
कृष्णेऽन्त्यार्द्धेस्यात्तृतीयादशम्योः पूर्वेभागेसप्तमीशम्भुतिथ्योः ११८

टीका-शुक्लपक्ष में ८ और १५ को पूर्वदल में भद्रा को जाने, एवं शुक्लपक्ष की ४ और ११ को परदल में भद्रा को जाने, तथा कृष्णपक्ष की ३ और १० को परदलमें भद्राको जाने तथा ७ और १४ को पूर्वदल में भद्राको जाने ॥११८॥

भद्रा के मुख और पुच्छ का विचार।

पंचद्व्यद्रिकृताष्टरामरसभूयामादिघट्यःशरा
विष्टेरास्यमसद्गजेंदुरसरामाद्यश्विबाणाब्धिषु।
यामेष्वंत्यघटित्रयंशुभकंपुच्छं तथा वासरे-
विष्टिस्तिथ्यपरार्धजाशुभकरी रात्रौ तु पूर्वार्धजा ॥११९॥

टीका-शुक्लपक्षमें चौथकी पांचवेंप्रहरकी पहिलीपाँच घड़ी को भद्राका मुख, एवं अष्टमी के दूसरे प्रहरकी आदिकी पाँच घड़ी को मुख, एकादशी के सातवें प्रहरकी आदिकी पांच घड़ीको मुख और पूर्णिमा के चौथेप्रहरकी ५ घड़ी को भद्राका मुख जानै। तथा कृष्णपक्ष में तीज के आठवें प्रहर की आदि कि ५ घड़ी को भद्रा का मुख, एवं सप्तमी के आदि की ५ घड़ी को मुख, चौदस के पहिले प्रहर की आदि की ५ घड़ी को मुख और पंचमी के छठे प्रहर की आदि की ५ घड़ी को भद्रा का मुख जानै, यह सब कामों में वर्जित है। ऐसे ही शुक्ल पक्ष में चौथ के आठवें प्रहर की अंतकी ३ घड़ी को भद्रा का पुच्छ, अष्टमी के प्रथम प्रहर के अंत की ३ घड़ी को पुच्छ, एकादशी, के छठें प्रहर की अंत की ३ घड़ी पुच्छ, पूर्णिमा के अंत की ३ घड़ी को भद्रा का पुच्छ जाने इसी भाँति कृष्णपक्ष की तीज के सातवें प्रहरकी अंत की ३ घड़ी को

१—दिवासर्पमुखीभद्रा रात्रौभद्रा च वृश्चिकी। सर्पस्य च मुखत्याज्यं रात्रौपुच्छंपरित्यजेत्
रात्रिभद्रा यदाह्निस्यात्दिवाभद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः स्यात्सर्वकार्याणिसाधयेत्

भद्राकी पुच्छ, दशमीके पाँचवें प्रहरके अन्तकी २ घड़ी को भद्रा की पुच्छ जाने, यह सब शुक्ल और कृष्णपक्ष की पुच्छवाली घड़ी शुभ होती हैं इसी प्रकार पूर्व दलकी भद्रा परदल में होने से सम्पूर्ण कार्यों में शुभदायक है ॥११९॥

भद्रा का शरीरभाग ।

मुखेपंच गलेत्वेक वक्षस्येकादशःस्मृताः ।
नाभौचतस्रः षट्कट्यां तिस्रः पुच्छे तु नाडिकाः ॥१२०॥

टीका—मुखमें ५ कंठ में १ हृदय में ११ नाभि में ४ कटि में ६ और पुच्छमें ३ घड़ी इस प्रकार ३० घड़ीमें भद्रा का शरीर विभाग जाने ॥१२०॥

भद्रा के शरीर भाग का फल ।

कार्यहानिर्मुखेमृत्युर्गलेवक्षसिनिस्वता ।
कट्यामुन्मत्तता नाभौमुच्यतिः पुच्छेध्रुवोजयः ॥१२१॥

टीका-मुख की भद्रा कार्यनष्ट करती है,कंठकी मृत्यु हृदयकी दरिद्रता,कमर की उनमत्तता,नाभिकी कार्यनष्टऔर पुच्छकी भद्रा जय लाभ करती है ॥१२१॥

भद्रा का वास ।

कर्ककुंभद्वयोर्भूस्था कौर्पेजत्रितयेद्युगा ।
कन्याचापद्वयेचन्द्रो भद्रापातालवासिनी ॥ १२२ ॥

टीका-कर्क,सिंह,कुम्भ, और मीन राशि के चन्द्रमामे भद्राका वास पृथिवी में । वृश्चिक, मेष, वृष और मिथुन के चन्द्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में कन्या,तुला,धन और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास पाताल में जाने॥१२२॥

भद्रा के वासस्थान का फल ।

स्वर्गेभद्रा भवेत्सौख्यं पाताले च धनागमः ।
मृत्युलोके यदा भद्रा कार्यसिद्धिस्तदा नहि ॥ १२३ ॥

टीका—स्वर्ग की भद्रा सुख देती, पाताल की भद्रा धन देती और मृत्यु लोक की भद्रा सर्व कार्यों को नष्ट करती है ॥ १२३ ॥

वार के अनुसार भद्रा के नाम ।

सोमे शुक्रे च कल्याणी शनौ चैव तु वृश्चिकी ।
गुरौ पुण्यवती ज्ञेया चान्यवारेषु भद्रिका ॥१२४॥

टीका—सोम और शुक्रवार की भद्रा को कल्याणी,शनिवार की भद्रा को

वृश्चिकी, गुरुवार की भद्रा को पुण्यवती एवं रवि, मंगल और बुधवार की भद्रा को भद्रिका जाने। इनका फल नाम के अनुसार होता है ॥ १२४ ॥

शुभभद्रा।

युद्धे भूपति दर्शने भयवने घाते च पाते हठे,
वैद्यस्यागमने जलप्लवतरणे शत्रोस्तथो च्चाटने।
सिंहोष्ट्रे खरे माहिषाज मृगके चाश्वे गृह पातने,
स्त्री सेवा ऋतुमज्जनेषुसकटे भद्रा सदासौख्यदा ॥१२५॥

टीका-युद्ध, राजदर्शन, घात, पात, हठ, वैद्यागम, जल में तैरना, शत्रु उच्चाटन सिंह, ऊँट, गदहा, भैंस बकरी मृगा घोड़ा को घर में लानेपर, स्त्री सेवा, ऋतु स्नान, और गाड़ी चलाना ये सब कार्य भद्रा में करने से सुख होता है ॥१२५॥

आनन्दादि योग जानने की रीति।

दास्रादर्के मृगादिन्दौसार्पाद्भौमे कराद्बुधे।
मैत्राद् गुरौभृगौवैश्वाद् गण्या मन्दे च वारुणात् ॥१२६॥

रविवार के जो नक्षत्र होय उसको अश्विनीसे गिने सोमवार के मृगशिरा से मंगल के श्लेषा से बुधके हस्त से बृहस्पतिको अनुराधा से शुक्र को उत्तराषाढ़से और शनि के शतभिषा से गिनने से जो संख्या हो उतने संख्या वाला उस दिन आनन्दादिक योग में कोई योग होगा ॥ १२६ ॥

योगों के नाम		रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	फल
१	आनन्द	अश्विनी	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ. षा.	शतभि.	सिद्धि
२	कालदण्ड	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजि.	पू. भा.	मृत्यु
३	धूम्र	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू. फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ. भा.	असुख
४	धाता	रोहिणी	पुष्य	उ. फा.	विशाखा	पू. षा.	धनिष्ठा	रेवती	सौभाग्य
५	सौम्य	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त.	अनुराधा	उ. षा.	शतभि.	अश्विनी	अधिसौ.
६	ध्वांक्ष	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजि.	पू. भा.	भरणी	धनक्षय
७	केतु	पुनर्वसु	पू. फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ. भा.	कृत्तिका	सौभाग्य
८	श्रीवत्स	पुष्य	उ. फा.	विशाखा	पू. षा,	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	सौख्य
९	वज्र	आश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ. षा.	शतभि.	अश्विनी	मृगशिरा	क्षय
१०	मुद्गर	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजि,	पू. भा.	भरणी	आर्द्रा	लक्ष्मीना
११	छत्र	पू. फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ. भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	राजस.
१२	मित्र	उ. फा.	विशाखा	पू. षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	पुष्टि
१३	मानस	हस्त	अनुराधा	उ. षा.	शतभि.	अश्विनी	मृगशिरा	आश्लेषा	सौभाग्य
१४	पद्माख्य	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजि.	पू. भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	धनप्राप्ति

योगों के नाम		रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	फल
१५	लुंबक	स्वाती	मूल	श्रवण	उ. भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू. फा.	धन हानि
१६	पात	विशा.	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ. फा.	प्राणना.
१७	मृत्यु	अनु.	उत्त. षा.	शतभि.	अश्विनी	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	मृत्यु
१८	काणाख्य	ज्येष्ठा	अभिजि.	पू. भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	क्लेश
१९	सिद्धि	मूल	श्रवण	उ. भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू. फा.	स्वाती	कार्यसि.
२०	शुभ	पू. षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ. फा.	विशाख	कल्याण
२१	अमृत	उ. भा.	शतभिष	अश्विनी	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनुराधा	राजसुख
२२	मुसल	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	धन क्षय
२३	गदाख्य	श्रवण	उत्तराभा	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू. फा.	स्वाती	मूल	अक्ष वृ
२४	मातंग	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ. फा.	विशाखा	पू. षा.	महाकष्ट
२५	राक्षस	शतभि.	अश्विनी	मृगशिरा	आश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ. षा.	कुलवृ.
२६	चर	पू. भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजि.	कार्यसि.
२७	सुस्थिर	उ. भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वा फा.	स्वांती	मूल	श्रवण	गृहारम्भ
२८	प्रवर्धमा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ. फा.	विशाखा	पू. षा.	धनिष्ठा	शुभ

आनन्दः कालदंडश्च धूम्राख्योऽथ प्रजापतिः ।
सौम्योध्वांक्षो ध्वजानाम्नो श्रीवत्सो वज्रमुद्गरः ॥ १२७ ॥
छत्रं मित्रं मानसश्च पद्माख्यो लुम्बकस्तथा ।
उत्पातो मृत्यु काणाख्यः सिद्धश्चैवशुभौऽमृतौ ॥ १२८ ॥
मुसलोऽथ गदाख्यश्च मातंगो राक्षसश्चरः ।
स्थिरः प्रवर्द्धमानश्च योगाष्टाविंशतिः क्रमात् ॥ १२९ ॥

फलम्

आनंदेलभतेसिद्धिं कालदंडे मृतिं तथा ।
धूम्राख्येन सुखं प्रोक्तं सौभाग्यं च प्रजापतौ ॥ १३० ॥
सौम्ये चैव महात्सौख्यं ध्वांक्षे चैव धनक्षयम् ।
ध्वजनाम्निश्च सौभाग्यं श्रीवत्से सौख्यसम्पदे ॥ १३१ ॥
वज्रे क्षयोमुद्गरे च श्रीनाशस्तु तथैव च ।
छत्रे च राजसन्मानं मैत्रे पुष्टिं न संशयः ॥ १३२ ॥

मानसे चैव सौभाग्यं पद्माख्ये च धनागमम् ।
लुम्बके धनहानिश्च उत्पाते प्राणनाशनम् ॥ १३३ ॥
मृत्युयोगे भवेन्मृत्युः काणे च क्लेशमादिशेत् ।
सिद्धियोगे भवेत्सिद्धिः शुभे कल्याणमेव च ॥ १३४ ॥
अमृते राजसन्मानं मुसले च धनक्षयः ।
गदाख्ये चाऽक्षय विद्या मातङ्गे कुलवर्द्धनम् ॥ १३५ ॥
राक्षसे तु महत्कष्टं चरेकार्यं च सिद्ध्यति ।
स्थिरयोगे गृहारम्भो प्रवृद्धे पाणिपीडनम् ॥ १३६ ॥

टीका—अनन्दादि २८ योग हैं, उनमें १ योगके ७ वार और ७ नक्षत्र हैं। इस रीति से रविवारको अश्विनी, सोमवारको मृगशिरा, मंगलको आश्लेषा, बुधको हस्त, गुरुको अनुराधा, शुक्रको उत्तराषाढ और शनिवारको शतभिषा नक्षत्र होने से आनन्दादि योग होते हैं, सो ऊपरके चक्रमें स्पष्ट देखो ॥ १२७ ॥

चरयोगः ।

रवौपूषा गुरौपुष्यः शनौमूलं भृगौमघा ।
सौम्येब्राह्मं विशोभौमे चन्द्रेर्द्रा चरयोगकः ॥ १३७ ॥

क्रकचयोगः ।

रवौ तु द्वादशीप्रोक्ता भौमे च दशमी तथा ।
चन्द्रेचैकादशीप्रोक्ता नवमीबुधवासरे ॥१३८॥
शुक्रे च सप्तमी ज्ञेया शनौ चैव तु षष्ठिका ।
गुरौचाष्टमिका ज्ञेया योगस्तु क्रकचो बुधैः ॥ १३९ ॥

दग्धयोगः ।

बुधेतृतीयाकुजपञ्चमी च षष्ठ्यांगुरावष्टमिशुक्रवारे ।
एकादशासामशनिर्नवम्यां द्वादश्यर्कामतिदग्धयोगः॥१४०॥

मृत्युदायोगः ।

रवौभौमेभवेन्नन्दा भद्राजीवशशांकयोः ।
जयाशुक्रे बुधेरिक्ता शनौपूर्णा च मृत्युदा ॥ १४१ ॥

सिद्धियोगः ।

शुक्रेनन्दा बुधेभद्रा जयाभौमे प्रकीर्तिताः ।
शनौरिक्ता गुरौपूर्णा सिद्धियोगा उदाहृताः ॥ १४२ ॥

उत्पातमृत्युकालसिद्धियोगः ।

विशाखादिचतुष्कं तु भास्करादिक्रमेण तु ।
उत्पातमृत्युकालाख्यं सिद्धियोगाः प्रकीर्तिताः ॥ १४३ ॥

यमदंष्ट्रयोगः ।

मघाधनिष्ठासूर्ये तु चन्द्रेमूलेविशाखके ।
कृत्तिकाभरणीभौमे सौम्येपूषापुनर्वसुः ॥ १४४ ॥
गुरौपूषाश्विनीशुक्रे रोहिणी चानुराधिका ।
शनौविष्णुः शतभिषक् यमदंष्ट्राः प्रकीर्तिताः ॥ १४५ ॥

यमघण्टयोगः ।

रवौ मघा बुधे मूलं गुरौ चैव च कृत्तिका ।
भौमे चार्द्रा शनौहस्तः शुक्रे चैव तुरोहिणी ॥ १४६ ॥
चन्द्रेविशाखा योगोऽयं यमघण्टः प्रकीर्तितः ॥ १४७ ॥

मुसलवज्रयोगौ ।

चन्द्रेचित्रा भृगौज्येष्ठा शनौ चैव तुरेवती ।
चन्द्रजे तुधनिष्ठोक्ता रवौ तु भरणी तथा ॥ १४८ ॥
ऊषाश्चैव तु भौमे च गुरौ चैवोत्तरा तथा ।
अयं मुशलवज्राख्ययोगौ वर्ज्यः शुभे बुधैः ॥ १४९ ॥

योगों के नाम		रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
१	चरयोग	पूर्वापा.	आर्द्रा	विशाखा	रोहिणी	पुष्प	मघा	मूल
२	क्रकचयोग	१२ तिथि	११ तिथि	१० तिथि	९ तिथि	८ तिथि	७ तिथि	६ तिथि
३	दग्धयोग	१२ तिथि	११ तिथि	५ तिथि	३ तिथि	६ तिथि	८ तिथि	९ तिथि
४	मृत्युदा	नन्दा	भद्रा	नन्दा	रिक्ता	भद्रा	भद्रा	पूर्णा
५	सिद्धियोग	०	०	जया	भद्रा	पूर्णा	नन्दा	रिक्ता
६	उत्पात	विशाखा	पूर्वा	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्तरा
७	मृत्युयोग	अनुराधा	उत्तरा	शततारा	अश्विनी	मृग	ऽश्लेषा	हस्त
८	कालयोग	ज्येष्ठा	अनुराधा	पूर्वा	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
९	सिद्धि	मूल	श्रवण	उत्तरा	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वा	स्वाती
१०	यमदंष्ट्र	मघाधनि	मूलविश	कृ. रोहि.	पू.षा. पू.	उ.षा. आ	रोहिणी	श्रव.शत.
११	यमघंट	मघा	विशाखा	मृगशिरा	मृगशिरा	कृत्तिका	रोहिणी	हस्त
१२	मुसलयोग	भरणी	चित्रा	उत्तराषा	धनिष्ठा	उत्तरा	ज्येष्ठा	रेवती
१३	अमृतसिद्धि	हस्त	श्रवण	अश्विनी	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी

अमृतसिद्धियोगः ।

आदित्यहस्ते गुरुपुष्ययोगे बुधानुराधा शनिरोहिणी च ।
सोमे च विष्णुर्भृगुरेवती च भौमाश्विनी चामृतसिद्धियोगः १५०

टीका—चरयोगादि तेरह योग और सातों वार चक्र में लिखे हैं, उनमें जिस वार में नक्षत्र वा तिथि हो उस दिन योग जाने ॥ १५० ॥

सर्वार्थ सिद्धियोग ।

सूर्ये कमूलोत्तर पुष्य दास्रं चन्द्रेश्रुति ब्राह्मशशीज्यमैत्रे ।
भौमेऽश्व्यहिर्बुध्न्यकृशानुसार्पं ज्ञे ब्राह्ममैत्रार्ककृशानुचान्द्रम् १५१
जीवेऽन्त्यमैत्रा श्व्यदितीज्यधिष्ण्यं ।
शुक्रेऽन्त्य मैत्राश्व्यदितिश्रवोभम् ॥
शनौ श्रुति ब्राह्म समीर भानि ।
सर्वार्थ सिद्ध्यै कथितानिपूर्वैः ॥ १५२ ॥

टीका—रविवार को हस्त, मूल, तीनों उत्तरा, पुष्य, अश्विनी सोमवार को श्रवण, रोहिणी मृगशिरा, पुष्य अनुराधा,मंगल को अश्विनी, उत्तरा फाल्गुनी, कृत्तिका, श्लेषा, बुधको रोहिणी अनु०हस्त, कृत्त०मृगसिरा बृहस्पतिको रेवती

अनु० अश्वि० पुन० पुष्य, शुक्रको रेवती अनुराधा अश्विनी पुन, श्रव, शनिको श्रवण, रोहिणी, स्वाती नक्षत्र हो तो सर्वार्थ सिद्धि योग होता है ॥१५१-१५२॥

रवियोग।

सूर्यभाद् वेद गोतर्क दिग् विश्व नख सम्मिते।
चन्द्रर्क्षे रवियोगाः स्यु दोष सङ्घविनाशकाः ॥१५३॥

टीका- सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमाकी ४-९-६-१०-१३ और २० वीं नक्षत्रों पर रवियोग होता है यह दोषों के संघों का नाश करता ॥ १५३ ॥

सामान्यतः वर्ज्य पंचाङ्ग दूषणम्।

जन्मर्क्षमासतिथयो व्यतिपातभद्रा-
वैधृत्यमापितृदिनानि तिथिक्षयर्द्धी।
न्यूनाधिमासकुलिकप्रहरार्द्धपाता-
विष्कुम्भवज्रघटिकात्रयमेववर्ज्यम् ॥ १५४ ॥
परिघाध पञ्च शूले षट् च गण्डातिगण्डयोः।
व्याघाते नव नाड्यश्च वर्ज्याः सर्वेसु कर्मसु ॥ १५५ ॥

टीका-जन्मनक्षत्र, जन्ममास, जन्मतिथि, व्यतिपात, भद्रा, वैधृत्य, अमावस्या पितृश्राद्ध दिन, तिथियों की क्षय एवं वृद्धि न्यूनाधिक मास, कुलिक, अर्द्धयाम वारवेला और महापात ये सब शुभ कार्यों में वर्जित हैं। विष्कुम्भ और वज्रयोग के आदि की तीन घड़ी परिघ योग की पूर्वार्ध शूल योग की पाँच घड़ी गन्ड तथा अतिगन्ड योग की छः घड़ी और व्याघातयोगकी नव घडी आदही की सब शुभ कार्यों में वर्जित हैं ॥ १५४ ॥ १५५ ॥

पक्ष रंध्र तिथि और वर्ज्य घटिका-

वेदाङ्गाष्टनवार्केन्द्रपक्षरन्ध्रतिथौ त्यजेत्।
वस्वङ्कमनुतत्वाशाः शरा नाडीः पराः शुभाः ॥ १५६ ॥

टीका-दोनों पक्षों की चतुर्थी षष्ठी अष्टमी नवमी द्वादशी और चतुर्दशी ये रंध्र (छिद्र) तिथि हैं इन तिथियों को क्रम से ८।९।१४।२५।१०।५ घड़ी त्याग देवे शेष घड़ियाँ शुभ हैं ॥१५६॥

कुलकादि दोष -

कुलिकः कालवेला च यमघण्टश्च कण्टकः ।
वाराद्द्विघ्ने क्रमान्मन्दे बुधे जीवे कुजे क्षणः ॥ १५७ ॥

टीका-वर्तमान वारोंसे शनिवार तक गिनने सेजो अङ्क मिले उसे दूना करे वो उस अङ्क का मुहूर्त कुलिक योग, बुधवार तक गिनकर दूना करनेसे कालवेला और गुरुवार तक गिनकर दूना करने से यमघंटयोग मंगलवार तक गिनकर दूना करने से कंटक योग होता है ॥ १५७ ॥

कुलिकादि मुहूर्त—

	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
कुलिक	१४	१२	१०	८	६	४	२
कालवेला	८	६	४	२	१४	१२	१०
यमघण्ट	१०	८	६	४	२	१४	१२
कण्टक	६	४	२	१४	१२	१०	८

उदाहरण-रविवार को देखना हो तो रविवार से शनिवार तक गिनने से ७ मिला इसे दूना करने से १४ हुआ इसलिये रविवार को चौदहवाँ मुहूर्त कुलिकयोग हुआ । रविवार से बुधवार तक गिना तो ४ मिला, इसे दूना किया तो ८ हुआ इसलिए आठवाँ मुहूर्त कालवेला हुआ । रविवार से गुरुवार तक गिना तो ५ मिला दूना किया तो १० हुआ इस लिये दशवाँ मुहूर्त यमघंट हुआ । रविवार से मंगलवार तक गिनने से ३ मिला, दूना करने से ६ हुआ इसलिये छठाँ मुहूर्त कण्टक हुआ इसी प्रकार अन्य वारों को भी जानना ये चारों योग शुभ कार्यों में वर्जित हैं ॥

रवि आदि वारों में दुष्ट मुहूर्त—

सूर्येषट्स्वरनागदिङ् मनुमिताश्चन्द्रेब्धि षट्कुञ्जरा-
ङ्कार्काद्विश्वपुरन्दराः नितिसुतेङ्कपञ्च्यग्नितर्का दिशः ॥
सौम्ये द्व्यग्निगज ङ्कदिङ् मनुमिता जीवेद्विषड् भास्कराः।
शुक्राख्यास्तिथयः कलाश्च भृगुजे वेदेषुतर्कग्रहाः ॥१५८॥

दिग्भास्करा मनुमिताश्च शनौ शशिद्विनागादिशो भव-
दिवाकरसंमिताश्च । दुष्टःक्षणः कुलिककण्टककालवेलाः
स्युश्चार्धयाम यमघण्टगताः कलांशाः ॥ १५६ ॥

रविवार को ६, ७, ८, १०, और १४
सोमवार को ४, ६, ८, ९, १२, १३, और १४
मंगलवार को २, ३, ४, ६, और १०
बुधवार को २, ४, ८, ९, १० और १४
गुरुवार को २, ६, १२, १४, १५, और १६
शुक्रवार को ४, ५, ६, ९, १०, १२, और १४
शनिवार को १, २, ८, १०, ११, और १२ ये मुहूर्त निन्दित हैं । इनमें कोई तो दुष्ट क्षण कुलिक, कोई कंटक, कोई कालवेला, कोई अर्द्धयाम और कोई यमघण्ट हैं । मुहूर्त दो घड़ी का होता है पर यहाँ दिनमान के सोलहवें अंशको मुहूर्त माना है ॥ १५८ ॥ १५९ ॥

उदाहरण–शुभाशुभ प्रकरण के ३७ वें श्लोकके अनुसार–सूर्य वार में ६वाँ मुहूर्त कंटक, आठवा कालवेला १० वाँ यमघट, १४ वाँ कुलिक है और विवाह प्रकरण के २४ श्लोक के अनुसार ७ वाँ अर्द्धयाम है इसी प्रकार और वारों में भी जानना ।

होलाष्टकवर्णन—

विपाशेरावतीतीरे शुतुद्रयाश्च त्रिपुष्करे ।
विवाहादिशुभे नेष्टं होलिकाप्राग्दिनाष्टकम् ॥ १६० ॥

विपाशा, ऐरावती और शुद्र (शतलज) इन चार नदियों के दोनों ओर और त्रिपुष्कर देश में होलाष्टक अर्थात् होली के आठ दिन प्रथम शुभ कार्यों में वर्जित हैं ॥ १६० ॥

दुष्ट योगों का परिहार—

मृत्युक्रकचदग्धादीनिन्दौ शस्ते शुभान् जगुः ।
केचिद्यामोत्तरं चान्ये यात्रायामेव निन्दितान् ॥ १६१ ॥

यदि चन्द्रमा श्रेष्ठ हों तो मृत्यु क्रकच और दग्धादि योग शुभ होते हैं । अन्यान्य मुनियों का यह मत है कि एक पहर दिन चढ़ जाने पर सब योग शुभदायक हो जाते हैं और कोई कोई यह कहते हैं कि केवल यात्रा काल में योग निन्द्य होते हैं अन्यान्य समय शुभ ही होते हैं ॥ १६१ ॥

अयोगे सुयोगोऽपि चेत्स्यात्तदानी-
मयोगं निहत्यैष सिद्धिं तनोति ।
परे लग्नशुद्ध्या कुयोगादिनाशं-
दिनार्द्धोत्तरं विष्टिपूर्वं च शस्तम् ॥ १६२ ॥

दुष्ट योग के दिन सुयोग हो तो दुष्टयोग के फलों को नाश कर शुभ फल प्राप्त होता है। किसी किसी का यह भी मत है कि लग्नशुद्धि होने से दुष्ट योगादि नाश हो जाते हैं। मध्याह्न के बाद भद्रा आदि दोष शुभ है अर्थात् भद्रा मंगलवार, व्यतीपात, वैधृति, प्रत्यरि तारा और जन्म नक्षत्र मध्याह्न के पश्चात् शुभप्रद होते हैं ॥ १६२ ॥

शुक्रोदयास्तनिर्णय-

यमशराभुजवासर वज्रिशो नयन सप्तदिनान्युशनोस्तगः ।
गगन बाणयमादिशिपश्चिमे नव दिनानि भृगूरविमण्डले ॥१६३

पूर्व में जिस दिन शुक्र उदय होते हैं उस दिन से २५२ दिन (८ मास, १२ दिन) उदय रहते हैं। फिर ७२ दिन (२ मास, १२ दिन) अस्त रहते हैं, फिर पश्चिम में उदय होते हैं, और २५० दिन (८ मास १० दिन) उदय रहकर १० दिन अस्त हो पूर्व में उदय हो जाते हैं। यह स्थूल विचा है भौमादिक का भी स्थूल प्रकार टिप्पणी में देखिये उदय अस्त का विचार सूर्य सिद्धान्त, ग्रहलाघ, भास्वती आदि में केन्द्रांश के नियम से जो लिखा है उसी अनुसार ठीक है ॥ १६३ ॥

गुरु और शुक्र के अस्त में वर्जित कर्म-

वाप्यारास तड़ाग कूप भवनारम्भ प्रतिष्ठे व्रता
रम्भोत्सर्ग वधूप्रवेशनमहादानानि सोमाष्टके ॥
गोदानाग्रयणप्रपाप्रथमकोपाकर्मवेदव्रतं
नीलोद्वाहमथातिपन्नशिशुसंस्कारान् सुरस्थापनम् ॥ १६४ ॥

---

१ पूर्व में मङ्गल २२ मास बुध १ मास ६ दिन, गुरु १ वर्ष २८ दिन, शुक्र ८ मास १६ शनि १० मास १८ दिन उदय रहते हैं, और बुध ३२ दिन, शुक्र २ मास १८ दिन अस्त रहते हैं।

पश्चिम में बुध ३६ दिन, शुक्र ८ मास, १६ दिन उदय रहते हैं, और मङ्गल ४ मास बुध १६ दिन गुरु ३२ दिन, शुक्र १० दिन, शनि एकमास १२ दिन अस्त रहते हैं।

दाता मौञ्जिविवाहमुण्डनमपूर्वं देवतीर्थेक्षणं
संन्यासाग्निपरिग्रहौ नृपतिसंदर्शाभिषेकौ गमम् ॥
चातुर्मास्यसमावृती श्रवणयोर्वेधं परीक्षां त्यजेद्
वृद्धत्वास्तशिशुत्वइज्यसितयोन्यूनाधिमासे तथा ॥ १६५ ॥

अथ-बावली, बाग, तालाब, कुआ, मकान, इनका आरंभ और उत्सर्ग, प्रतिष्ठा व्रतारम्भ, वधूप्रवेश, तुलादानादि महादान, सोमयाग, अष्टका श्राद्ध, गोदान (केशान्त कर्म) नूतनान्न का यज्ञ, जलशाला (पौसरा) प्रथम उपाकर्म प्रथम वेदव्रत वृषोत्सर्ग बालकों का कालव्यतीत संस्कार, देवताओं की प्रतिष्ठा (स्थापना गुरुदीक्षा, यज्ञोपवीत विवाह, मुण्डन अपूर्व देवता व तीर्थों का दर्शन, संन्यासधारण, अग्नि आधान (अग्निहोत्र) (राजा का दर्शन, राज्याभिषेक, प्रथम यात्रा चातुर्मास्य नामक याग, समावर्तन, (गुरुसे पढ़के घरको आना और मूंजोंकी मेखला उतारना) कर्णछेदन और परीक्षा देना य कर्म बृहस्पति और शुक्रके अस्त बाल वृद्ध तथा न्यूनाधिमासमें नहीं करना चाहिये ॥ १६४॥१६५

गुरु शुक्रके बालक वृद्ध के दिन—

पुरः पश्चाद् भृगोर्बाल्यं त्रिदशाहं च वार्धकम् ।
पक्षं पञ्च दिनं वृद्धे गुरोः पक्षमुदाहृते ॥ १६६ ॥

शुक्रके पूर्व उदय में ३ दिन, पश्चिम उदयमें १० दिन बाल्यावस्था रहती है और पूर्वास्त में और पश्चिमास्तमें भी पन्द्रह पन्द्रह दिन वृद्ध रहते हैं । बृहस्पति १५ दिन बाल्य, १५ दिन वृद्ध रहते हैं ॥ १६६ ॥

ते दशाहं द्वयोः प्रोक्तं कश्चित् सप्तदिनं परैः ।
त्र्यहं त्वात्ययिकेऽप्यन्यैरर्धाहं च त्र्यहं विधोः ॥ १६७ ॥

कोई कोई आचार्य बृहस्पति के उदय अस्त में बाल्य और वृद्धके दश दश दिन कहते हैं और कोई कोई सातदिन कहते हैं कोई कोई आवश्यकता में तीन दिन कहते हैं । चन्द्रमाका आधा दिन बाल्यकाल और तीन दिन वृद्ध हैं । अमावस के अस्त होते हैं ॥ १६७ ॥

सिंह और मकरगत गुरुका निषेध—

अस्ते वर्ज्यं सिंहनक्रस्थजीवे वर्ज्यं केचिद्वक्रगे चातिचारे ।
गुर्वादित्ये विश्वधस्रेऽपि पक्षे प्रोचुस्तद्वन्तरत्नादिभूषाम् ॥ १६८॥

मुनियों ने जिन जिन कर्मों को बृहस्पति में वर्जित किया है वेही सिंह तथा मकर राशि के बृहस्पति में भी वर्णित हैं। अन्यान्य मुनियोंका मत है कि जब बृहस्पति वक्री अथवा अतिचार होवे तब शुभ कर्म वर्जित है और यदि सूर्य और बृहस्पति एकही राशि में स्थित हों और पक्ष १३ दिन का होवे तब भी शुभ-कर्मों को नहीं करना चाहिए हाथी के दाँत तथा रत्न आदि जड़ित भूषण भी न पहिरे और न बनवावे ॥ १६८ ॥

सिंहे गुरौ सिंहलवे विवाहो नेष्टोऽथ गोदोत्तरतश्च यावत् ।
भागीरथीयाम्यतटे हि दोषो नान्यत्र देशे तपनेऽपि मेषे ॥१६९॥

टीका–यदि बृहस्पति सिंह राशि में हों और सिंह ही का नवांश भी हो तो विवाह शुभ नहीं है यह गोदावरी के उत्तर तट से गंगा के दक्षिण तट तक वर्जित है। जब मेष राशि के सूर्य और सिंह के बृहस्पति हों तब विवाह कर्म श्रेष्ठ है, इस विषय में अन्यान्य ग्रन्थों में अनेक मुनियों के भिन्न भिन्न मत हैं (मेरा सिंहस्थ गुरु मीमांसा देखो) ॥ १६९ ।

सिंहराशिस्थ गुरु का परिहार —

मघादिपञ्चपादेषु गुरुः सर्वत्र निन्दितः ।
गङ्गा गोदान्तरं हित्वा शेषाङ्घ्रिषु न दोषकृत् ॥ १७० ॥
मेषेऽर्के सत्र ओद्वाहो गङ्गागोदान्तरेऽपि च ।
सर्वः सिंहगुरुर्वर्ज्यः कलिङ्गे गौडगुर्जरे ॥ १७१ ॥

मघा नक्षत्र के चार चरणों में और पूर्वाफलगुनी के प्रथम चरण में बृहस्पति रहे तो विवाहादि शुभ कार्य सब देश में निंदित हैं और शेषपूर्वाफाल्गुनी के दो चरण से उत्तरा फाल्गुनी के एक चरण तक गंगा और गोदावरी के मध्य देशों में सब कर्मों में निन्दित है। अन्य देश में दोषप्रद नहीं है। मेष राशि में सूर्य हो तब सिंह के बृहस्पति में, गंगा और गोदावरी के मध्यदेशों में विवाह तथा यज्ञोपवीत करना शुभ है पर कलिंग, गौड और गुजरात देश में सम्पूर्ण वर्जित है ॥१७०॥१७१॥

गुरुशुद्धि विचार—

वटु कन्या जन्मराशेस्त्रिकोणाय द्विसप्तगः ।
श्रेष्ठो गुरुः खषट् त्र्याद्ये पूजयान्यत्र निन्दितः ॥ १७२ ॥
स्वोच्चे स्वभे स्वमित्रेवा स्वांशेवर्गोत्तमो गुरुः ।
रिस्फाष्टतुर्यगोपीष्टो नीचारिस्थः शुभोऽप्यसत् ॥ १७३ ॥

टीका—बटु (जिस बालक का उपनयन करना हो) की जन्मराशि और कन्या की जन्म राशि से पंचम नवम एकादश द्वितीय सप्तमस्थ गुरु श्रेष्ठ होते हैं और दशम-षट्-तृतीय प्रथम (जन्म) के होने पर मध्यम, और अन्यत्र चतुष्ट महाद.स्थान में हो तो मध्यम जानना। अपनी उच्च[1] राशि अपनी[2] राशि मित्र[3] की राशि, अपने नवांश अपने [4]वर्गोत्तम में बृहस्पति हो तो चतुर्थ अष्टमद्वादश भी गुरु उत्तम होते हैं। अपनी, (१०) शत्रु बुध शुक्र राशि (३-६-२-७) होने पर शुभ भी हो तो अशुभ है॥ १७२॥ १७३॥

रवि शुद्धि विचार—

शुभप्रदो दिनेश्वरो त्रिषट् दशायजोयदा
चतुर्थ रिष्फरन्ध्रगो हि निन्दितो निरंतरम्।
द्विपञ्च सप्तात्नजन्म संस्थितो विवाहके
सु पूज्यकः शुभाशुभं विचारयेद् द्विजोत्तम।

टीका—हे द्विजोत्तम! वर की जन्म राशि से ३-६-१०-११ भाव यदि सूर्य स्थित हो तो शुभ है, ४-८-१२ भावमें होतो निश्चय निन्दित हैं,और २-५-७-९-१ भावमें हो तो सूर्य की पूजा करके विवाह करने से शुभ होते हैं।

चन्द्र शुद्धि विचार—

निशाकरो त्रिषट् सप्तदशायेषु शुभप्रदः।
दुष्टो रिफाष्ट तूर्येषु पूज्यश्चा न्यत्रगोयदा॥

प्रत्येक कार्योंमें जन्मा अपनी राशि से ३-६-७-१०-११ भावमें रहै तो शुभ है,

(१) कर्क राशि उच्चराशि है।

(२) धन मीन स्वगृह है।

(३) मेष वृश्चिक कर्क सिंह मित्र राशि है। (मित्र राशि होनेपर भी सिंह के गुरु का सर्वांश सब जगह शुभ नहीं है)।

(४) मेष सिंह धन का नवां अंश (२६ अं० ४० क० के बाद ३०अंशतक) वृष कन्या मकर का तीसरा अंश (६ अं० १० कलाके बाद १० अंशतक) मिथुन-तुला कुम्भ का तीसरा अंश और छठवां अंश (१६ अंश ४० कलाके बाद २० अंश तक) कर्क वृश्चिक मीन राशि का छठवां और नवां अंश १६ अंश ४० कलाके बाद २० अंश तक तथा २६ अंश ४० कलाके बाद ३० अंश तक स्वांश है।

चरराशि (मे० कर्क तु० म०) का प्रथमांश (आरम्भ से ३ अंश २० कलातक) स्थिरराशि वृष० सिं० वृ० कुं० का पंचमांश (१३ अंश २० कलाके बाद १६ अंश ४० कलातक) द्विस्वभाव राशि (मिथुन कन्या ध० मी०) का नवाअंश (२६) अंश ४० कलाके बाद ३ अंश पर्यन्त) वर्गोत्तम है।

४-८-१२ में दुष्ट और अन्यत्र (१-२-५ ९) भावमें होतो पूज्य है ।

अथ प्रत्येकग्रहाणां रेखाष्टकवर्गसाधनाय सारिणीयम् ।

तत्रादौरवेरष्टकवर्गाङ्काः ४८

सू	च.	मं.	बु.	बृ.	शु	श.	ल.
१	३	१	३	५	६	१	३
२	६	२	५	६	७	२	
४	१०	४	६	७	१२	४	६
७	११	७	९	११	००	७	१०
८	००	८	०	००	००	८	११
९	००	९	११	००	००	९	१२
१०	००	१०	१२	००	००	१०	००
११	००	११	००	००	००	११	००

चन्द्रस्याष्टकवर्गाङ्काः ४९

चं.	मं	बु.	बृ	शु.	श.	सू.	ल.
१	२	१	१	३	३	३	३
३	३	३	४	४	५	६	६
६	५	४	७	५	३	७	१०
७	६	५	८		११	८	११
०	९	७	०	९	००	१०	००
१	१०	८	१	१०	००	११	००
००	११	१०	२	११	००	००	००
०		११	०	००	००	००	००

भौमस्याष्टकवर्गाङ्काः ३९

मं.	बु.	बृ.	शु.	श	सू.	चं.	ल.
१	३	६	६	१	३	३	१
२	५	१०	८	-	५	६	३
४	६	११	११	७	६	११	६
७	११	१२	१२	८	१०	००	१०
८	००	००	००	९	११	००	११
१०	००	००	००	१०	००	००	००
११	००	००	०	११	००	००	००
००	०		०	००	००	००	००

बुधस्याष्टकवर्गाङ्काः ५४

बु.	बृ.	शु.	श	सू.	चं.	म.	ल.
१	६	१	१	५	२	१	१
३	८	२	२	६	४	२	२
५	११	३	४	९	६	४	४
६	१२	४	७	११	८	७	६
९	००	५	८	१२	०	८	८
१०	००	८	९	००	१	९	१०
११	००	९	१०	००	००	१०	११
१२	००	११	११	००	००	१	००

गुरोरष्टकवर्गाङ्काः ५६

बृ.	शु.	श.	सू.	चं.	मं.	बु.	ल
१	२	३	१	२	१	१	१
२	५	५	२	५	२	२	२
३	६	६	३	७	४	४	४
४	९	१२	४	९	७	५	४
७	१०	००	९	११	८	६	६
८	११	००	८	००	१०	९	७
१०	००	००	९	००	११	१०	९
११	००	००	१०	००	००	११	१०
००	००	००	११	००	००	००	११

शुक्रस्याष्टकवर्गाङ्काः

शु.	श.	सू.	च.	मं.	बु	बृ	ल.
१	३	८	१	३	३	५	१
२	४	१०	२	५	५	८	२
३	५	१२	३	६	६	९	३
४	८	००	४	९	९	१०	४
५	९	००	५	११	१	११	५
८	१०	००	८	२	०	००	८
९	१०	००	९	००	०	००	९
१०	००	००	११	००	००	००	११
११	००	००	१२	००	००	००	००

शनिरष्टकवर्गाङ्काः ३९

श.	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	ल.
३	१	३	३	६	५	६	१
५	३	६	५	८	६	११	३
६	४	११	६	९	११	१२	४
११	७	००	१०	१०	१२	००	६
००	८	००	११	११	००	००	१०
००	१०	००	१२	१२	००	००	११
००	०	००	००	००	००	००	००
००	००	००	००	००	००	००	००
००	००	००	००	००	००	००	००

लग्नस्याष्टकवर्गाङ्काः ५२

ल.	सू.	चं.	म.	बु.	बृ.	शु.	श.
३	३	३	१	१	१	१	१
६	४	६	३	२	२	२	३
१०	६	१०	६	४	४	३	४
११	१०	११	१०	६	५	४	६
००	११	००	११	८	६	५	१०
००	१२	००	००	१०	७	८	११
००	००	००	०	११	९	९	००
०	००	००	००	००	१०	११	००
००	००	००	०	००	१	००	००

अथप्रत्येकरेखाफलमिदम्

म. सं.	फलानि
१	क्लेशाभीतिः
२	अर्थहानि
३	प्रवासकष्टम्
४	समलाभः
५	शास्त्रसुखम्
६	धनाप्तिः
७	परमानन्दप्राप्ति
८	सर्वकार्यसिद्धिः

प्राचीनमते गोचरबलाभावेऽष्टकशुद्धिरेव ।

तदुक्तम् । अष्टवर्गविशुद्धेषु गुरुशीतांशुभानुषु ॥ व्रताद्वाहौ च कर्तव्यौ गोचरेण कदाचन । उपलक्षणमप्युक्तं तत्रैव । अष्टवर्गेण ये शुद्धा सर्वकर्मसु ॥ सूक्ष्माष्टवर्गसंशुद्धिःस्थूलाशुद्धिःसुगोचरे इति ।

नीच राशिके गुरु का विचार—

जिस ग्रह का अष्टवर्ग बनानाहो उसकी कुण्डली, बनाये, ऊपर ऊस ग्रहको राशि लिखकर जन्माङ्ग के अनुसार ग्रहोंको लिखदेय, फिर जिस अष्टवर्ग के जिनग्रहां के सामने जो जो संख्या लिखी है उन उन संख्याओं के सामने एक एक रेखा लिखे इस प्रकार वह अष्टवर्ग बनेगा-जैसे सूर्याष्टक वर्ग बनाना है और सूर्य मिथुन में हैं तो ऊपर मिथुन राशि लिखा और उसपर सूर्य को लिखा वहाँ हा बुध भी है, और शुक्र सिंहपर, चन्द्र बृहस्पति तुलाका, मंगल कन्या का, कुम्भ का शनि है-सूर्य से १।२।४-७-८-९-१०-११ वें एक एक रेखा लिखा चन्द्रमा से ३।६।१०-११ वे भावमे एक एक रेखा लिखा इसी प्रकार सूर्याष्ट वर्ग का रेखा लिखा तो रेखा की संख्या इस प्रकार हुई कि-वृश्चिक में दो रेखा वृष मिथुन मकर राशि मे तीन तीन रेखा है। कर्क कन्या तुला धन तथा मेष में चार चार रेखा। सिंह में पांच रेखा कुम्भ तथा मीन राशि में छः छः रेखा हैं, सिंह कुम्भ मीन राशिके सूय में उत्तम्, मे, कर्क, कं, तु, ध, में मध्यम वृश्चिक धनहानि, वृष मिथुन मकर राशि में क्लेश होना फल है इसीप्रकार सब ग्रह का बनाना, यह वागीश कान्तजी के कुण्डली का उदाहरण है।

रेवापूर्वं गण्डकी पश्चिमे च शोणस्योदग् दक्षिणे नीच इज्यः ।
वर्ज्योनायं कौंकणेमागधेचगौडे सिन्धौ वर्जनीयः शुभेषु ॥१७४॥

मकर राशि में बृहस्पति नर्मदा के पूर्व गण्डकी के पश्चिम, शोणनद के उत्तर और दक्षिण के प्रदेशों में शुभ है तथा कौंकण, मगध गौड, बंगाल और सिन्धुर इन देशों में वर्जित है ॥ १७४ ॥

गोजान्त्यकुम्भेतरभेऽतिचारगो नो पूर्वराशिं गुरुरेति वक्रितः ।
तदा विलुप्ताब्द इहातिनिन्दित शुभेषु रेवासुरनिम्नगान्तरे ॥१७५॥

वृष, मेष, मीन, और कुम्भ को छोड अन्य मिथुन, कर्क सिंह, कन्या, तुला वृश्चिक धनु और मकर राशि पर अतिचार प्राप्त बृहस्पति मार्गी हो जाय तो वक्री होकर जब तक पूर्व राशि पर न आवें तब तक लुप्तसंवत्सर जानना चाहिये जो नर्मदा और गङ्गा के मध्य देशों में, सब शुभ कार्यों में निन्दनीय हैं १७५

पादोनरेखापरपूर्वयोजनः पलैयुतोनाभ्तिथयो दिनार्धतः ।
ऊनाधिकास्तद्विवरोद्भवैः पलैरूर्ध्वं तथाधोदिनपप्रवेशनम् ॥१७६॥

जिस देश की वार प्रवृत्ति देखना हो वह देश मध्य रेखा के जितने योजन

१ मध्यरात्रि प्रमाणे तु युते पञ्चादशोसति । वारप्रवृत्तिर्निर्दिष्टो विद्वद्भिस्त्वदर्शिभिः ।

उन—योजनों का चतुर्थांश १५ घटी में घटावना और पूर्व हो पश्चिम उतने योजन का चौथाई पन्द्रह घटिका में जोड़ना इस प्रकार जोड़ने और घटाने से जो घड़ी पल मिले वह घड़ी पल यदि दिनार्ध से कम होतो जितना कम हो उतना ही घटी अल्प सूर्योदय के बाद वार प्रवृत्ति होती है, यदि दिनार्ध से जितना अधिक हो तो उतनी ही घटी सूर्योदय से पहले वार प्रवृत्त जानना ॥ १७६ ॥

उदाहरण—कुरुक्षेत्र से ६३ योयन पर काशी है इसका चतुर्थांश १५।४५ हुआ इसको ६३ में घटाया तो ४७।१५ रहा। इसको १५ में घटाया तो १४।१२।४५ घट्यादि बचा यह वार प्रवृत्ति का ध्रुवा है, दिन मान २९।१० है, इसका आधा १४।३५ है, इसमें ध्रुवा को घटाया तो पलादि २२।१५ बचा, इससे ज्ञात हुआ कि २२ पल १५ विपल दिन चढ़े वार प्रवृत्ति होगा. यदि दिनार्ध ध्रुवा में घटता तो जो शेष बचता उतना रात्रि रहते वार प्रवृत्त होगी। वार प्रवृत्तिका हेतु और कालहोरा—

वारादेर्घटिका द्विघ्नाः स्वाक्षहृच्छेषवर्जिताः ।
सैकास्तष्टा नगैःकालहोरेशा दिनपात् क्रमात् ॥ १७७ ॥

जिस दिन के जितनी घड़ी पर होरा देखने की इच्छा हो उस घड़ी को दूना करके दो स्थानों में रखे। एक जगह वाले में पाँच का भाग देवे और लब्ध को त्याग शेष बचे अंक को दूसरी जगह के अंक में घटा देवे जो बचे उसमें एक जोड़कर सात का भाग देने से जो शेष बचे उससे जिस दिन होरा देखना हो उस दिन के वार तक गिनके होरा का स्वामी जानना चाहिये ॥ १७७ ॥

उदाहरण-रविवार को आठ घड़ी दिन चढ़े होरा देखना है इसलिये इस आठ को दूना किया तो १६ मिला इसे दो स्थान में लिखा अब एक १६ में ५ को भाग दिया तो ३ लब्धि मिली और १ शेष बचा अब लब्धि ३ को त्याग कर शेष बचे १ को दूसरे १६ में घटाया तो १५ हुआ इसमें पुनः एक जोड़ कर सात से भाग दियातो शेष २ बचा इस रविवार से दूसरा दिन सोमवार होता है इसलिये सोमवार का होरा जानना चाहिये ॥ इसी प्रकार और वारों को भी जानना। रात्रि दिनमें ६० घड़ीके प्रमाणसे २ घटी३ पलके प्रमाण से२४ होरा हुई फिर उसमें छठे २ ग्रहकी होरा होगी, फिर क्रम से छठे २ ग्रह की होगी।

कालहोरा का हेतु—

वारे प्रोक्तं कालहोरासु तस्याधिष्ण्ये प्रोक्तंस्वामितिथ्यंशकेऽस्य ।
कुर्याद्दिक्शूलादिचिन्त्यं तु गेषु नैवोल्लंघ्यःपारिघश्चापिदण्डः १७८

जो कर्म जिस दिन उचित कहा है सो उसीके कालहोरा में करना चाहिये और जो कर्म जिस नक्षत्रमें कहा है सो उसके स्वामीके तीक्ष्यंश (श्लो० ५२ विवाह प्रकरणोक्त मुहूर्त) नक्षत्र में करना चाहिये । मुहूर्तमें दिक्शूल आदि अर्थात् वार शूल, नक्षत्र शूल, ललाटिक का अवश्य चिन्तवन करना चाहिये तथा परिघदंडका कदापि उल्लंघन न करना चाहिये ॥ १७८ ॥

भूमिशयन विचार—

रेवर्भाच्छरागाङ्क सूर्याः ग्रहेन्दू, रसाद्रिः शशाङ्कस्य तारा यदाचेत्
तदारुद्र मन्वर्क मन्वर्क वेदाः क्रमेणैव नाड्यःसुशेतेधरित्री ।१७९
शरादौनवादौ तथा द्वादशे च,
तथै कोन विंशेऽपि चाद्यास्तुनाड्यः ॥
नगेमध्यनाड्यो विवर्ज्यीहविप्राः !
नखेऽङ्का न्विते चान्त्यभागे विवर्ज्या ॥१८०॥

टी०—सूर्य के नक्षत्रसे यदि चंद्रका नक्षत्र ।५ ७।९।१२।१९।२६ वाँ हो तो क्रमशः । ११।१४।१२।१४ १२।४ नाड़ी भूमिशयन करती है अर्थात् ५ वें नक्षत्र की ११ घटी ७ वें १४, ९ वें १२,१२ वें का १४, १९ वें का १२ और २६ वें का ४ घटी पृथ्वी भूमि शयन करती है भूमि शयन के समय भूमि खोदना बीज बोना ये त्याज्य है । ५।९।१२।१९ वें नक्षत्र के आदिके नाड़ी में ७ वें के मध्य नक्षत्र में और २६ वें के अंत्य नाड़ी में पृथ्वी सोती है॥ १७९॥१८०

पाँच सात नव बारह, ओनइस औ छब्बीश ।
यह नक्षत्रमें पृथ्वी सूतै, जानि लेव जगदीश ॥

मन्वादि और युगादि तिथियाँ—

मन्वाद्यास्त्रितिथी मधौ तिथिरवी. ऊर्जेशुचौदिक् तिथी ।
ज्येष्ठेऽन्त्ये च तिथिस्त्विषे नवतपस्यश्वाः महस्ये शिवा ॥
भाद्रेऽग्निश्च सिते त्वमाष्टनभसः कृष्णे युगाद्याः सिते ।
गोऽग्नि बाहुलराधयोर्मदनदशौ भाद्रमाघासिते ॥ १८१ ॥

१ शून्यं तु भाजकोऽङ्गो यो नागनापरिपूर्तये । नारे मघवने राशौद्वादशमृत्युयागया । सप्तविंशतिसंख्यानकमेणानगनीषिगः ।

चैत्र शुक्ल तृतीया तथा पूर्णमासी, कार्तिक शुक्ल द्वादशी तथा पूर्णमासी, आषाढ़ शुक्ल दशमी तथा पूर्णमासी, ज्येष्ठ और फाल्गुनकी पूर्णमासी, आश्विन शुक्ल नवमी माघ शुक्ल सप्तमी, पौष शुक्ल एकादशी, भाद्र शुक्ल तृतीया, श्रावण कृष्ण अमावस्या और अष्टमी ये तिथियाँ मन्वादि हैं, कार्तिक शुक्ल नवमी को सतयुग, वैशाख शुक्ल तृतीया को त्रेता भाद्रकृष्ण त्रयोदशी को द्वापर और माघ कृष्ण अमावस को कलियुग ये युगादि तिथियाँ हैं ॥ १८१ ॥

वारके अनुसार संक्रान्ति के नाम—

घोराख्यौ ध्वांक्ष्य मृतग्नुतौच्च संक्रान्ति भौमेच्च महोदरी स्यात् ।
मन्दाकिनी ज्ञे च गुरौच मन्दा मिश्राभृगौ राक्षसि कार्कपुत्रे ॥ १८२

नक्षत्रके अनुसार नाम—

उग्रक्षिप्रचरैर्मित्र ध्रुव मिश्राख्य दारुणैः ।
ऋक्षैःसंक्रान्तिरर्कस्यघोराद्याः क्रमशो भवेत् ॥ १८३ ॥

फल ।

ध्वांक्षीवैश्यान् सुखयति महोदर्यलंचौरसार्थान्
घोराशूद्रानथनरपती नेवमंदाकिनी च ।
नंदाख्या च द्विजवरगणान्मिश्रकाख्यापशूंश्च
चाण्डालान्तां प्रकृतिमखिलां राक्षसीसंज्ञिता च ॥१८४॥

कालफल ।

पूर्वाह्नकालेनृपतिद्विजेन्द्रान्मध्येदिनेचाथविशोपराह्ने ।
शूद्रांरवावस्तमिते प्रदोषेपिश।चकां रात्रिचरान्निशीथे॥ १८५ ॥
नटादिकांश्चापररात्रिकाले प्रत्यूषकालेपशुपालकांश्च ।
संक्रान्तिरर्कस्यसमस्तलिंगां प्रभातसंध्यासमये निहंति ॥१८६॥

संक्रान्ति का मुख ।

अर्केशुक्रेमुखंपूर्वे सौम्येभौमे च दक्षिणे ।
शनौचन्द्रेमुखंपश्चाद् गुरौचेवोत्तरामुखी ॥ १८७ ॥

वार और नक्षत्रों के जानने की रीति ।

वार	नक्षत्र	नाम	फल	काल	फल	मुख
रवि	उग्र	घोरा	शूद्रों को सुख	पूर्वाह्न	विप्रराजाको दुःख	पूर्व को मुख
सोम	क्षिप्र	ध्वांक्षी	वैश्यों को सुख	मध्याह्न	वैश्यों को दुःख	पश्चिम को मुख
भौम	चर	महोदरी	चोरों को सुख	अपराह्न	शूद्रों को दुःख	दक्षिण को मुख
बुध	मैत्र	मन्दाकिनी	राजाओं को सुख	प्रदोष	पिशाचोंको दुःख	दक्षिण को मुख
गुरु	ध्रुव	मन्दा	ब्राह्मणों को सुख	अर्द्धरात्रि	राक्षसों को दुःख	उत्तर को मुख
शुक्र	मिश्र	मिश्रा	पशुओं को सुख	अपरात्रि	नटादिकोंकोदुःख	पूर्व को मुख
शनि	दारुण	राक्षसी	चांडालों को सुख	प्रत्यूषकाल	पशुपालकोंकोदु.	पश्चिम को मुख

करण में संक्रान्ति का मुख ।

बवेपूर्वमुखंचोक्तं बालवेयमदिङ्मुखम् ।
कौलवेपश्चिमसुखं तैतिलेचोत्तरामुखम् ॥ १८८ ॥
गरेवायव्यदिग्वक्त्रं वाणिज्याग्नेयदिङ्मुखम् ।
भद्रायामीशदिग्वक्त्रं शकुनेनैंऋतंमुखम् ॥ १८९ ॥
चतुष्पदी च पाताले नागेचोर्ध्वमुखीभवेत् ।
किंस्तुघ्नेसर्वदिग्वक्त्रं संक्रान्तिमुखलक्षणम् ॥१९०॥

करण में संक्रान्ति की दृष्टि ।

चन्द्रेगुरौदृष्टिदिगीशाने सूर्येसितेनैऋतिकोणदृष्टिः ।
धात्रोसुतेदृग् च वायौ निरुक्ता बुधेशनौरुद्रदिशीक्षयांभवेत्॥१९१॥

संक्रान्ति का गमन ।

मंदेचन्द्रेगमःसौम्ये बुधेभौमे च वारुणे ।
रवौशुक्रेगमोयाम्ये गुरौप्राग्गमनंस्मृतम् ॥ १९२ ॥

स्थिति ।

चतुष्पदे तैतिलनागयोश्च सुप्तो रविः संक्रमणं करोति ।
विद्याद् बवाख्ये च गराह्वये वा सबालवाख्ये स्थित एव विष्टौ ॥१९३॥

फल ।

किंस्तुघ्ननाम्निशकुनौवणिग्कौलवाख्ये-
चोर्ध्वस्थितस्यखलुसंक्रमणं रवेस्स्यात् ।
धान्यार्थवृष्टिषुभवेत्क्रमशस्त्वनिष्टेमध्येष्ट
तेतिमुनयः प्रवदंति पूर्वे ॥१९४॥

वाहन ।

सिंहोव्याघ्रोवराहश्च गर्दभः कुंजरस्तथा ।
महिषीघोटकःश्वा च छागोवृषभकुक्कुटौ ॥१९५॥
गजोवाजीवृषोमेषःखरोष्ट्रौकेसरीक्रमात् ।
शार्दूलमहिषीव्याघ्रवानरश्चववादितः ॥१९६॥

वाहन फल ।

गजेलक्ष्मीर्वृषेस्थैर्यं घोटकेवाहनेतथा ।
सिंहेव्याघ्रेभयंप्रोक्तं सुभिक्षंगर्दभेमुनि ॥१९७॥

फल ।

वाराहेमहती पीडा जायते मेषवाहने ।
महिष्यां च भवेत् क्लेशः कुक्कुटे मृत्युरेव च ॥१९८॥

वस्त्र ।

श्वेतपीतहरितं च पांडुरं रक्तश्याममसितं बहुवर्णम् ।
कंबलोविवसनंघनवर्णान्यंशुकानि च ववाऽदितःक्रमात् ॥१९९॥

आयुध ।

भुशुण्डी च गदाखड्गदंडकोदंडतोमरान् ।
कुंतपाशांकुशास्त्रं च बाणश्चैवायुधंववात् ॥२००॥

भोजनपात्र

सौवर्णं रजतंताम्रं कांस्यं लोहं च खर्परम्।
पत्रं वस्त्रं करौ भूमिः काष्ठपात्रं ववादितः ॥२०१॥

भक्ष्यपदार्थ।

अन्नं च पायसं भक्ष्यं पक्वान्नं च पयोदधि।
चित्रान्नं गुडमध्वाज्यं शर्करा तु ववादितः ॥२०२॥

गन्ध।

कस्तूरी कुंकुमं चैव चंदनं मृत्तिका तथा।
सिन्दूरमगुरुश्चैव कर्पूरश्च ववादित ॥२०३॥

जाति।

देवभूताहिविहगो पशवो मृग एव च।
ब्रह्मक्षत्रियविट्शूद्र मिश्रजातिर्ववादितः ॥२०४॥
पुन्नागजातीवकुलाश्चकेतकीबिल्वस्तथार्कः कमलं च दूर्वा।
मल्लीतथापाटलिकाजपा च ववादि पुष्पाणि च योजयेत्तु ॥२०५॥

भूषण।

नूपुरंकंकणंमुक्ता विद्रुमंमुकुटंमणिम्।
गुञ्जावराटकंनीलंगारुत्मंरुक्मकंववात् ॥२०६॥

कंचुकी।

विचित्रपर्णां शुकभूर्जपत्रका सितातथापाटलनीलवर्णा।
कृष्णाजिनंचर्म च वल्कपांडुराववादिश्चैव तु कंचुकीस्यात् ॥२०७॥

करण में संक्रांति का मुख इत्यादि १७५ से १९६ श्लोक के अर्थ की रीति इस कोष्टचक्र में समझना।

करण	बव	बालव	कौलव	तैतिल	गर	वणिज	विष्टि	शकुनी	चतुष्पद	नाग	किंस्तुघ्न
मुख	पूर्व मुखी	दक्षिण मुखी	पश्चिम मुखी	उत्तर मु०	वायव्य मु०	अग्नेय मु०	ईशान मु०	नैऋत्य मु०	पाताल मु०	ऊर्ध्व मु०	सर्व दि. मु०
दृष्टि	सोम गुरू शनि	अग्नि कोणमें उत्तर	रवि शुक्र बुध	नैऋत्य में	मङ्गल रवि शुक्र	वायव्य में दक्षिण	बुध शनि गुरु	ईशानमें पूर्व	० ०	० ०	० ०
गमन	सोम		भौम	पश्चिम							
स्थिति	बैठी	बैठी	सोती	बैठी	बैठी	सोती	बैठी	सोती	सोती	सोती	खड़ी
फल	मध्यम	मध्यम	महँगा	सस्ता	मध्यम	महँगा	मध्यम	महँगा	सस्ता	सस्ता	महँगा
वाहन	सिंह	व्याघ्र	वाराह	गधा	हाथी	भैंस	घोड़ा	कुत्ता	मेंढा	बैल	मुर्गा
उपवाह	गज	अश्व	बैल	मेंढ़ा	गधा	ऊँट	सिंह	व्याघ्र	भैंसा	व्याघ्र	बानर
फल	भय	भय	पीड़ा	सुभिक्ष	लक्ष्मी	क्लेश	सुख	स्थिर	क्लेश	स्थिर	मृत्यु
वस्त्र	श्वेत	पीला	हरा	पांडुर	लाल	नीला	काला	छींट	कंबल	सफेद	धूम्र
आयुध	भुशुण्डी	गदा	खड्ग	दण्ड	धनुष	तोमर	भाला	पाश	अंकुश	तेगा	बाण
पात्र	सुवर्ण	चांदी	तांबा	कांसा	लोहा	ठीकरा	पत्ता	कपड़ा	कर	भूमि	काष्ट
भक्ष्य	अन्न	पायस	भक्ष्य	पक्वान	दूध	दधि	खिचड़ी	गुड़	मधु	घी	शक्कर
लेपन	कस्तूरी	कुंकुम	चन्दन	मिट्टी	गोरोचन	लालचंद	हल्दी	कागज	सिन्दूर	अगर	कपूर
वर्ण	देव	भूत	सर्प	पशु	मृग	ब्राह्मण	क्षत्री	वैश्य	शूद्र	वर्णशङ्कर	अन्त्य.
पुष्प	पुन्नाग	चमेली	बकुल	केतकी	बेल	मन्दार	कमल	दूब	मल्ली	पाटल	जपा
भूषण	नूपुर	कंकण	मोती	मूङ्गा	मुकुट	मणि	गुंजा	कौड़ी	नीलम	पुन्नाग	सोना
कंचुकी	विचित्र	परोकी	हरी	भोजपत्र	सफेद	गुलाबी	नीली	काली	चर्म	वल्कल	पांडुर
वय	बाला	कुमारी	गताल	युवा	प्रौढा	तेजस्वी	वृद्धा	बंध्या	अतियं	पुत्रार्थी	संन्यासी
अवस्था	पंथा	भोग	रति	हास्य	दु०मु०	ज्वर	भुक्ति	कंपित	मृता	ध्यान	कर्कश

वय।

शिशुःकुमारी च गतालका युवा प्रौढ प्रगल्भाथ ततश्च वृद्धा।
वंध्यातिवंध्या च सुतार्थिनी च प्रव्राजिका चैव फलंशुभं ववात्॥२०८॥

अवस्था।

पंथा च भोगोरतिहास्यदुर्मुखी ज्वरान्विता भुक्ति सुकंपिता मृता।

ध्यानस्थिता कर्कश वृद्धरूपिणी ववाद्यवस्थाः कथितामुनीन्द्रैः२०९

संक्रान्ति के वाहनादि का फल ।

वाहनादिक वस्तूनां संक्रमात्तु विनाशता ।
यत्तस्याभोग्यवस्तुस्यात्तस्यस्यात्तु महद्भयम् ॥ २१० ॥

टीका—जिस जिस वाहनादि पर संक्रान्ति हो उस २ का नाश होता है या जिस जिससे जो भाग्य वस्तु है उसे बड़ा भय होता है ॥ २१० ॥

संक्रांति के मूर्तिभेद और फल ।

संक्रांतौ मूर्तिभेदा हरपवनयमे वारुणे सार्प रौद्रे,
एषां पंचेंदुसंज्ञा गुरु करपितृभे चाग्निदस्र च सौम्ये ।
त्वाष्टे मैत्रे च मूले श्रुतिवसुवपुषा त्रीणिपूर्वाखिरांभे,
ब्रह्मे दित्येद्विदैवेभवतिशरकृतादुत्तरात्रीणिऋक्षम् ॥२११॥
वाणवेदैः समर्घस्यान्मध्यस्थंव्योमरामयोः ।
मूर्तौपञ्च दशे याते दुर्भिक्षं च प्रजायते ॥ २१२ ॥

टीका--स्वाती, भरणी, शतभिषा, श्लेषा, आर्द्रा और ज्येष्ठा नक्षत्र में संक्रान्ति होने से १५ मुहूर्ति होती है, यह दुर्भिक्ष करती है । पुष्य, हस्त, मघा, कृतिका, अश्विनी, मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा मूल, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती, तीनोंपूर्वा में संक्रान्ति होने से ३० मुहूर्ति की होती है, इसका साधारण फल है । रोहिणी, पुनर्वसु, विशाखा, तीनों उत्तरा में संक्रान्ति होने से ४५ मुहूर्ति की होती है यह स्वस्थता देती है ॥ २११ ॥ २१२ ॥

अन्य प्रकार से ।

पूर्वसंक्रान्तिनक्षत्रात्परसंक्रातिऋक्षकम् ।
द्वित्रिसंख्यासमर्घस्याचतुः पञ्चमहर्घता ॥ २१३ ॥

टीका—गत मास की संक्राति जिस नक्षत्र पर लगी हो उससे प्राप्त के नक्षत्र तक गिनकर जो दो या तीन नक्षत्रों का अनन्तर संक्राति हो तो दुर्भिक्ष जानना ॥ २१३ ॥

धान्य विचार ।

संक्रान्ति नाडीनवमिश्रिता च सप्ताहता पावकभाजिता च ।
एकेसमर्घ द्वितये च साम्यं शून्ये महर्घं मुनयो वदंति ॥२१४॥

टीका—संक्रान्ति की घड़ी में नौ और मिलावे फिर सात से गुणा कर तीन से भाग दे यदि १ बचे तो उत्तम जाने । २ बचे तो मध्यम और न बचने से महर्घता जाने ॥ २१४.॥

संक्रान्ति के नक्षत्र का फल ।

संक्रांत्याक्रांतनक्षत्राद्गणयेज्जन्मभावधि ।
त्रिकंषट्कंत्रिकंषट्कंत्रिकंषट्कं पुनः पुनः ।
पंथाभोगोव्यथावस्त्रहानिश्च विपुलंधनम् ॥ २१५ ॥

टीका—संक्रान्ति जिस नक्षत्र में लगे उससे जन्म नक्षत्र तक गिने इस रीति से उसका फल जाने, ३ नक्षत्र तक पंथा, फिर तीन नक्षत्र तक भोग, फिर तीन नक्षत्र तक व्यथा, ऐसे ही ६ नक्षत्र तक वस्त्र, ३ नक्षत्र तक हानि और ६ नक्षत्र तक धन की प्राप्ति जाने ॥ २१५ ॥

जन्मनक्षत्र जन्ममास और जन्मतिथि को संक्रान्ति का फल ।

यस्यजन्मर्क्षमासाद्यांतिथौ संक्रमणं भवेत् ।
तन्मासाभ्यंतरे तस्य वैरं क्लेशो धनक्षयः ॥ २१६ ॥

टीका—जन्मनक्षत्र में संक्रान्ति होने से वैर, जन्म मास में क्लेश और जन्म तिथि में संक्रान्ति होने से धन का नाश जाने ॥ २१६ ॥

संक्रान्ति का स्वरूप ।

षष्टियोजनविस्तीर्णासंक्रान्तिः पुरुषाकृतिः ।
एकवक्त्रानवभुजा लम्बोष्टी दीर्घनासिका ॥
पृष्ठेलोकाभ्रमत्येव गृहीत्वा खर्परंकरे ।
एवं संक्रमणे यस्याः फलं प्रोक्तं मनीषिभिः ॥ २१७ ॥

टीका-संक्रान्ति का शरीर २४० को लंबा है, पुरुषाकार १ मुख, ९ भुजा, लम्बे होठ, बड़ी नासिका है, आगे को देखने और पीछे को चलनेवाली, हाथ में खप्पर लिये भ्रमण करती है, ऐसा संक्रान्ति का रूप मुनियों ने कहा है ॥२१७

चन्द्रमा से संक्रान्ति का वर्ण और फल ।

मेषालिकर्के च तथैवरक्तं चापे च मीने च तुले च पीतम् ।
श्वेतंवृषे स्त्रीमिथुने च चन्द्रे कृष्णो च नक्रेऽथघटे च सिंहे ॥२१८॥

रक्ते फलं भवेद् दुःखं श्वेते चैव सुखं शुभम्।
पीते श्रीस्तुतथाप्रोक्ता श्यामेमृत्युर्नसंशयः ॥ २१९ ॥

टीका— मेष वृश्चिक और कर्क राशि में चन्द्रमा के होने से संक्रान्ति का प्रवेश हो तो उसका लालवर्ण जाने, वह सुखदायक है। धन, मीन और तुला के चन्द्रमा में संक्रान्ति होने से उसका पीला वर्ण जाने, वह लक्ष्मी प्राप्ति करती है। वृष, कन्या, मिथुन के चन्द्रमा में संक्रान्ति होने से उसका श्वेत वर्ण जाने, यह सुख और शुभदायक है। मकर, कुंभ और सिंह के चन्द्रमा में संक्रान्ति होने से उसका काला वर्ण जाने, यह मृत्युदायक है ॥ २१८ ॥ २१९ ॥

राशिगत चन्द्रमा के अनुसार संक्रान्ति का फल।

यादृशेन हिमरश्मिमालिना संक्रमो भवति तिग्मरोचिषा।
तादृशं फलमवाप्नुयान्नरः साध्वसाध्वपिवशेनशीतगोः ॥२२०॥

टीका—जैसे चन्द्रमा नष्ट स्थान वा उत्तम स्थान में होकर शुभाशुभ फल करता है वैसेही नष्ट वा उत्तम स्थान में स्थिति की रवि संक्रान्ति चन्द्रमा के अनुसार फल करती है ॥ २२० ॥

संक्रान्ति का पुण्यकाल।

पूर्वतोपिहिरवेश्वसंक्रमात्पुण्यकालघटिकास्तुषोडश।
अर्धरात्रिसमयादनंतरसंक्रमेपरदिनंहिपुण्यम् ॥ २२१ ॥

टीका—संक्रान्ति का १६ घड़ी पुण्यकाल होता है। जो संक्रान्ति दिन में लगे तो पूर्वरात्रि तक पुण्यकाल उसी दिन जाने और आधीरात के उपरांत संक्रान्ति के लगने से दूसरे दिन पुण्यकाल होता है ॥ २२१ ॥

ग्रहणप्रकरण।

चन्द्रग्रहण।

भानोः पञ्चदशेऋक्षे चन्द्रमा यदि तिष्ठति।
पौर्णमास्यां निशाशेषे चन्द्रग्रहणमादिशेत् ॥ २२२ ॥

टीका—सूर्य के पन्द्रहवें नक्षत्र में जो चन्द्रमा स्थित हो तो पूर्णिमासी की रात्रि के अन्त में और प्रतिपदा की संधि में चन्द्रग्रहण होता है ॥ २२२ ॥

सूर्यग्रहण।

विधूनग्रस्तनक्षत्रात्षोडशं यदि सूर्यभम्।
अमावास्यां दिवाशेषे सूर्यग्रहणमादिशेत् ॥ २२३

टीका—सब महीने में सूर्य और चन्द्रमा अमावस्या को एक राशि में हो जाते हैं, परन्तु अमावस्या के दिन सूर्य का नक्षत्र और दिन का नक्षत्र एक होने से अमावस्या और प्रतिपदा की संधि में सूर्यग्रहण होता है, उस दिन सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र को देखे उसमें से ११ दिन काटकर शेष १६ वां सूर्य नक्षत्र हो तो वही सूर्यग्रहण होना जाने ॥ २२३ ॥

राशि के अनुसार ग्रहण का शुभाशुभ फल ।

त्रिषड्दशायोपगते नराणां शुभप्रदेस्याद्ग्रहणोरवीन्द्वोः ।
द्विसप्तनंतेषु च मध्यमंस्याच्छेपेष्वनिष्टं मुनयो वदन्ति ॥२२४॥

टीका—सूर्य वा चन्द्रग्रहण अपनी जन्मराशि से तीसरी छठीं दसवीं और ग्यारहवीं राशि में होने से शुभ होता है । दूसरी सातवीं और नवीं राशि में होने से मध्यम, शेष पहली चौथी आठवीं पांचवीं और बारहवीं राशि में होने से अनिष्टकारक जाने ॥ २२४ ॥

अन्यमत ।

ग्रासात्तृतीयोष्टमगश्चतुर्थ स्तथाऽयसंस्थः शुभगः स्वराशेः ।
ग्रासाद्रविःपञ्चनवर्त्तमध्य स्ततोधमोक्तश्च बुधैश्च शेषाः ॥२२५॥

टीका— जिस राशि पर सूर्यग्रहण हो उस राशि से अपनी राशि तक गिने यदि ३ । ८ । ४ वा ११ वीं हो तो उत्तम, ५ । ९ । ६ हो तो मध्यम, और १ । २ । ७ । १ । १२ होने से अधम जाने ॥ २२५ ॥

तिथिआदि के गुण ।

तिथिरेकगुणाप्रोक्ता नक्षत्रं च चतुर्गुणम् ।
वारः षष्ठगुणोज्ञेयो मासश्चाष्टगुणः स्मृतः ॥ २२६ ॥
वस्त्रं शतगुणं विद्याद्दर्शनं च ततोधिकम् ॥ २२७ ॥

टीका—तिथि का एक गुण, नक्षत्र के चार गुण, वार के छः गुण, महीने के आठ गुण, और वस्त्र के सौ गुण हैं, परन्तु ऋतु दिन के अच्छा होने से वह अच्छे गुणवाली होती है और ऋतु दिन के बुरे होने से वह दुष्टा होती है ॥ २२६ ॥ २२७ ॥

इति संज्ञा प्रकरणं सम्पूर्णम् ।

मुहूर्त प्रकरण—

श्रीगणेशं रमाकान्तं वन्दे गौरीं हरं रविम् ।
सु मुहूर्त प्रकाशोऽयं रच्यते विदुषांमुदे ॥

हल चलाने के नक्षत्र—

मृदु ध्रुव च्छिप्रचरेषुमूले मघाविशाखा सहितेषु भेषु ।
हल प्रवाहं प्रथमं विदध्यान्नीरोगमुष्कान्वित सौरभेयः ॥१॥

टीका—मृदु, ध्रुव, छिद्र, चर, संज्ञक तथा मूल, मघा, विशाखा नक्षत्र में रोग रहित अडुवा बैल से प्रथम हल चलावै ॥ १ ॥

हल चलाने का चक्र—

रविभतोऽनलभं ह्यशुभं शुभं वसुभकं नवभं ह्यशुभंततः ।
गज हिमांशुमिया शुभदा ततः मुनिवरैः कथिता किल लाङ्गले॥२॥

बीजोप्ति के मुहूर्त—

हस्ताश्विपुष्योत्तररोहिणीषु चित्रानुराधामृगरेवतीषु ।
स्वाती धनिष्ठा सु मघासुमूले बीजोप्तिरुत्कृष्टफलप्रदिष्ठा ॥ ३ ॥

टीका – हस्त, अश्विनी, पुष्य, तीनों उत्तरा, रोहिणी, चित्रा, अनुराधा मृगशिरा, रेवती, स्वाती, धनिष्ठा, मघा, और मूल नक्षत्र में बीज बोनेसे अधिक फल प्राप्त होता है ॥ ३ ॥

बीजोप्ति चक्र—

राहुभाष्टकं यावद् द्वादशं षोडशं तथा ।
विंशान्मितं तथा चान्ते वेदसंख्यात्यजेद् बुधः ॥ ४ ॥

टीका—राहु के नक्षत्र से ८ नक्षत्रतक औ १२ वाँ १६ वाँ २० वाँ नक्षत्र तथा २४ वें से ४ नक्षत्र अन्य संख्या वाले नक्षत्र यदि बीजोप्ति में कहे हुए नक्षत्रों में से मिले तो बीज बोना शुभ है ॥ ४ ॥

धान्यच्छेदन मुहूर्त—

तीक्ष्णाजपाद-कर-वह्नि-वसु-श्रुतीन्दु-
स्वाती मघोत्तरजलान्तक-तत्तपुष्ये ।
मन्दाररिक्तरहिते दिवसेऽतिशस्ता
धान्यच्छिदानिगदिता स्थिरभे विलग्ने ॥ ५ ॥

मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा, श्लेषा, पूर्वाभाद्रपद, हस्त, कृत्तिका, धनिष्ठा, श्रवण, मृगशिरा, स्वाती, मघा तीनों उत्तरा पूर्वाषाढ़ा, भरणी, चित्रा और पुष्य नक्षत्रों में मङ्गलवार और शनिवार न हो तथा रिक्ता तिथि न हो और स्थिर लग्न हो तो धान्यच्छेदन अति शुभदायक होता है ॥ ५ ॥

धान्य मर्दन और सस्यरोपण मुहूर्त—

भाग्यार्यम-श्रुति-मघेन्द्रविधातृ-मूल-
　मैत्रान्त्यभेषु कथितं कणमर्दनं सत् ।
द्वीशाजपान्निर्ऋतिधातृशतार्यमर्क्षे
　सस्यस्य रोपणमिहार्किकुजौ विना सत् ॥ ६ ॥

टीका—पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, श्रवण, मघा, ज्येष्ठा, रोहिणी, मूल अनुराधा और रेवती इन नक्षत्रों में कर्णमर्दन करना शुभ है । विशाखा, पूर्वाभाद्रपद, मूल, रोहिणी, शतभिषा और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रोंमें शनिवार मङ्गलवार को छोड़ अन्य वारमें धान्य रोपन शुभ है ॥ ६ ॥

धान्य की स्थिति और वृद्धि का मुहूर्त—

मिश्रोग्ररौद्रभुजगेन्द्रविभिन्नभेषु
　कर्काजतौलिरहिते च तनौ शुभाहे ।
धान्यस्थितिः शुभकरी गदिता ध्रुवेज्य
　द्वीशेन्द्रदस्रवरभेषु च धान्यवृद्धिः ॥ ७ ॥

टीका—विशाखा, कृत्तिका, तीनों पूर्वा, भरणी, मघा, आर्द्रा, श्लेषा और ज्येष्ठा को छोड़ अन्य कोई नक्षत्र हो मेष, कर्क और तुला को छोड़ अन्य लग्न हो और गुरुवारादि शुभवार हों तो धान्यस्थिति उत्तम है (गाड़खाता, कोठिला में अन्न धरना) शुभ है और तीनों उत्तरा, रोहिणी पुष्य, विशाखा, ज्येष्ठा, अश्विनी, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्रों में सवैया, डेवढ़ों पर लगाना श्रेष्ठ है ॥ ७ ॥

नवान्नभोजन मुहूर्त—

मृगे हस्तेऽशिवभे पुष्ये त्वाष्ट्रेऽन्त्येवायुभेऽदितौ ।
वर्णोवसुभे मैत्रे श्रवेऽन्नप्राशनं शुभम् ॥ ८ ॥

टीका—मृगशिरा अश्विनी पुनर्वसु पुष्य हस्त चित्रा स्वाती अनुराधा श्रवण

धनिष्ठा शतभिष और रेवती नक्षत्रमें प्रत्येक वर्ष श्यामाधान यव प्रथम खाना शुभ है (अग्निमें हवनकर गायको खिलाकर नारायणको भोग लगाकर खाय) ॥८॥

शान्तिक पौष्टिक मुहूर्त—

क्षिप्रध्रुवान्त्यचरमैत्रमघासु शस्तं
स्याच्छान्तिकं च सह पौष्टिकमङ्गलाभ्याम् ।
खेऽर्केविधौ सुखगते तनुगे गुरौ नो
मौढ्यादिदुष्टसमयेशुभदं निमित्ते ॥ ९ ॥

टीका—अश्विनी, हस्त, पुष्य, अभिजित्, तीनों उत्तरा रोहिणी रेवती, स्वाती पुनर्वसु श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अनुराधा, मघा इनमें से कोई भी नक्षत्र हो सूर्य्य लग्न से दशम स्थान में हो, चन्द्रमा चतुर्थ स्थान में हो और गुरु (बृहस्पति) लग्न में हो तो मङ्गल पौष्टिक कर्म (विनायक शान्ति) शुभ होता है। गुरु और शुक्रास्त समय में शान्ति करना उत्तम नहीं है (राहु केतु उत्पातोंके दर्शन होने पर उनकी शान्ति दुष्ट समय में भी शुभ है) ॥ ९ ॥

अग्निवासचक्र—

सैकातिथिर्वार युता कृताप्ता
'शेषेगुणेभ्रे भुविवह्निवासः ।
सौख्याय होमे शशियुग्म' शेषे
प्राणार्थनाशौ दिविभूतलेच ॥ १० ॥

टीका—जिसदिन शान्ति करना हो उस तिथि में एक जोडकर उसदिन के वारकी संख्या को जोड़े, फिर उसमें ४ का भाग देनेसे शेष३ वा शून्य बचे तो भूमिपर अग्निवास हवन करने से सुख होगा । यदि एक शेष बचेतो स्वर्ग में अग्निवास, जानना प्राण नाशक है, और दो बचनेपर पाताल में अग्निवास समझना, पातालमें अग्निके रहने पर हवन करे तो धनका नाश होता है १०

ग्रहके मुख आहुति विचार—

तरणिविद् भृगुभाकरिचन्द्रमा, कजसुरेज्यविधुंतुद केतवः ।
रविभतोदिनभंगणयेत्क्रमात् ,प्रतिखगंत्रितयंत्रितयंन्यसेत्॥ ११ ॥

टीका-सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र पर्यन्त गिने, जितने नक्षत्र हों उनका फल क्रमसे जानना। प्रथम तीन नक्षत्र सूर्य के फल अशुभ, फिर ३ नक्षत्र बुध के फल शुभ, फिर ३ नक्षत्र शुक्र के फल शुभ, फिर ३ नक्षत्र शनिके फल अशुभ, फिर३

नक्षत्र चन्द्रके फल शुभ, फिर तीन नक्षत्र मङ्गल के फल अशुभ, फिर ३ नक्षत्र राहुके फिर ३ केतुके इन दोनों का फल अशुभ है। सूर्यके चौथे नक्षत्र से नववें तक और १३-१४-१८ १९-२०-२१ वें नक्षत्र में हवनकरना शुभ है ॥११॥

नवीन वस्त्रधारण –

धातृभेव करपञ्चके शिवभे त्र्युत्तरेऽउपिच पुनर्वसुद्वये ।
पौष्णांभेच वसुभे महीसुराः । नव्यवस्त्र परिधान मिष्यते १२

टीका–रोहिणी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, अश्विनी, उत्तरा, पुनर्वसु, पुष्य, रेवती और धनिष्ठा, में नवीन वस्त्र धारण करना चाहिये ॥ १२ ॥

मोती सुवर्ण और रक्त वस्त्र धारण ।

नासत्यपौष्णवसुभे करपञ्चके च
मार्तण्ड भौमगुरुमंत्रिशशांकवारे ।
मुक्तासुवर्णमणिविद्रुमदन्तशंख
रक्ताम्बराणि विधृतानि भवन्ति सिध्यै ॥ १३ ॥

टीका–अश्विनी, रेवती, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, और अनुराधा नक्षत्र में तथा मंगल बृहस्पति, शुक्र एवं सोमवार में मोती, सुवर्ण, मणि, मूँगा, हाथीदांत के भूषण, शंख और रक्त वस्त्र को धारण करना श्रेष्ठ है ॥१३॥

विप्राज्ञयातथो द्वाहे राज्ञाप्रीत्यार्पितं तु यत् ।
निन्धेऽपिजिष्णो वारादौ वस्त्रंधार्यं जुगुर्बुधाः ॥ १४ ॥

टीका— ब्राह्मण की आज्ञा से तथा विवाह में प्रसन्नता राजा से मिले वस्त्र को निन्द्य नक्षत्र वारों में धारण करना कहा है ॥ १४ ॥

राज्याभिषेक मुहूर्तः-

मैत्र शाक्र कर पुष्प रोहिणी वैष्णवेषु तिसृषूत्तरासु च ।
रेवती मृगशिरा शिवनीषुच क्ष्माभृता समभिषेक इष्यते १५

टीका–अनुराधा, ज्येष्ठा, हस्त, पुष्य, रोहिणी, श्रवण, तीनों उत्तरा रेवती मृगशिरा, और अश्विनी नक्षत्र में राजतिलक करना चाहिये ॥ १५ ॥

राजदर्शन मुहूर्तः-

सौम्याश्वि तिष्य श्रवण श्रविष्टा हस्त ध्रुवत्वाष्ट्रमपूपभानि ।
मैत्रेणयुक्तानि नरेश्वराणां विलोकने भाति शुभप्रदानि १६

टीका—मृगशिरा, अश्विनी, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, ध्रुव, चित्रा, रेवती और अनुराधा नक्षत्र में राजा का प्रथम दर्शन करना शुभ है ॥ १६ ॥

गाने के आरम्भ का विचार—

हस्त स्तिष्यो वासवं चानुराधा जेष्ठा, पौष्णां वारुणं चोत्तराच ।
पूर्वाचार्यैः कीर्तितश्चन्द्रवतींनृत्यारम्भेशोभनो ऋक्षवर्गः १७

टीका-हस्त, पुष्य, धनिष्ठा, अनुराधा, ज्येष्ठा रेवती, शतभिषा तीनो उत्तरा और शुभ चन्द्रमा हो तो नाचना और गाना आरंभ करना शुभ होता है॥१७॥

क्षौर करम ।

पुष्येपौष्णे चाश्विनीष्वैन्दवे च शाक्रे हस्ताद्ये त्रिकेभेष्वदित्यः ।
क्षौरंकार्यंवैष्णवाद्ये त्रये च मुक्त्वा भौमादित्यमातंगिवारान् १८

टीका—पुष्य, रेवती, अश्विनी, मृगशिरा, ज्येष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा में क्षौर करना चाहिये परन्तु मंगल रवि और शनिवार में उक्त नक्षत्र होने पर भी क्षौर न करावे । रविवार को ब्राह्मण मंगल को क्षत्रिय शनिको शूद्र और करावे तो शुभ है पुत्रवान् भौमवार को क्षौर न करावे ॥ १८ ॥

दंतबंधन ।

येषु येषु प्रशंसन्ति क्षौरकर्म महर्षयः ।
तेषु तेष्वेवशसंति नखदन्तादिलेखनम् ॥ १९ ॥

टीका—दांतों के बाँधने में और नाखून कटाने में उपरोक्त क्षौर कर्म के नक्षत्र कहे हैं ॥ १९ ॥

आज्ञयानरपतेर्द्विजन्मनां दाहकर्म मृतसूतकेषु च ।
बंधमोक्षमखदीक्षणेषु च क्षौरमिष्टमखिलेषुपुष्टिदम् ॥२०॥

टीका—राजा व ब्राह्मण की आज्ञा से दाह क्रिया करने में सूतक के अन्त में यज्ञ की दीक्षा में और बन्धन से मुक्त होने पर क्षौर करना पुष्टिदायक होता है ॥ २० ॥

ताराशुद्धं क्षौरं रविगुरुशुद्धौ व्रतं दीक्षा ।
शुक्रविशुद्धौ यात्रा सर्वं शुद्धं शशांकेन च ॥२१॥

टीका—और कर्म में नक्षत्र की शुद्धि, व्रत के आरम्भ में सूर्य की शुद्धि, दीक्षा लेने में बृहस्पति की शुद्धि लेवे ॥ २१ ॥

भद्रापर्वान्तरिक्ताव्रतदिनवसुभूश्राद्धषष्ठीपुरात्रौ,
संध्यापातारभास्वच्छनिषु घटधनुः कर्ककन्यागतेऽर्के।
जन्मर्क्षे जन्ममासे सुरयजनदिने भूषितो ग्रामयायी,
भक्तोभ्यक्तोभिषिक्तः समदिनरजगः श्मश्रुकार्यं न कुर्यात्२२

टीका–भद्रा, पूर्णिमा, अमावस, चौथ, नवमी चौदस, अष्टमी, परिवा और षष्ठी तिथि में व्रत के दिन, श्राद्ध के दिन, रात्रि के समय, सायंकाल में व्यतीपातादिक दुष्ट योग में, मंगल, रविवार और शनिवार में कुम्भ, धन, और कर्क राशि में स्थित सूर्य के समय जन्म के दिन और जन्म के महीने में देव पूजन व हवन के दिन अलंकारादि धारण करने के दिन भोजन करने के पीछे तेल लगाने और स्नान करने के पीछे मांगलिक अभिषेकादि के दिन स्त्री के रजोदर्शन के दिन और सम दिनों में क्षौर न करावे ॥ २२ ॥

अग्निहोत्रारम्भ–

प्रजापत्ये पूषभे सद्धिदैवे पुष्येज्येष्ठास्वैन्दवे कृत्तिकासु।
अग्न्याधानं चोत्तराणांत्रयेऽपि श्रेष्ठं प्रोक्तंतैर्विप्रमुख्यैः ॥२३

टीका–रोहिणी, रेवती, विशाखा, पुष्य, ज्येष्ठा, मृगशिरा, कृत्तिका और तीनों उत्तराओं में प्रथम अग्निहोत्रका आरम्भ करे ॥ २३ ॥

औषधि ग्रहण मुहूर्त्त।

पौष्णाद्वये चादितिभद्वये च हस्तत्रये च श्रवणत्रये च।
मैत्रेषु मूलेषु मृगे च शस्तं भैषज्यकर्मं प्रवदन्ति सन्तः॥२४॥

टीका—रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अनुराधा, मूल, और मृगशिरा नक्षत्र में औषधि को बनावें और सेवन करे ॥ २४ ॥

रोगोत्पत्ति में शुभाशुभ नक्षत्र।

स्वाती श्लेषारौद्र पूर्वात्रयेषु शाक्रे भौमे सूर्यजे सूर्यवारे।
नन्दारिक्तास्वेवरोगस्यचास्मिमृ त्युञ्जयः शंकरारक्षितोपि ॥ २५ ॥

टीका—स्वाती, श्लेषा आर्द्रा, तीनों पूर्वा और ज्येष्ठा नक्षत्र में। मंगल, शनि एवं रविवार में। नन्दा और रिक्ता तिथि में रोग उत्पन्न होने से रोगी की शिव भी रक्षा नहीं कर सकते अर्थात् वह मरजाता है ॥ २५ ॥

रोग से मुक्त होने के प्रमाण ।

व्याध्युत्पत्तिर्यस्य पौष्णोसमैत्रे प्राणात्राणं जायते तस्य कृच्छ्रात् ।
वस्येसौम्येरोगमुक्तिस्तु मासाद् विंशत्यास्याद् वासराणांमघासु॥२६

टीका–रोग उत्पन्न होने के दिन रेवती वा अनुराधा के होने से रोगी के प्राण कठिनता से बचते हैं, उत्तराषाढा वा मृगशिरा के होने से एक महीने तक और मघा के होने से रोगी बीस दिन तक कष्ट भोगता है ॥ २६ ॥

पक्षाद्धस्तेवासवे सद्विदेवे मूलाश्विन्योरग्निधिष्ण्येनवाहनात् ।
याम्येत्वाष्ट्रे वैष्णवे वारुणे च नैरुज्यंस्यान्नूनमेकादशाहात् ॥२७

टीका–हस्त नक्षत्र के होने से १५ दिन तक, धनिष्ठा, विशाखा, मूल, अश्विनी और कृत्तिका के होने से ९ दिन तक, भरणी, चित्रा, श्रवण और शतभिषा के होने से ११ दिन तक रोगी कष्ट भोगता है ॥ २७ ॥

अहिर्बुध्न्येतिष्यसंज्ञेसभागे प्राजापत्यादित्ययो सप्तरात्रात् ।
रोगान्मुक्तिर्जायते मानवानां निःसंदिग्धं जल्पितं गर्गमुख्यैः॥२८

टीका—गर्ग मुनि कहते हैं कि उत्तराभाद्रपद, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, अभिजित् और पुनर्वसु नक्षत्रों में रोग उत्पन्न होने से रोगी ७ दिन तक निश्चय कष्ट भोगता है ॥ २८ ॥

रोगमुक्तस्नान के नक्षत्र ।

इन्दोर्वारे भार्गवे च ध्रुवे चसार्पादित्यस्वातियुक्तेषु भेषु ।
पित्र्येचांत्येचैवकुर्यात्कदाचिन्नैवस्नानंरोगमुक्तस्य जातेः ॥२९॥

टीका—सोम और शुक्रवारमें, ध्रुवनक्षत्रोंमें, रोहिणी, तीनों उत्तरा, श्लेषा, पुनर्वसु और स्वाती नक्षत्र में रोगी को प्रथमस्नान करना चाहिये । मघा और रेवती नक्षत्र में रोगी को स्नानकराना अशुभ और दुःख दायक होता है ॥२९॥

रोगमुक्तस्नान के लग्न ।

लग्नेचरे सूर्यकुजेज्यवारे रिक्तातिथौ चन्द्रबले च हीने ।
केन्द्रत्रिकोणार्थगते च पापे स्नानं हितं रोगविमुक्तिकानाम् ॥३०

टीका—मेष, कर्क, तुला और मकर लग्न में रवि, मंगल एवं बृहस्पतिवार के दिन, रिक्ता तिथि होने पर, चन्द्रमा के बलहीन होनेसे और त्रिकोणमें पापग्रह के होने पर स्नान कराने से रोग नष्ट हो जाता है ॥ ३० ॥

सर्प दंश विचारः-

यः कृत्तिका मूलमघाविशाखा सर्पान्तकार्द्रा सुभुजङ्गदष्टः ।
सवैनतेयेन सुरक्षितोऽपि प्राप्नोतिमृत्युर्वदनं मनुष्यः ॥३१॥

टीका—कृत्तिका मूल मघा विशाखा श्लेपा रेवती और आर्द्रा नक्षत्र में सर्प के काटने से गरुड़ के रक्षा करने पर भी मनुष्य की मृत्यु होती है ॥३१॥

लता औषधि वृक्षारोपण मुहूर्त—

सावित्रतिष्याश्विनवारुणानि मूलं विशाखा च मृदु ध्रुवाणि ।
लतौषधोपादपरोपणे च शुभानि भानिप्रतिपादितानि ॥३२॥

टीका—हस्त, पुष्य, अश्विनी, शतभिषा, मूल, विशाखा, मृदु और ध्रुव नक्षत्रों में लता, औषधि और वृक्षों को लगाना चाहिये ॥ ३२ ॥

द्रव्यदेना व स्थापित करना ।

साधारणोग्रध्रुवदारुणाख्ये धिष्ण्ये यदत्रद्रविणप्रयुक्तं ।
हस्तेनविन्यस्तवसुप्रनष्टं न लभ्यतेनन्नियतं कदाचित् ॥३३॥

टीका—साधारण उग्र, ध्रुव और दारुण नक्षत्रों में दूसरे को दिया व दूसरे पर स्थापित किया हुआ धन फिर नहीं प्राप्त होता ॥ ३३ ॥

हस्ती लेना या देना ।

हस्तेषु चित्रासु तथाश्विनीषु स्वातौ च पुष्ये च पुर्नवसौ च ।
प्रोक्तानि सर्वाण्यपि कुञ्जराणां कर्माणि गर्गप्रमुखैःशुभानि ॥३४॥

टीका—हस्त, चित्रा, अश्विनी स्वाती, पुष्य और पुनर्वसु नक्षत्र में हाथी का लेनदेन और उसके शृङ्गारादिक के लिये अलंकारादिक का बनवाना गर्गादि मुनियों ने शुभ कहा है ॥ ३४ ॥

घोड़े का लेना या देना ।

पुष्यश्रविष्ठाश्विनिसौम्यमेषु पौष्णानिलादित्यकराह्वयेषु ।
सवारुणार्जेषुबुधैःस्मृतानिसर्वाणि कार्याणि तुरंगमाणाम् ॥३५॥

टीका—पुष्य, धनिष्ठा, अश्विनी, मृगशिरा, स्वाती, रेवती और शतभिषा नक्षत्र में घोड़े को ले और दे एवं उसके शृङ्गार के लिये अलंकारादि को बनवावे ॥ ३५ ॥

गवादि पशुओं के नगर में लाने और भेजने का वर्जित समय ।

चित्रोत्तरावैष्णवरोहिणीषु चतुर्दशी दर्श दिवाष्टमीषु ।
ग्रामप्रवेशं गमनं विदध्याद्धीमान्यशूनां न कदाचिदेव ॥ ३६ ॥

टीका--चित्रा, तीनों उत्तरा, श्रवण और रोहिणी नक्षत्र में एवं चौदस, अमावस, अष्टमी तिथि गौ आदि पशुओं को ग्राम में न लावै और न बाहर ग्रामसे भेजे ॥ ३६ ॥

गवादि पशुओं के क्रय विक्रय में वर्जित नक्षत्र ।

शुक्रवासवकरेषु विशाखा पुष्य वारुण पुनर्वसु भेषु ।
अश्विपूषभयुतेषु विधयो विक्रयक्रयविधिः सुरभीणाम् ॥ ३७ ॥

टीका--ज्येष्ठा, धनिष्ठा हस्त, विशाखा, पुष्य, शतभिषा, पुनर्वसु, अश्विनी और रेवती नक्षत्र में गौआदि पशुओं को न मोल ले और न बेचै ॥ ३७ ॥

दास दासी क्रूर मुहूर्तः-

नरा कारं लिखे चक्रं सेवार्थ भृत्य संग्रहे ।
शीर्षे त्रीरयर्थ लाभः स्यान्मुखे त्रीणि विनाशनम् ॥ ३८ ॥
हृदिपञ्च धनं धान्यं पादेषट्कं दरिद्रता ।
पृष्ठे द्वे प्राणसन्देहो नाभौवेदाः शुभावहम् ॥
गुदे द्वे भयपीडा च दत्तहस्तैकमर्थकम् ।
एकं वामे नाशकरं भृत्य भात्स्वामिभान्तकम् ॥ ३९ ॥

टीका--मनुष्य का स्वरूप बनाकर उसके समस्त स्थानों में २७ नक्षत्र रक्खे और उनका फल इस प्रकार जाने । शिरमें ३ नक्षत्र धन देते हैं, मुखमें ३ नाश करते हैं, हृदय में ५ धन धान्य बढ़ाते हैं, चरणों में ६ दरिद्र करते हैं, दृष्टि में २ मृत्यु देते हैं, नाभिमें ४ शुभ, गुदा में २ भय और पीड़ा देते हैं, बायें हाथ में १ धन देता है । दहिने हाथ में १ नक्षत्र नाश करता है ॥ ३८ ॥ ३९ ॥

दासी चक्रम् ।

दासीचक्रं प्रवक्ष्यामि दासीभास्वामिभान्तकम् ।
शीर्षत्रीणि मुखेत्रीणि स्कंधयोश्च द्वयंस्मृतम् ॥ ४० ॥
हृदये पंचऋक्षाणि नाभौपंच भगैककम् ।
जानुद्वये द्वयं ज्ञेयं पादयोश्च त्रयं त्रयम् ॥ ४१ ॥

शिरः स्थाने भवेल्लाभो मुखे हानिः प्रजायते ।
स्कन्धे च स्वामिनोमृत्यु र्हृदये पुष्टिवर्द्धनम् ॥ ४२ ॥
नाभौ हानिप्रदं प्रोक्तं भगेचैव पलायनम् ।
जानौ सेवां लभेन्नित्य पादयोस्तु धनक्षयः ॥ ४३ ॥

टीका—दासीके जन्म नक्षत्र से स्वामीके जन्म नक्षत्र तक जितने नक्षत्र हों उनको इन भाँतिसे रक्खे और फल जाने। शिरपर ३ नक्षत्र लाभ करते हैं, मुखमें ३ हानि करते, कंधोपर २ स्वामीकी मृत्यु करते, हृदय में ५ पुष्टि देते, नाभिमें ५ हानि करते, भगपर १ पलायन, जानुपर २ सेवा कराते, पैरोंपर ६ नक्षत्र धन नष्ट करते हैं ॥ ४० ॥ ४३ ॥

गवादिक्रयमुहूर्त्तः ।

गोवृषमहिषीचक्रम् ।

शीर्षत्रयं मुखेद्वे च पादेष्वष्टौ विनिर्दिशेत् ।
हृदये पञ्चऋक्षाणि स्तनेष्वष्टौ भगेकक्म् ॥ ४४ ॥

फलम् ।

शिरः स्थाने भवेल्लाभो मुखेहानिः प्रजायते ।
पादयोरर्थलाभःस्याद् हृदये सौख्यवर्द्धनम् ॥ ४५ ॥
स्तनयोस्तु महालाभो गुह्यस्थाने महद्भयम् ।
अर्यमादि गवां ज्ञेयं महिष्यां सूर्यभान्यसेत् ।
इदमेव वृषे ज्ञेयं विशेषः पत्सुषोडश ॥ ४६ ॥

टीका–गौ वा बैल लेना हो तो उत्तराफाल्गुनीसे दिनके नक्षत्र तक गिने. उसमें से माथेपर ३ लाभ करते, मुखमें २ हानि करते पैरोंपर ६ धन देते, हृदयमें ५ सुख देते, स्तनोंमें ६ विशेष लाभ कराते, भगपर १ प्रजाकी वृद्धि करता, गुदापर ४ नक्षत्र भय देते हैं। यदि भैंस लेना हो तो भी इसी रीतिसे शुभाशुभ फल जानना, परन्तु सूर्यनक्षत्र से दिनके नक्षत्र तक गिने। बैलके लेनेमें १६ नक्षत्र पैरोमें धरे और शेष स्थानों में २-२ धरे और गायके समान शुभाशुभ फल जाने ॥ ४४ ॥ ४६ ॥

अश्वक्रयमुहूर्तः।

अश्वे तु सूर्यभाच्चैव साभिजिद्भानि विन्यसेत।
पंचस्कन्धे जन्मभांतं पृष्ठे तु दशकंन्यसेत् ॥४७॥
पुच्छे ज्ञेयं द्वयं पादैश्चतुष्पादे चतुष्टयम्।
उदरे पंचधिष्ण्यानि मुखे द्वे च प्रकीर्तिते ॥ ४८ ॥

फलम्।

सौभाग्यमर्थलाभश्च स्त्रीनाशो रणभंगता।
नाशश्च अर्थलाभश्च फलं प्रोक्तं मनीषिभिः ॥ ४९ ॥

टीका—सूर्यके नक्षत्र से अपने जन्म नक्षत्र तक अभिजित सहित नक्षत्र इस क्रम से रक्खे। कंधेपर ५ नक्षत्र सौभाग्य देते हैं, पीठपर १० धन देते, पूँछ पर २ स्त्रीका नाश करते, पैरों पर ४ रणभङ्ग करते, उदर में ५ नाश करते, मुखपर २ नक्षत्र धन देते हैं, ऐसा फल विद्वानों ने कहा है ॥ ४७ ॥ ४९ ॥

हस्तीक्रयमुहूर्त्तः।

गजाकारं लिखेच्चक्रं जन्मभान्तं च सूर्यभात्।
कर्णौ शीर्षे द्विजे पुच्छे द्वयं सर्वत्र योजयेत् ॥ ५० ॥
शुण्डायां तु द्वयं योज्यं वेदाः पृष्ठोदरे मुखे।
षड्वै चतुर्षु पादेषु साभिजिद्धै न्यसेत्क्रमात् ॥ ५१ ॥

फलम्।

कर्णौ चैव महाँल्लाभो मस्तके लाभ एव च।
दन्तेचैव भवेल्लाभो पुच्छे हानिः प्रजायते ॥ ५२ ॥
शुण्डायां तु शुभं ज्ञेयं पृष्ठे तु सुखसम्पदः।
उदरे रोगसंभूति मुखे तु मध्यमं स्मृतम् ॥
पादयोश्च भवेल्लाभो गजे चैव विनिर्दिशेत् ॥ ५३ ॥

टीका—प्रथम सूर्य नक्षत्र से जन्म नक्षत्र तक नक्षत्रोंके स्थापित करने का क्रम जो लिखा है उससे इसका क्रम भिन्न है। इसमें प्रथम कानों में २ नक्षत्र लाभ देते, मस्तक पर २ नक्षत्र लाभ देते दांतों पर २ लाभ देते, पूँछपर २ नक्षत्र हानि करते, शुण्डापर २ शुभ, पीठपर ४ सुख संपत्ति देते पेटपर ४ रोग करते मुखपर ४ मध्यम, पैरोंपर ६ लाभ देते हैं ॥ ५० ॥ ५३ ॥

शिबिकारोहणमुहूर्त्तः ।

सूर्यभाद्दिनभंयावत्पंचपंचचतुर्दिशि ।
मध्ये तु सप्तदेयानि चक्रं ज्ञेयं सुखावहम् ॥ ५४ ॥

फलम् ।

पूर्वभागे तु चारोग्यं दक्षिणे कष्टकारकम् ।
पश्चिमे कृशता चैव उत्तरे व्याधिसम्भवः ॥ ५५ ॥
मध्यमे च शुभं प्रोक्तमायुर्वृद्धिकरं परम् ।
पालकारोहणंतद्वद्धालकस्य बुधैर्हितम् ॥ ५६ ॥

टीका—सूर्यनक्षत्र से दिनके नक्षत्र तक पालकी वा पालना जिसमें चढ़ना चाहे उसके चारों ओर और बीचमें इस क्रमसे लिखे । पूर्व भागमें ५ निरोगता, दक्षिण में ५ कष्ट, पश्चिम में ५ कृशता, उत्तर में ५ व्याधि नष्ट करते और मध्य में ७ नक्षत्रों का शुभकारक एवं आयुवर्द्धक जाने ॥ ५४ ॥ ५६ ॥

छत्रचक्रम्

त्र्युत्तरा रोहिणी रौद्रं पुष्यश्च शततारका ।
धनिष्ठा श्रवणं चैव शुभानिच्छत्रधारणे ॥ ५७ ॥

फलम् ।

मूले त्रीणि सप्तदण्डे कण्ठे चैव तु पञ्चकम् ।
मध्ये वसुप्रदातव्यः शिखरे वेद एव च ॥ ५८ ॥
मूले च जायतेनाशो दंडे हानिर्धनक्षयः ।
कण्ठे च राजसंमानं मध्ये छत्रपतिर्भवेत् ॥
शिखरे कीर्तिवृद्धिश्च जन्मभात्सूर्यभान्तकम् ॥ ५९ ॥

टीका—तीनों उत्तरा, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, शतभिषा, धनिष्ठा और श्रवण नक्षत्र छत्रधारण करने में शुभ हैं, परन्तु अपने जन्म नक्षत्र से सूर्य नक्षत्र तक लिखने की रीति से प्रथम मूलपर ३ नक्षत्र जीव नाशक, दंडपर ७ धनक्षयकारक, कंठ में ५ राजा से सन्मान करानेवाले मध्य में ८ छत्रपति, शिखर पर ४ कीर्ति वर्धक जाने ॥ ५९ ॥ ५८ ॥

मञ्चकचक्रम् ।

सूर्यभाद् गणयेच्चान्द्रं मञ्चमूले चतुश्चतुः ।
गात्रेऽथित्वेकविन्ध्यासु मध्ये सप्तविनिर्दिशेत् ॥ ६० ॥

फलम् ।

मूले तु सुखसौभाग्यं गात्रे प्रोक्तं भयंमहत् ।
मध्ये सत्पुत्रलाभाय आयुर्वृद्धिकरंपरम् ॥ ६१ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक मचकचक्र में अंक स्थापित करने की विधि यह है कि मुख में १६ सुखदाता, मध्यगात्र पर ४ भयदाता, विन्ध्यापार १ फल दायक, मध्य में ७ पुत्र लाभ और आयुको बढ़ानेवाला जाने ॥६०॥६१॥

शरसहितधनुषचक्रम् ।

सूर्यभाजन्मभान्तं च धनुष्येवं च योजयेत् ।
चापाग्रे बाणसंख्याकरं शराग्रे पञ्चयोजयेत् ॥ ६२ ॥
शरमूले तथा पञ्च पंच संधौ प्रकीर्तयेत् ।
दण्डेचैव च दद्याद्वै धनुश्चक्रमनुत्तमम् ॥ ६३ ॥

फलम् ।

अग्रे हानिः शरेलाभः शरमूले जयस्तथा ।
चापसंधौ तु शौर्यस्याद्दण्डेभंगः प्रजायते ॥ ६४ ॥

टीका—सूर्यनक्षत्र से जन्मनक्षत्र तक धनुषपर अंक स्थापित इस भाँति से करे कि पहिले आगे ५ हानिकारक, शराग्रपर ५ लाभदायक, शरमूलपर ५ जयदाता, संधिपर ५ पराक्रमदाता, बीचके दंडपर ३ राजभंग कारक जाने । इस प्रकार शुभाशुभ फल जान धनुष धारण करे करावे ॥ ६२ ॥ ६४ ॥

रथचक्रम् ।

रथाकारं लिखेच्चक्रं सूर्यभाज्जनिभंन्यसेत् ।
रथाग्रे त्रीणि ऋक्षाणि पञ्चचक्रेषु ततो न्यसेत् ॥ ६५ ॥
ऋक्षत्रयं मध्यदण्डे रथाग्रेभं त्रयं तथा ।
युगे च भं त्रयं ज्ञेयं षड्दृक्षाण्यन्तिमेऽध्वनि ।
शेषमृक्षत्रयं योज्यं चक्रज्ञैः सर्वतोमुखे ॥ ६६ ॥

फलम् ।

शृङ्गे मृत्युर्जयश्चक्रे सिद्धिर्ज्ञेया च दण्डके ।
रथाग्रे दंडश्चध्वानं मध्ये चैव सुखं शुभम् ॥ ६७ ॥
बुधैरेवं फलं ज्ञेयं जन्मभान्तं क्रमेण च ।
गर्गेणोक्तानि चक्राणि विज्ञेयानि सदा बुधैः ॥ ६८ ॥

टीका—रथ के समान चक्र बनाय उसके स्थानों पर सूर्य नक्षत्र से जन्म-नक्षत्र तक इस प्रकार लिखे। पहिले सींगोंपर ३ मृत्यु देवे, पहियोंपर ६ जय देवे, मध्य दंडोंपर ३ सिद्धि देवे, रथके अग्रभाग पर ३ धन देवे, जुआपर ३ राज, भंग करते, अन्त के मार्ग पर ६ नक्षत्रों को सुखदाता जाने ॥ ६५ ॥ ६८ ॥

तैलकारचक्रम् ।

घाणाचक्रं प्रवक्ष्यामि सूर्यभाच्चान्द्रमेव च ॥ ६९ ॥
त्रीणि त्रीणि त्रयं त्रीणि त्रीणि त्रयं तथा ।
त्रीणि त्रीणि तु भान्यत्र योजयेत् घाणके शुभम् ॥ ७० ॥

फलम् ।

हानिरैश्वर्यमारोग्यं विनाशो द्रव्यमेव च ।
स्वामिघातो निर्धनता मृत्युरेव सुखं क्रमात् ॥ ७१ ॥

इक्षुरसनिष्कासन मुहूर्तः ।

वेदद्विनेत्रभूभूतबाणहस्तरसाः क्रमात् ।
प्रथमे च भवेल्लक्ष्मी द्वितीये हानिरेव च ॥ ७२ ॥
तृतीये सर्वलाभश्च चतुर्थे च क्षयस्तथा ।
पंचमे च भवेन्मृत्युः षष्ठस्थाने शुभंस्मृतम् ॥ ७३ ॥
सप्तमे चैव पीडास्यादष्टमेधनधान्यकम् ।
सूर्यभाद् गणयेच्चन्द्रमिक्षयन्त्रे नियोजयेत् ॥ ७४ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक घानी चक्र के ९ भागों का और ऊखों के रस की घानी के ८ भागों का फल नीचे लिखते हैं। इनमें जिस दिन शुभ फल आवे उस दिन पेरे ॥ ६९ ॥ ७४ ॥

तेलकी घानी			ऊखोंके रसकी घानी		
३	प्रथम भाग	हानि	४	प्रथमभाग	लक्ष्मी
३	भाग	ऐश्वर्य	२	भाग	हानी
३	भाग	निरोगता	२	भाग	सर्वलाभ
३	भाग	नाश	१	भाग	जय
३	भाग	द्रव्य	५	भाग	मृत्यु
३	भाग	स्वामिघात	५	भाग	शुभ
३	भाग	निर्धन	२	भाग	पीडा
३	भाग	मृत्यु	६	भाग	धनधान्य
३	भाग	सुख			

नौकाघट्टनजलावरोहणमुहूर्तौ—

पौष्णादितिस्तुरगवारुणमित्र शीतोष्णारश्मिवसुजीवकभान्यमूनि ।
वारेव जीव भृगुनन्दनकौप्रशस्तौ नौकादिसंघटनवाहनमेषुकुर्यात्७५

टीका—रेवती, पुनर्वसु, अश्विनी, ऽश्लेषा, शतभिषा, अनुराधा, चित्रा, मृगशिर, हस्त, धनिष्ठा और पुष्य नक्षत्र में, गुरु एवं शुक्रवार के दिन नौका बनवावे वा जल में डारे ॥ ७५ ॥

रविभुक्तर्क्षमारभ्य कुर्यात् त्रीभ्युदये च षट् ।
नाल्यांत्रीणि हृदित्रीणि पृष्ठेभूः पार्श्वगं त्रयम् ॥७६॥
शुक्काणेत्रीणिषण्मध्ये नौकाचक्रे भ संस्थितिः ।
उपरिस्थं च मध्यस्थं षट् श्रेष्ठं च परं नसत् ॥ ७७ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्र से नक्षत्र लिखने का क्रम यह है कि ऊपर के भाग में ३ नाली २ हृदय पर ३ पीठमें १ पार्श्व में ३ शुक्कण में नौका के बीच में ६ नक्षत्र स्थापित करें, उनमें से ऊपर और मध्यके नक्षत्र शुभ एवं अन्य स्थानों के अशुभ जाने ॥ ७६ ॥ ७७ ॥

लग्नबल ग्रहबल—

त्रिषडायगतः सूर्यश्चन्द्रोद्वित्र्यायगः शुभः ।
कुजार्कौ त्रिषडायस्थो त्रिषट्खेतरगोगुरुः ॥ ७८ ॥
द्विसुतास्ताष्टरिष्फाय रिपुसंस्थो बुधः स्मृतः ।
सुखान्त्यारिविनाऽन्यत्र नौयाने शुभदः सितः ॥७९॥

टीका—नौका में माल भरने वा चलाने की लग्नका ग्रहबल ३।६।११ स्थान में सूर्य, २।३।१ स्थानों में चन्द्रमा, ३।६।११ स्थानों में मङ्गल और शनि, ३।६।१० इन स्थानोंकी छोड़ शेष स्थानोमें गुरु, २।५।७।८।१२।११।६ स्थानों मे बुध, ४।६।१२ स्थानों को छोड शेष स्थान में शुक्र शुभ होता है ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ नौकाया ग्रहसंस्थाविचार—

नाल्यां पापखगः सौम्याः शुक्काशेऽशुभकारकः ।
व्यत्ययात् मृत्युदाः क्रूराःपृष्ठे कूप च भीतिकृत् ॥ ८० ॥
अन्तेवाह्ये स्थितास्ते च ह्यलाभाय स्मृता बुधै. ।
एवं विचार्य दैवज्ञ नौयय नं समयं वदेत् ॥ ८१ ॥

टीका—लग्नकुंडली लिखकर उसमें जो २ ग्रह जिस २ स्थान में पड़े हों उनका वैसा फल जाने । नाली में पापग्रह शुभ, शुकण में शु ग्रह शुभ, यदि ये विपरीत हों तो अशुभ, क्रूर ग्रह पीठपर वा कूप पर होने से भयदायक, यदि यह ग्रह बाहर पावें तो लाभ दायक ज्योतिषियो को बताना चाहिये ॥ ८० ॥ ८१

दीपिकाचक्र—

दीपिकायां मुखे पंच राजसंमानलाभदाः ।
कण्ठे नवधनप्राप्तिर्मध्येऽष्टौ स्वामिमृत्युदः ।
दण्डे पंचभवेद्राज्यमग्निऋक्षाच्च दीपिकाम ॥ ८२ ॥

टीका—कृत्तिका नक्षत्र से दिनके नक्षत्र तक इस क्रमसे लिखे, मुख पर ५ लाभदायक और राजासे सन्मान दिलाने वाले कण्ठपर ९ धन देनवाले, मध्य में ८ स्वामी की मृत्युकरन वाले, दंडपर ५ राज्य दिलानेवाले नक्षत्र जान ८२

कूपचक्र—


कूपवाप्योस्तु चक्रं वै विज्ञेयं विबुधैः शुभम् ।
धातृभात् दिनभंयावत् त्रित्रिऋक्षाणियोजयेत् ॥८३॥
मध्यपूर्वे तथाग्नेये याम्ये चैव तु नैर्ऋते ।
पश्चिमे चैव वायव्यां सौम्ये शूलिदिशि क्रमात् ॥८४॥

फल—

शीघ्रं जलं न जलं मध्यमजलमजलं बहुजलम् ।
अमृतजलं बहुक्षारं सजलं मध्यजलं क्रमाज्ज्ञेयम् ॥ ८५ ॥

मत्स्यकुलीरे मकरे बहुजलं तथैवचाथ वृषकुम्भयोश्च ।
अलौ च तौलौ च जलाऽल्पनामता शेषाश्च सर्वे जलदाप्रकीर्तिताः ॥

टीका–नवीन कूआँ वा बावली खुदाना हो तो रोहिणी नक्षत्र से वर्तमान दिनके नक्षत्रतक कि संख्या जोड़कर इस प्रकार से स्थापन करे । मध्यमें ३, पूर्वमे ३, आग्नेयमे ३, दक्षिणमें ३ नैऋत्यमे ३, पश्चिममे ३, वायव्यमे ३, उत्तरमें ईशान्य मे ३, उसका फल इस प्रकार से होता है । शीघ्रजल, अजल, मध्यमजल । अजल, बहुजल, अमृतजल, एवं खारापानी सजल, मध्यजल, मीन, कर्क और मकर राशिके चन्द्रमामें खुदानेसे बहुत जल निकले । वृष कुम्भ के चन्द्रमामें थोड़ा जल, अन्यराशियोंके चन्द्रमामें खोदनेसे जल नहीं निकले ॥८५ ८६ ॥



कुआँ खोदनेका नक्षत्र–

हस्तात तिरो वासवं वारुणां च चान्द्रं पित्रं त्रीणि चैवोत्तराणि ।
ब्राह्मं तोयं चापि नाक्षत्रमाहुः कूपारम्भे श्रेष्ठमाद्यामुनीन्द्राः ८७

टीका—हस्त, चित्रा स्वाती धनिष्ठा शतभिषा मृगशिरा मघा तीनो उत्तरा रोहिणी पूर्वाषाढ़ नक्षत्रमें मुनीश्वरों ने कुआँ बनवाने का मुहूर्त कहा है ॥८७॥

वाटिकारंभमुहूर्त—

गोसिंहालिगतेषु चान्तरगतेभानौ बुधादित्रये ।
चन्द्रार्केयशुभावुधैरभिहिनाऽऽरामप्रतिष्ठा क्रिया ॥
आश्लेषाभरणीद्वयं शतभिषक्त्यक्त्वा विशाखां कुहू ।
रिक्ता चैव तु अष्टमीं परिहरेत्षष्ठीमपि द्वादशीम् ॥८८॥

टीका—उत्तरायणमें वृष, सिंह वा वृश्चिक राशिगत सूर्य के होने पर, बुध गुरु, शुक्र, चन्द्र एवं शनिवार में ऽऽश्लेषा, भरणी, कृत्तिका, शतभिषा, विशाखा इन नक्षत्रों में अमावास्या, रिक्ता, अष्टमी, षष्ठी, और द्वादशी तिथियों को छोड़ कर अन्य तिथियों में बगीचा लगाना शुभ होता है ॥ ८८ ॥

मुद्रापातनमुहूर्त—

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु भेषु योगेप्रशस्ते शनिचन्द्रवर्ज्ये ।
वारे तथा पूर्ण जलाह्वयेच मुद्राप्रशस्ता शुभदा हि राज्ञाम् ८९

टीका—मृदु, ध्रुव, क्षिप्र, चर नक्षत्रों में शुभ योग में शनि और सोमवारको त्याग कर अन्य वारों में, पूर्णचन्द्र के होने पर शिक्का ढालना शुभ कहा है ८९

दीक्षाग्रहण विचार ।

माघ फाल्गुनिक मार्ग माधवे कार्तिकाश्व गुजमासि दीक्षयेत् ।
सादिती तु लघुरेवतीध्रुवे पितृ मित्रहरि मूलभानिले ॥
कृष्णवार तिथि मूचिरे ऽकुजेशुक्ल पक्षाथवा निजेतिथौ ।
केन्द्रकोण धनविक्रमे शुभे शत्रु लाभ सहजे खले ग्रहे ॥
शाक्त शैववैष्णवोद्धि स्वभावे मन्त्रो ग्राह्यः स्याच्चरेच स्थिरेच ।
मासेग्राह्यः सर्वदा संक्रमेवा देवी पीठे वा प्रयागेपि का श्याम् ॥९०॥

टीका—माघ, फाल्गुन, अगहन, वैशाख, कार्तिक आश्विन, मासमें पुनर्वसु लघुरेवती ध्रुव मघा अनुराधा श्रवण मूल स्वाती इन १५ नक्षत्रों में कृष्ण शुक्ल दोनों पक्षमें सम्पूर्ण तिथि मङ्गल के अतिरिक्त सब वारोंमें अथवा अपनी अपनी तिथियों में दुर्गा की नवमी शिवकी अष्टमी चतुर्दशी, विष्णु की एकादशी, द्वादशी इत्यादि में दीक्षा ग्रहण (गुरुमुख) हो श्रावणमासमें तथा किसीके मतसे आषाढ़

मास में भी दीक्षा ग्रहण करना लिखा है शाक्त द्विस्वभाव लग्नमें शैवचर लग्न में, वैष्णव स्थिर लग्नमें, दीक्षाग्रहण करे सूर्य, चन्द्र ग्रहणमें संक्रान्ति के पुण्य कालमें सिद्ध पीठपर, प्रयाग काशी आदि तीर्थों में गया यात्रा के समय गुरु की आज्ञा से शुभ मासादि शुभ मुहूर्त न प्राप्त होने पर भी दीक्षा ग्रहण करे ॥ ६० ॥

जातक प्रकरण—जन्मकाल में गंडात का शुभाशुभ फल—

अश्विनी पित्र्य मूलानां पूर्वार्द्धे बाध्यते पिता ।
पूषाहिशक्र पश्चार्द्धे जननीं बाध्यते शिशोः ॥ ६१ ॥
सर्वेषां गंडजातानां परित्यागो विधीयते ।
वर्जयेद्दर्शनं तस्य तत्र पाणमासिकं भवेत् ॥ ६२ ॥

टीका—अश्विनी, मघा मूल नक्षत्र के पूर्वार्द्ध में जन्म होने से पिता को अशुभ जाने और रेवती, श्लेषा एवं ज्येष्ठा के उत्तरार्द्ध में जन्म होने से माता को अशुभ जाने । गंडान्त में जन्म होने वाले बालक को त्याग देना उचित है अर्थात् छः महीने तक उसका मुख न देखे ॥ ६१ ॥ ९२ ॥

कृष्णचतुर्दशी का जन्म फल—

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां प्रसूतेः षड्विधंफलम् ।
चतुर्दश्याश्च षड्भागान् कुर्यादादौ शुभं स्मृतम् ॥ ६३ ॥
द्वितीये पितरं हन्ति तृतीये मातरं तथा ।
चतुर्थे मातुलं हन्ति पंचमे वंशनाशनम् ॥
षष्ठे च धनहानिः स्यादात्मनो वंशनाशनम् ॥ ६४ ॥

टीका—जो बालक कृष्णपक्ष की चौदस को जन्म ले तो चौदस की साठ घड़ी को छः भागों में दस घड़ी के भाग अनुसार बाँटकर इस प्रकार से फल देखे कि प्रथम भाग में जन्म लेने से बालक के लिये शुभ जाने । दूसरे भाग में जन्म लेने से पिता की मृत्यु हो । तृतीय भाग में जन्म लेने से माता को दुःख । चौथे भाग में जन्म लेनेसे मामा को दुःख । पाँचवें भाग में जन्म लेने से वंश का नाश और छठें भाग में जन्म लेने से वंश धन दोनों का नाश करने वाला बालक होता है ॥ ९३ ॥ ६४ ॥

अमावास्या के जन्म का फल—

सिनीवाल्यां प्रसूताश्च दासी भार्या पशुस्तथा ।

गजोऽश्वोमहिषाचैव शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥ ९५ ॥
कुहू प्रसूति रत्यथ सर्वदोषकरीस्मृता ।
यस्यप्रसूतिरेतेषां तस्य युर्धननाशनम् ॥ ९६ ॥
सर्वगंडसमस्तत्र दोषस्तु प्रबलोभवेत् ॥ ९७ ॥

टीका—चतुर्दशी युक्त अमावस्या तिथि में दासी, स्त्री, गौ, हथनी, घोड़ी और भैंस के प्रसूति होने से इन्द्र के समान मालिक होने पर भी निर्धन हो जाता है। केवल अमावस्या में प्रसूति होने में बहुत दोष होते हैं। जिसमें धन और आयु का नाश होता है। पूर्णगंडान्त में प्रसूति होने से बहुत दोष जानना चाहिये ॥ ९५ ॥ ९७ ॥

दिनक्षयादिक में जन्म का फल—

दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ ।
शूले गण्डेऽतिगंडे च परिघे यमघंटके ॥ ९८ ॥
कालदंडे मृत्युयोगे दग्धयोगे सदारुणम् ।
तस्मिन्गंडदिनेप्राप्ते प्रसूतिर्यदिजायते ॥ ९९ ॥
अतिदोपकरीप्रोक्ता तत्र पापयुतासती ॥१००॥

टीका—क्षयदिन, व्यतीपात, व्याघात, भद्रा, वैधृति, शूल, गंड, अतिगंड, परिघ योग का प्रथमार्द्ध, यमघंट, कालदंड, मृत्युयोग, दग्धयोग और दारुणयोग में जन्म होने से अति अशुभ जाने ॥ ९८ ॥ १०० ॥

ज्येष्ठा नक्षत्र के जन्म का फल—

ज्येष्ठादौ जनने माता द्वितीये जनने पिता ।
तृतीये जनने भ्राता स्वयं माता चतुर्थके ॥१०१॥
आत्मानं पंचमेहन्ति षष्ठे गोत्रक्षयोभवेत् ।
सप्तमे चोभयकुलं ज्येष्ठभ्रातरमष्टमे ॥
नवमे श्वसुरं चैव सर्वं हन्ति दशांशके ॥१०२॥

टीका—ज्येष्ठा नक्षत्र में सन्तान उत्पन्न होने से ६–६ घड़ी में ज्येष्ठा नक्षत्र की साठ घड़ियों को दस भागों में बाँट दे और उनका फल इस भाँति जाने। प्रथम भाग में बालक उत्पन्न हो तो नानी को अशुभ, दूसरे भाग में नाना को अशुभ, तीसरे भाग में मामा को अशुभ, चौथे में माता को अशुभ, पाँचवें में उत्पन्न

होने वाले बालकको अशुभ, छठेंमें कुटुम्ब को अशुभ, सातवें, में दोनों कुलों को अशुभ, आठवें में बड़े भाई को अशुभ, नवें में श्वसुर को अशुभ, और दशवें में बालक उत्पन्न हो तो सर्वस्व का नाश करनेवाला होता है ॥ १०१ ॥ १०२ ॥

मूल नक्षत्र के जन्म का फल—

मूल स्तंभं त्वक् च शाखा पत्रं पुष्पं फलं शिखा।
वेदाश्च मुनयश्चैव दिशश्च वसवस्तथा ॥ १०३ ॥
नन्दाबाण रसारुद्रा मूलभेदाः प्रकीर्तिताः।
मूले मूलविनाशाय स्तंभे हानिर्धनक्षयः ॥ १०४ ॥
त्वचि भ्रातृविनाशाय शाखा मातुर्विनाशकृत्।
पत्रे सपरिवारः स्यात्पुष्पेषु नृपवल्लभः ॥ १०५ ॥
फलेषु लभतेराज्यं शाखायामल्पजीवितम् ॥ १०६ ॥

टीका—मूल नक्षत्र को मूल वृक्ष मानकर उसमें शुभाशुभ फल को देखे। मूल नक्षत्र का भ्रम या साठ घड़ी है, जिसमें पहली चार घड़ी को वृक्ष का मूल जाने। इसमे जन्म लेने से नाश होता है। पाँच घड़ी से ११ घड़ी तक वृक्ष का स्तभ, इसमें बालक का जन्म होने से हानि होती है और धन का भी नाश होता है। बारह घड़ी से ईकीस घड़ी तक मूल वृक्ष की त्वचा जानें. इसमें जन्म होने से भाई का नाश होता है। बाइस घड़ी से लेकर उन्तीस घड़ी तक शाखा जाने, इसमें जन्म लेने से माता का नाश होता है। तीस घड़ी से लेकर अड़तीस घड़ी तक पत्ते जाने, इसमें जन्म लेने से बालक के कुटुम्ब को अशुभ होता है। उन्तालिस से तेंतालीस घड़ी तक मूल वृक्ष के पुष्प जाने, इसमें जन्म लेने वाला बालक राजा को प्यारा लगता है। चौवालिस घड़ी से लेकर उन्चास घड़ी तक फल जानें, इसमें जन्म लेने वाला बालक राजा होता है। पचास से लेकर साठ घड़ी तक मूल वृक्ष की शिखा जाने, इसमें जन्म लेने से बालक अल्पायु होता है ॥ १०३ ॥ १०६ ॥

जन्मकाल में मूल नक्षत्र के वासस्थान जानने का लग्न—

वृषालिसिंहेषु घटे च मूलं दिविस्थितं युग्मतुलाङ्गनान्त्ये।
पातालगं मेष धनुः कुलीरनक्रेषु मर्त्येष्विति संस्मरन्ति ॥१०७॥

टीका—वृष, सिंह, कुम्भ, वृश्चिक लग्न में जन्म होने से मूल नक्षत्र का वास स्वर्ग में जाने, वह राज्य प्राप्त करता है। मिथुन, तुला, कन्या और मीन लग्नमें

मूल नक्षत्र का वास पाताल में जाने, वह धन प्राप्त करता है। मेष, धन, कर्क और मकर लग्न में मूल नक्षत्र का वास मृत्यु लोक में जाने, वह कुटुम्ब का नाश करता है ॥ १०७ ॥

आश्लेषा नक्षत्र का नराकारचक्र—

मूर्द्धास्यनेत्रगलकांसयुगं च बाहु हृज्जानु गुह्यपद मित्यहिदेहभागः । बाणाद्रिनेत्रहुतभुक् श्रुतिनागरुद्र षण्नन्दपंचशिरसः क्रमशस्तु नाड्य ॥ १० ॥ राज्यं पितृत्तयो मातृनाशः कामक्रियारतिः पितृभक्तो बली स्वप्नस्त्यागी भोगी धनी क्रमात् ॥ १०९ ॥

टीका—श्लेषा नक्षत्र की साठ घड़ियों को नाशकारचक्र में स्थापन करो। पहिली छः घड़ियों को मस्तक जाने इसका फल राज्य की प्राप्ति जाने। सात घड़ी से तेरह घड़ी तक नराकार का मुख जाने, यह पिता का नाश करती है। चौदह घड़ी से पन्द्रह घड़ी तक ग्रीवा, यह परस्त्री में रत करती है। उन्तीस घड़ी से बाइस घड़ी तक दोनों कन्धे, यह पिता की भक्ति करती है। तेइस घड़ी से तीस घड़ी तक दोनों भुजा, यह सन्तान को बलवान करती है। इकतीस घड़ी से इकतालीस घड़ी तक हृदय, यह आत्मघात करती है। बयालीस से तैंतालीस घड़ी तक दोनों जानु, यह सन्तान को त्यागी बनाती है। अड़तालीस घड़ी से छप्पन घड़ी तक गुदा यह भोगी बनाती है। सत्तावन घड़ी से साठ घड़ी तक दोनों पाँव जाने, यह धनवान करती है ॥ १०८ ॥१०९॥

दत्तक पुत्रलेनेका मुहूर्त—

हस्तादि पञ्चवसुपुष्य च वस्त्र भेषु
सूर्ये च क्ष्माजगुरु भार्गव वासरेषु ।
रिक्ताविवर्जित तिथौत्वलिकुम्भलग्ने
सिंहे वृषे भवति दत्तपरिग्रहोऽयम् ॥११०॥

टीका—हस्त चित्रा स्वाती विशाखा अनुराधा धनिष्ठा पुष्य अश्विनी नक्षत्रोंमें और रवि मंगल गु? शुक्र वारोंमें, रिक्तातिथि को छोड़ अन्य तिथियों में वृश्चिक कुम्भ सिंह वृषलग्नोंमें दत्तक पुत्र (गोद) लेय ॥ ११० ॥

नक्षत्र प्रकरण समाप्तम्

अथ संस्कार प्रकरणम्--

श्रीगणेशौ रमाकान्तं वन्दे गौरीं हरं रविम् ।
सुसंस्कार प्रकाशोऽयंरच्यते विदुषां मुदे ॥
आद्यं रजः शुभं माघमार्गराधेषफाल्गुने ।
ज्येष्ठश्रावणयोः शुक्ले सद्वारे सत्तनौ दिवा ॥ १ ॥

टीका—माघ, अगहन, वैशाख, आश्विन, फाल्गुन, ज्येष्ठ, और श्रावण मास, शुक्ल पक्ष बुध, बृहस्पति और सोमवार तथा शुभग्रह स्वामी वाले लग्न व दिन में स्त्री का प्रथम रजोदर्शन शुभप्रद है ॥ १ ॥

प्रथम रजोदर्शन में शुभाशुभ नक्षत्र—

श्रुतित्रयमृदुक्षिप्रध्रुवस्वातौ सिताम्बरे ।
मध्यं च मूलादितिभे पितृमिश्रे परेष्वसत् ॥ २ ॥

टीका—श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, मृगशिरा अनुराधा, चित्रा रेवती, पुष्य, हस्त, अश्विनी, अभिजत् तीनों उत्तरा, रोहिणी और स्वाती नक्षत्र में तथा उज्वल वस्त्र के प्रथम रजोदर्शन श्रेष्ठ है । मूल, पुनर्वसु, मघा कृत्तिका और विसाखा नक्षत्र में मध्यम तथा शेष (भ ज्ये आर्द्रा श्ले तीनों पूर्वा) नक्षत्रों में अशुभ है ॥ २ ॥

रजोकाल में निषेध समय ।

भद्रा निद्रा सङ्क्रमे दर्शरिक्ता सन्ध्या षष्ठीद्वादशीवैधृतेषु ।
रोगेऽष्टम्यां चन्द्रसूर्योपरागे पाते चाद्यं नो रजोदर्शनं सत् ३

टीका-भद्रा में निद्रित अवस्था संक्रान्ति में अमावस्या को, रिक्ता तिथियों में सन्ध्या समय षष्ठी, द्वादशी वैधृति योग रोगी हालत अष्टमी तथा चन्द्र और सूर्य्य ग्रहण में और व्यतीपात योग में प्रथम रजोदर्शन अशुभ है ॥ ३ ॥

प्रथम रजस्वला होने पर स्नान का मुहूर्त—

हस्तानिलाश्विमृगमैत्रवसुध्रुवाख्यैः
शक्रान्वितैःशुभतिथौ शुभवासरे च ।
स्नायादथार्तववती मृगपौष्णवायु-
हस्ताश्विधातृभिररं लभते च गर्भम् ॥ ४ ॥

हस्त, स्वाती, अश्विनी, मृगशिरा, अनुराधा, धनिष्ठा, तीनों, उत्तरा, रोहणी और ज्येष्ठा नक्षत्र तथा शुभतिथि और शुभ वारों में रजस्वला स्त्री को स्नान करना चाहिये। मृगशिरा, रेवती, स्वाती, हस्त, अश्विनी और रोहिणी नक्षत्र में यदि रजस्वला स्त्री स्नान करे तो शीघ्र गर्भ धारण होता है ॥ ४ ॥

गर्भाधान में त्याज्य मुहूर्त—

गण्डान्तं त्रिविधं त्यजेन्निधनजन्मर्क्षे च मूलांतकं
दास्रं पौष्णमघोपरागदिवसान् पातं तथा वैधृतिम्।
पित्रोः श्राद्धदिनं दिवा च परिवाद्ध्य स्वपत्नीगमे
भान्युत्पातहतानि मृत्युभवनं जन्मर्क्षतः पापभम् ॥ ५ ॥

टीका—जन्म तिथि जन्मनक्षत्र, जन्म लग्न, गण्डान्तक निधनतारा, मूल भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा और ग्रहणसे सात दिनों तक, व्यतीपात, वैधृती तथा माता पिताके श्राद्ध के दिन में और दिन में परिघार्धमें स्त्री गमन नहीं करना चाहिये। उत्पात से दूषित नक्षत्रों में तथा जन्म नक्षत्र और जन्म राशि से आठवें स्थान में पापग्रह हों तो भी स्त्री गमन नहीं करना चाहिये ॥ ५ ॥

भद्रा षष्ठी पर्वरिक्ताश्च सन्ध्या भौमार्कार्कीनाद्यरात्रिश्चतस्रः।
गर्भाधानं त्र्युत्तरेंद्वर्कमैत्रब्रह्मस्वातीविष्णुवस्वंबुपे सत् ॥ ६ ॥

टीका—भद्रा, षष्ठी, अमावस्या, चौथ, नौमी, चतुर्दशी सायंकाल, मङ्गल रवि, और शनिवार तथा रजोदर्शन से चार रात गर्भाधान में त्याग देना चाहिये तीनों उत्तरा, मृगशिरा, हस्त, अनुराधा, रोहिणी, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्र में गर्भाधान शुभ कहा गया है ॥ ६ ॥

गर्भाधान में लग्न शुद्धि—

केंद्रत्रिकोणेषुशुभश्च पापै-
स्त्र्यायारिगैः पुम्ग्रहदृष्टलग्ने।
ओजांशगेऽब्जेपि च युग्मरात्रौ
चित्रादितीज्याश्विषु मध्यमं स्यात् ॥ ७ ॥

टीका—लग्न चतुर्थ, सप्तम, दशम, और नवम, पंचम स्थान में शुभग्रह हों, पापाग्रह तीसरे, छठे, एकादश स्थान में हों रवि, मङ्गल और गुरु लग्नको देखते हों चन्द्रमा विषम राशिके नवांश में हो, सम रात्रि हो तब गर्भाधान श्रेष्ठ है और चित्रा पुनर्वसु पुष्य तथा अश्विनी नक्षत्र में गर्भाधान मध्यम है ॥ ७ ॥

सीमंत (अठमासा) का मुहूर्त—

जीवार्कारदिने मृगेज्यनिर्ऋतिश्रोत्रादितिव्रध्नभे
रिक्तामार्करसाष्टवर्ज्यतिथिभिर्मासाधिपे पीवरे ।
सीमन्तोऽष्टमषष्ठमासि शुभदैः केन्द्रत्रिकोणे खल-
र्लाभारित्रिषु वा ध्रुवत्यिसदहे लग्ने च पुंभांशके ॥ ८

टीका—गुरु रवि और मङ्गलवार, मृगशिरा पुष्य, मूल, श्रवण पुनर्वसु और हस्त नक्षत्र तथा चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, अमावास्या, द्वादशी षष्ठी और अष्टमी तिथियों को छोड़ अन्य तिथियों में और मासाधिप पुष्ट हो तब आठवें और छठें महीने में और शुभग्रह केन्द्र, त्रिकोण में हों पापग्रह तीसरे छठें-ग्यारहे हों तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती, शुभग्रहों के दिन और पुरुष ग्रह का लग्न अथवा नवमांस हो तो सीमन्त कर्म करना उत्तम है ॥ ८ ॥

महीनों के स्वामी और स्त्रियों का चन्द्रबल—

मासेश्वराः सितकुजेज्यरविन्दुसौरि
चन्द्रात्मजास्तनुपचन्द्रदिवाकराः स्युः ।
स्त्रीणां विधोर्बलमुशन्ति विवाहगर्भ
संस्कारयोरितरकर्मसु भर्तुरेव ॥ ९ ॥

टीका—गर्भाधान में प्रथम शुक्र. २ मङ्गल, ३ बृहस्पति, ४ रवि, ५ चन्द्र, ६ शनि, ७ बुध, ८ लग्न के ९ स्वामी १० चन्द्र और सूर्य दशों महीनेके स्वामी होते हैं । विवाह और गर्भ संस्कार में स्त्रियों वा चन्द्र बल अन्य कर्मों में भर्ता का चन्द्रबल होना चाहिये ॥ ९ ॥

पुंसवन (विष्णुपूजा) कर्म का मुहूर्त—

पूर्वोदितैः पुंसवनं विधेयं मासे तृतीये त्वथविष्णुपूजा ।
मासेऽष्टमे विष्णुविधातृजीवैर्लग्ने शुभे मृत्युगृहे च शुद्धे ॥ १०

टीका—सीमन्त में कथित मासादिकों में पुन्सवन कर्म करना चाहिए । तृतीय मास में श्रवण रोहिणी और पुष्य नक्षत्र और शुभ लग्न में अथवा शुभग्रहों की दृष्टि पर लग्न में और आठवें स्थान में कोई ग्रह न हो तो विष्णुपूजा करना उत्तम है ॥ १० ॥

जातकर्म नामकर्ममुहूर्त—

तज्जातकर्मादि शिशोर्विधेयं पर्वाख्यरिक्तोनतिथौ शुभेऽह्नि
एकादशे द्वादशकेऽपि घस्रे मृदुध्रुवक्षिप्रचरोडुषु स्यात् ११

टीका—रिक्ता तिथियोंको छोड़ अन्य तिथियों में, मृदु, ध्रुव, क्षिप्र, चर नक्षत्रों में और ग्यारहवें तथा बारहवें दिन में जातकर्म नाम कर्म करना उत्तम है ॥ ११ ॥

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त—

पौष्णध्रुवेन्दुकरवातहयेषु सूती
स्नानंसमित्रभखीज्यकुजेषु शस्तम् ।
नार्द्रात्रयश्रुतिमघान्तकमिश्रमूल
त्वाष्ट्रेज्ञसौरिवसुषड्विरिक्ततिथ्याम् ॥१२॥

टीका-रेवती तीनोंउत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, स्वाती अश्विनी और अनुराधा नक्षत्रों में तथा रवि गुरु और मङ्गल वारों में प्रसूती स्त्रीको स्नान करना उत्तम है । आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, मघा, भरणी विशाखा कृत्तिका और मूल चित्रा नक्षत्रों में बुध, शनि और अष्टमी, षष्ठी, दशमी चतुर्थी नवमी और चतुर्दशी तिथियों में प्रसूती स्त्री को स्नान करना अशुभ है॥ १२ ॥

जातकर्म—

जातपुत्रे पिताकुर्यान्नान्दीश्राद्धं विधानतः ।
जातकर्म ततः कुर्यादन्यैरालम्भनात्पुरा ॥ १३ ॥

टीका—पुत्रके उत्पन्न होने पर पिता तत्काल विधिपूर्वक नान्दी मुख श्राद्ध करे, पीछे अन्य जाति से पुत्र का स्पर्श न हो, इसी समय में ही जातकर्म को करना चाहिये ॥ १३ ॥

नामकरण—

पुष्यार्कत्रयमैत्रभे तु मृगभे ज्येष्ठाधनिष्ठोत्तरा-
दित्याख्येषु च नामकर्मशुभदं योगे प्रशस्ते तिथौ ।
अह्नि द्वादशके तथान्यदिवसे शस्ते तथैकादशे
गोसिंहालिघटे च अर्कबुधयोर्जीवे शशांकेऽपि च ॥१४॥

टीका—पुष्य हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मृगशिरा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा तीनों उत्तरा और पुनर्वसु नक्षत्र में एवं जन्म के दिन से ११ वें वा १२ वे वा (आचार्य भेद से १६-२०-२२ वा १०० वें दिन। सिंह, और वृश्चिक कुम्भ लग्न में तथा रवि, गुरु, बुध वा चन्द्रवार में, (रिक्तादि तिथि और दुष्टयोग को छोड़कर) शुभ दिन में नामकरण संस्कार को करै ॥ १४ ॥

मंचकारोहण ।

शशि तुरग धनिष्ठा रेवती पुष्य चित्रा
शतभिषगनुराधा त्र्युत्तरा स्वाति हस्ताः ।
बुधगुरुभृगुवारे सौम्यलग्नेर्भकस्य
निगदित मिह पूर्वै र्मञ्चकारोहणं तु ॥ १५ ॥

टीका—मृगशिरा, अश्विनी, धनिष्ठा, रेवती, पुष्य, चित्रा, शतभिषा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, स्वाती और हस्त नक्षत्र में, बुध. शुक्र और गुरुवार में, शुभ लग्नमें, बालक को पलंग पर शयन करावै ॥ १५ ॥

बालक का दोला (झूला) में चढ़ाने का मुहूर्त—

दोलारोहेऽर्कभात्पञ्चे शरपञ्चषु सप्तभैः ।
नैरुज्यं मरणं कार्श्यं व्याधिःसौख्यं क्रमाच्छिशोः ॥ १६ ॥

टीका—सूर्य के नक्षत्र से पाच नक्षत्रों में बालक को झूला (पालना) में बैठावे तो बालक आरोग्य रहे इससे आगे के पांच नक्षत्रों में बैठाने से मृत्यु होय इसके, आगे पांच नक्षत्रों में बैठाने से कृशता फिर २ नक्षत्र मे बैठाने से व्याधि. फिर ७ नक्षत्र में बैठाने से सुख होता है ॥ १६ ।

आन्दोल शयनं पुन्सों स्याद्वादशे शुभवासरे ।
त्रयोदशे तु कन्याया न नक्षत्रविचारणा ॥ १७ ॥

टीका—जन्म होनेके पीछे पुत्रको १२ वें और कन्याको १३ वें दिन पालने में शयन करावें। इसमें नक्षत्र आदिके विचार की आवश्यकता नहीं है१७

दुग्धपान -

एकत्रिंशद्दिने चैव पयः शङ्खेन पाययेत् ।
अन्नप्राशन नक्षत्रं दिवसोदयराशिषु ॥ १८ ॥

टीका—जन्म होनेके उपरान्त ३१ वें दिन अन्नप्राशन के नक्षत्रों में जिस लग्नमें सूर्योदय हुआ हो उसी लग्नमें बालक को शंख से दूध पिलाना शुभदायक है ॥ १८ ॥

तांबूलभक्षण–

साद्धमासद्वयेदद्या ताम्बूलं प्रथमं शिशोः ।
कर्पूरादिक संमिश्रं विलासाय हितायच ॥ १६ ॥
मूलत्वाष्टकरतिष्यहरीन्द्रभेषु पौष्यो
तथा मृगशिराऽदिति संयुतेषु ।
अर्केन्दुजीवभृगुबोधनवासरेषु ताम्बूल
भक्षणविधि मुनिभिः प्रदिष्टः ॥ २० ॥

टीका—जन्म के ढाई मास पीछे । मूल, चित्रा, हस्त, पुष्य, श्रवण, ज्येष्ठ, रेवती, मृगशिरा और पुनर्वसु, नक्षत्र में । रवि, चन्द्र, गुरु, शुक्र वा बुधवार में । याकपूरादिसे युक्त करके तांबूल प्रथम बालकको शोभा और हितके लिये शुभ योग शुभ मुहूर्त में देवे ॥ १९ ॥ २० ॥

सूर्यावलोकन–

हस्तःपुष्य पुनर्वसुहरियुगं मैत्रत्रयं रोहिणी
रेवत्युत्तरफाल्गुनीमृगयुताषाढ़ोत्तरास्वातिभे ।
मासौ तुर्यतृतीयकौ शनिकुजौ त्यक्त्वा च रिक्तातिथिः
सिंहादित्रय कुम्भराशिसहितं निष्कासनं शस्यते ॥ २१ ॥

टीका—चौथे वा तीसरे मासमें । हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, रोहिणी, रेवती, उ० फा०, मृगशिरा, उ०षा० और स्वाती नक्षत्र में । सिंह, कन्या, तुलाराशि के चन्द्रमा में । शनि, मंगलवार और रिक्ता तिथिको छोड़कर बालक को प्रथम सूर्यनारायण का दर्शन करावे ॥ २१ ॥

अन्न प्राशनमुहूर्त–

षष्टेमास्यष्ट मेवादिति कर पवने रोहिणी पुष्यकर्णौ,
चित्रापूष.नुराधा वसुमृगवरुणा श्रोत्तरा सौम्यवारे ।
लग्ने मानालिमेषे यमगणपवनाश्वशविश्वोम्नितायाम्
तिथ्यां वालासनं सत्भवतिच विषयेपञ्चमान्मा सिनार्य्याः २२॥

टीका—बालक के छठें वा आठवें महीनेमें पुनर्वसु हस्त स्वाती रोहिणी पुष्य श्रवण चित्रारेवती अनुराधा धनिष्ठा मृगशिरा और तीनों उत्तरा में शुभ वारोंमें

१०।३।५।१२ १३ तिथियों में प्रथम अन्नप्राशन करावे और कन्यायों को पांच व आदि विमास में उक्त वार नक्षत्र तिथियों में अन्नप्राशन करावै॥ २२॥

प्रसूती स्त्रीका जलपूजा मुहूर्त—

कवीज्यास्तचैत्राधिमासे न पौषे
जलं पूजयेत्सूतिकामासपूर्तौ।
बुधेन्द्वीज्यवारे विरिक्ते तिथौ हि
श्रुतीज्यादितीन्द्वर्कनैर्ऋत्यमैत्रेः॥ २३॥

बालक के भूमिपर बैठाने का मुहूर्त—

पृथ्वीं वराहमभि पूज्य कुजे विशुद्धेः—
रिक्ते तिथौ व्रजतिपञ्चमासि बालम्।
वध्वा शुभेऽह्निकटि सूत्रमथ ध्रवेन्द
ज्येष्ठर्नमैत्र लघुभैरुपवेशयेत्कौ॥२४॥

टीका—जन्म से पाँचवे महीनेमें, पृथ्वी और वाराह भगवान् की पूजा करके मंगल के बली रहनेपर रिक्ता रहित तिथियों में शुभ वारोंमें और तीनों उत्तरा रोहिणी मृगशिरा ज्येष्ठा अनुराधा और हस्त अश्विनी पुष्य अभजित्में बालक के कमरमें सूत्र बाँधकर पृथ्वी वाराह की पूजाकरके भूमिपर बैठावै॥२४॥

बालक की जीविका की परीक्षा—

तस्मिन् काले स्थापयेत् तत्पूरस्ताद्
वस्त्रं शस्त्रं पुस्तकं लेखनीं च।
स्वर्णं रौप्यं यच्चगृह्णाति बाल—
स्तै राजावै स्तत्स्यवृत्तिः प्रदिष्टा॥ २५॥

टीका—बालक को भूमिपर बैठाने के समय वस्त्र शस्त्र पुस्तक कलम सोना चाँदी अनेक प्रकार की चीजें धरे उसमें से बालक जिस वस्तु को पहले हाथसे धरे उसी वस्तु के रोजगार से उस बालक की जीविका जानना॥ २५॥

कर्ण वेध मुहूर्त—

अश्वे चित्रानुराधादिति मृगगुरुभे कर्णयुग्मान्त्य हस्ते
सौम्याहे जन्म वारान्नृप रवि दिवसे तर्क सप्ताष्टमासे

वेधः कर्णास्यशस्ते गुरुयुत भवने केन्द्र कोणेषु सौम्ये
चैत्रे पौषे च मासे च हरिसयने कर्ण वेधो विधेयः ॥२६॥

टीका—चैत्रमास पौषमास तथा हरिशयन को (जन्ममास रिक्ता तिथि समवर्ष जन्मतारा पहला दशवाँ उन्नीशवाँ नक्षत्र) छोड़कर जन्मसे छठें सातवें यद्वा आठवें महीने में जन्मसे बारहवें वा सोलवें दिन या विषम वर्ष (१-३-५-७ वाँ) में अश्विनी, चित्रा अनुराधा पुनर्वसु मृगशिरा पुष्य श्रवण धनिष्ठा रेवती हस्त इन नक्षत्रों में बालक के कानमें वेधकराना शुभ है ॥ २६ ॥

चौलकर्म-

मृगेन्द्र चित्रा दिग्मान्त्य चरभेषु शुभेदिने ।
द्वितीये विषमे वर्षे कृते चूडा शुभा स्मृता ॥ २७ ॥
रिक्ताष्टमी द्वादशीषु षष्ठ्ययां चैत्रेन शोभनम् ।
लग्नलग्नांशयोश्चैव संशुद्धमष्टमं गृहम् ॥ २८ ॥

टीका—मृगशिरा, ज्येष्ठा चित्रा क्षिप्रसंज्ञक (अश्विनी पुष्य हस्त अभि) रेवती चरसंज्ञक (पु० स्वा० श्र० ध० श०) इन नक्षत्रों में शुभवार में दूसरे और विषमवर्षों में रिक्ता तिथि अष्टमी द्वादशी छठ तिथि को छोड़कर लग्न तथा लग्नांशसे अष्टम स्थान ग्रहरहित रहनेपर चूड़ा करना शुभ होता है ॥ २७ २८ ॥

अक्षरारम्भमुहूर्त—

गणेश-विष्णु-वाग्रमा प्रपूज्य पञ्चमाब्द के,
तिथौ शिवार्क दिग्द्विषट् शरत्रिके रवावुदक् ।
लघुश्रवो निलान्त्यभादितीश तक्षमित्र भे,
चरोन सन्तनौ शिशोर्लिपिग्रहः सतां दिने ॥ २९ ॥

टीका —पांचवे वर्ष गणेश विष्णु सरस्वती (लक्ष्मी) का पूजन करके एकादशी द्वादशी दशमी द्वितीया षष्ठी पञ्चमी और तृतीया तिथिमें उत्तरायण सूर्य में, हस्त अश्विनी, पुष्य, अभिजित्, श्रवण, स्वाती रेवती पुनर्वसु, आर्द्रा, चित्रा, और अनुराधा नक्षत्रों में सोम बुध बृहस्पति और शुक्र वारोंमें मेष कर्क तुला मकर इन चार लग्नों को छोड़कर शुभ स्वामी के लग्नोंमें बालकको अक्षर आरम्भ कराना चाहिये ॥ २९ ॥

विद्यारम्भ मुहूर्त-

मृगात कराच्छ्रुतेस्त्रये शिवमूल पूर्विकात्रये ।
गुरुद्वयेऽर्क जीववित सितेऽह्निषट शरत्रिके ॥

जीवार्क दिग् द्विके तिथौ शुभान्त्य मित्रमे परैः।
शुभैरधोतिरुत्तमा त्रिकोण केन्द्रगैः स्मृता ॥ ३० ॥

टीका—मृगशिरा आर्द्रा, पुनर्वसु हस्त चित्रा स्वाती श्रवण धनिष्ठा शतभिषा अश्विनी मूल तीनोंपूर्वा पुष्य श्लेषा नक्षत्रोंमें, रवि बुध गुरु और शुक्रवार में, ६।५।३।११।१२ १०।२ इन तिथियों में और शुभ ग्रह त्रिकोण केन्द्र में हों तो विद्यारंभ करना उत्तम होता है। ध्रुव अनुराधा रेवती में भी विद्यारंभ करना कुछ, आचार्य लिखे हैं ॥ ३० ॥

यज्ञोपवीतमुहूर्त—

भगभात् पञ्चधीष्ण्येषु मूलभाद्दश भेषु च।
विधीज्य मित्रसार्पेषु व्रतबन्धं शुभंमृगे ॥ ३१ ॥
रवीन्दुसेज्य शुक्रेषु पंचम्यां दशमीत्रये।
विधिगौरी स्कंधतिथौ शुभेलग्ने शुभांशके ॥ ३२ ॥
भरणीं कृत्तिकां ज्येष्ठां मघामार्द्राद्वि दैवभम्।
विहायचैतद् धीष्ण्यानि व्रतबन्धे शुभानि च ॥ ३३ ॥

टीका—पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल पूर्वाषाढ उत्तराषाढ़, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती, अश्विनी रोहिणी, पुष्य और मृगशिरा इन नक्षत्रों में रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारोंमें ५।१०।११।१२।२।३।६ इन तिथियोंमें शुभ लग्न शुभ अंशक में गर्भसे वा जन्म से ब्राह्मण का ८ वें वर्ष या १६ वें वर्ष के भीतर। क्षत्रिय का ११ वें वर्ष या २२ वर्ष के भीतर। वैश्यका १२ वें वर्ष या २४ वर्ष के भीतर। व्रतबन्ध करना शुभ है। भरणी कृत्तिका ज्येष्ठा। मघा आर्द्रा, विशाखा नक्षत्र को छोड़ और सब नक्षत्र व्रतबन्ध में शुभ हैं। पुनर्वसु नक्षत्र ग्रहण है परन्तु किसी के मत से त्याग है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

विप्रंवसन्ते क्षितिपंनिदाघे वैश्यंघनान्ते व्रतिनं विदध्यात्।
मघादिशुक्रांतिमपञ्चमासा साधारणौ वा सकला द्विजानाम् ॥३४॥

टीका—वसन्त ऋतु में ब्राह्मणका, ग्रीष्ममें क्षत्रियका और शरदऋतु में वैश्योंका यज्ञोपवीत होना चाहिये, और साधारण रीति से माघ से ज्येष्ठ तक ५ मास भी ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्योंके लिये यज्ञोपवीत करने को कहे हैं ॥ ३४

गर्भाऽष्टमेऽष्टमेवाऽब्दे पंचमे सप्तमेपि वा ।
द्विजत्वं प्राप्नुयाद्विप्रो वर्षेत्वेकादशेनृपः ॥ ३५ ॥

टीका—ब्राह्मण के लिये गर्भ वा जन्म से ५।७।८ वें वर्ष यज्ञोपवीत कहा है, और क्षत्रियोंको ११ वें वर्ष यज्ञोपवीत करना चाहिये ॥ ३५ ॥

गुरुबल—

वर्णाधिपे बलोपेते उपनीतक्रिया हिताः ।
सर्वेषां च गुरौ सूर्ये चन्द्रे च बलशालिनि ॥ ३६ ॥

टीका—वर्णके स्वामी बलवान होने में यज्ञोपवीत श्रेष्ठ है, परन्तु सबको गुरुबल और सूर्यबल चन्द्रबल होना परमावश्यक है ॥ ३६ ॥

गलग्रहतिथि—

त्रयोदश्यादि चत्वारि सप्तम्यादि तिथित्रयम् ।
चतुर्थी च तथा प्रोक्ता अष्टावेव गलग्रहाः ॥ ३७ ॥

टीका—तेरस से प्रतिपदा तक ४ तिथि और सप्तमी, अष्टमी, नौमी एवं चौथ यह आठ तिथि गलग्रह हैं, सो इनको त्यागना चाहिये ॥ ३७ ॥

शूद्रादिकों का संस्कार ।

मूलार्द्राश्रवणद्विदैववसुभे पुष्ये तथा चाश्विभे
रेवत्यां मृगरोहिणे दितिकरे मैत्रे तथा वारुणे ।
चित्रास्वातिमथोत्तरा भृगुसुते भौमे तथा चन्द्रजे
शूद्राणां तु बुधैः शुभं हि कथितं संस्कारकर्मोत्तमम् ॥३८॥

टीका—मूल, आर्द्रा, श्रवण, विशाखा, धनिष्ठा, पुष्य, अश्विनी, रेवती, मृगशिरा, रोहिणी, पुनर्वसु, हस्त, अनुराधा, शतभिषा, चित्रा, स्वाती, तीनों उत्तरा शुक्र, भौम और बुधवार, शूद्रादि वर्णसंकर जातियोंके संस्कार में शुभ हैं ॥३८॥

संस्कार-प्रकरणम् समाप्तम् ।

विवाह प्रकरणम् ।

सिन्दूर भूषितांगौरीं शंकरेणह्यलङ्कृताम् ।
मैनाक पत्न्या नितरां मण्डितां पार्वतीं भजे ॥
मातृप्रसाद पाण्डेयः श्रौत स्मार्ती महीसुरः ।
उपयाम प्रकाशोऽयं तनुते विदुषांमुदे ॥

देवज्ञपूजनम्–

देवज्ञं पूजयेदादौ फलताम्बूलपूर्वकैः ।
निवेदयेत्सुमनसा स्वकन्योद्वाहनादिकम् ॥ १ ॥

टीका–पहिले ज्योतिषी को फल और ताम्बूल से पूजा करै । पीछे पिता प्रसन्न मन होकर कन्या के विवाह का प्रश्न करै (मुहूर्त दिखावै) ॥ १ ॥

विवाह शोधनम्–

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम् ।
गणमैत्रं भकूटञ्च नाडी चैते गुणाधिकाः ॥ २ ॥

टीका—वर्ण, वश्य, तारा योनि,ग्रह मैत्री, गण मैत्री, भकूट और नाडी, इनके उत्तरोत्तर अधिक गुण हैं । जैसे वर्ण का १ वश्यके २ इत्यादि ॥ २ ॥

वर्णः–

मीनालिकर्कटाविप्राः क्षत्रीमेषोहरिर्धनुः ।
शूद्र युग्मं तुला कुम्भौ वैश्याः कन्या वृषो मृगः ॥ ३ ॥

टीका—मीन,वृश्चिक और कर्कराशि का ब्राह्मण वर्ण, मेष,सिंह और धन राशि का क्षत्रिय वर्ण, मिथुन, तुला और कुम्भ राशिका शद्र वर्ण एवं कन्या,वृष और मकर राशि का वैश्य वर्ण है ॥ ३ ॥

वर्णविचारः—

नोत्तमामुद्वहेत्कन्यां ब्राह्मणीञ्च विशेषतः ।
म्रियते हीनवर्णश्च ब्रह्मणा सदृशो यदि ॥ ४ ॥

टीका—उत्तम वर्ण की कन्यासे हीन वर्णके वरका विवाह न करै और ब्राह्मण की कन्या से तो अवश्य हीन वर्णके वरका विवाह न हो,कारण की हीन

वर्णके होने से ब्रह्मा के सदृशशर्मी वर की मृत्यु हो जाती है परन्तु अधिक गुण बननेपर दी घी युत्ररसे वेहा होनेसे वेत्र पूजन से शुभ होता है ॥ ४ ॥

विप्रवर्णा तु या नारी शूद्रवर्णस्तु यः पतिः ।
ध्रुवं भवति वैधव्यं शुक्रस्य दुहिता यदि ॥ ५ ॥

टीका—ब्राह्मण की पुत्री के साथ शूद्र वर्ण के वर का विवाह होने से शुक्राचार्य की कन्या होने पर भी विधवा हो जायगी ॥ ५ ॥

वश्यः—

सिंहं विना वशाः सर्वे द्विपदानां चतुष्पदः ।
भक्ष्या जलचरास्तेषां भयस्थाने सरीसृताः ॥ ६ ॥
मकरस्य पुरोभागे मेष सिंहो धनुर्वृषः ।
चतुष्पदा कीटसंज्ञाः कर्कः सर्पश्च वृश्चिकः ॥ ७ ॥
तुला च मिथुनं कन्या पूर्वार्द्ध धनुषस्तथा ।
द्विपदाख्याः पश्चिमार्द्धं मकरस्य तथा पुनः ॥ ८ ॥
कुम्भमीनौ जलचरौ राशयः परिकीर्त्तिताः ।
वश्यप्रीतौ विशेषेण जायते च गुणाद्वयम् ॥ ९ ॥

टीका—केवल सिंह को छोड़कर द्विपद एवं चतुष्पद सभी मनुष्य के वशीभूत हैं । जलचर भक्ष्य हैं, बिच्छी और सर्प भयदायक हैं, मकर का पूर्व भाग, मेष, सिंह, धन और वृश्चिक चतुष्पद हैं, कर्क की कीट संज्ञा है, कन्या, तुला, मिथुन और धन के पूर्वभाग को द्विपद कहते हैं, मकर का उत्तरार्द्ध कुम्भ एवं मीन राशि को जलचर कहते है, वैश्य और प्रीति को अवश्य देखना चाहिये कारण इसमें दो गुण हैं ॥ ६ ॥ ९ ॥

ताराकूट विचार—

कन्यर्क्षाद् वरभंयावत् कन्याभंवरभादपि ।
गणायेन्नव हृच्छेशेत्रीष्वदिभमसत् सप्तम् ॥१०॥

टीका—कन्या के जन्म नक्षत्र से नर के जन्म नक्षत्र तक और नरके जन्म नक्षत्र से कन्या के जन्म नक्षत्र तक गिने । नव का भाग देने से ३,५।७ शेष बचें तो अशुभ जानना ॥ १० ॥

योनि ज्ञानम्—

अश्वोगजच्छागसर्पाः सर्पस्वानविडालकाः।
मेषो विडालकश्चैव मूषको मूषकश्च गौः॥
महिषी च ततो व्याघ्रो महिषो व्याघ्रकं क्रमात्।
मृगोसृगस्तथाश्वा च कपिर्नकुल एव च॥ १२॥
नकुलो वानरः सिंहस्तुरगो मृगराट् च गौः।
गजानेन क्रमेणैव अश्विन्यादिभयोनयः॥ १३॥

टीका—अश्विनी की अश्व भरणीकी गज कृत्तिका की मेढ़ा रोहिणीकी सर्प मृगिशिराकी सर्प, आर्द्रा की श्वान, पुनर्वसु का बिलार, पुष्य की मेढ़ा, श्लेषाकी बिलार, मघा की चूहा, पू० फा० की चूहा, उ० फा० की गौ, हस्त की भैंस चित्रा की व्याघ्र. स्वाती की भैंसा, विसाखाका व्याघ्र, अनुराधाकी हरिण, ज्येष्ठाकी मृग, मूल की श्वान, पू० षा० का वानर, उ० षा० की नेउला, अभिजित् की नेउला, श्रवण की वानर, धनिष्ठा की सिंह, शतभिषाकी अश्व. पू० भा० की सिंह उ० भा० की गौ और रेवती की हाथी जाने॥११॥१२॥१३॥

योनिवैरम्—

गोव्याघ्रं गजसिंहमश्वमहिषं श्वैणं च।
बभ्रूरगं वैरं वानर मेषयोश्च सुमहत्तद्वद्विडालोन्दुरम्॥
लोकानां व्यवहारतोऽन्यदितिरज्ज्ञात्वा प्रयत्नादिदं।
दंपत्योर्नृपभृत्ययोरपि सदा वर्ज्य शुभस्यार्थिभिः॥१४॥

टीका— जैसे गौ व्याघ्र, गज सिंह, घोड़ा भैंस, नेउला सर्प, बन्दर मेढ़ा और बिल्ली चूहे का परस्पर वैर है। इसी रीति से यत्न के साथ स्त्री पुरुष का एवं स्वामी सेवक का वैर शुभकी इच्छा करने वाले मनुष्यों को त्यागना चाहिये॥१४॥

शत्रुमित्रता—

शत्रू मन्दसितौ समश्च शशिजो मित्राणिशेषारवेः।
तीक्ष्णांशुर्हिमरश्मिजश्च सुहृदौ शेषाः समाः शीतगोः॥
जीवेन्दुष्णकराः कुजस्य सुहृदौ ज्ञोरिः सितार्कीसमौ।
मित्रे सूर्यसितौ बुधश्च हिमगुः शत्रुः समाश्चापरे॥१५॥

सूरेःसौम्यसितावरी रविसितौ मध्यौ परे त्वन्यथा ।
सौम्यार्कीसुहृदौ समः कुजगुरु शुक्रस्य शेषावरी ॥
शुक्रज्ञौ सुहृदौ समःसुरगुरुः सौरस्यचान्येऽरयो ।
येप्रोक्ताः सुहृदस्त्रि कोणभवनात्तेऽमीमयाकीर्तिताः ॥१६॥

टीका—सूर्यके शनि, शुक्र, शत्रु, बुध सम, चन्द्र गुरु और मङ्गल मित्र हैं। चन्द्रमा के शत्रु कोई नहीं, मङ्गल गुरु, शुक्र, शनि, सम, सूर्य और बुध मित्र हैं। मङ्गल के बुध शत्रु, शुक्र, शनि सम, सूर्य, चन्द्र और, गुरु मित्र हैं। बुध के चन्द्र, शत्रु मङ्गल, गुरु, शनि सम, सूर्य, शुक्र मित्र हैं। गुरु के बुध, शुक्र शत्रु, शनि सम, सूर्य, चन्द्र, मंगल मित्र हैं। शुक्र के सूर्य, चन्द्र शत्रु, मंगल गुरु सम, बुध शनि सम, मित्र हैं। शनि के सूर्य, चन्द्र मंगल शत्रु गुरु सम, बुध शुक्र मित्र हैं ॥ १५ ॥ १६ ॥

गणं ।

अनुराधामृगोश्विस्तु श्रवणादितिपुष्यके ।
स्वातिहस्ते रेवती च नवदेवगणाः स्मृताः ॥ १७ ॥

टीका—अश्विनी, मृगशिर, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, स्वाती, अनुराधा, श्रवण और रेवती को देवगण जाने ॥ १७ ॥

पूर्वात्रयं रोहिणी च उत्तरात्रयमेव च ।
आर्द्रा तु हरणी चैव नैव ते मानुषागणः ॥ १८ ॥

टीका— तीनों पूर्वा, रोहिणी, तीनों उत्तरा, आर्दा, भरणी इनको मनुष्य-गण जाने ॥ १८ ॥

आश्लेषा शतभिषा मूल विशाखा कृत्तिका मघा ।
चित्रा ज्येष्ठा धनिष्ठा च नवै ते राक्षसागणाः ॥ १९

टीका—श्लेषा, शतभिषा, मूल, विशाखा, कृत्तिका, मघा, चित्रा, ज्येष्ठा और धनिष्ठा को राक्षसगण जाने ॥ १९ ॥

---

१ पूर्वोत्तरार्द्रायमकामनुष्या देवा करान्त्याश्विमृगादि तीज्याः ।
मैत्र श्रुतिस्वाति युताश्च शेषरक्षांसि मैत्रीस्त्वगयो प्रशस्ताः ॥
देवा सुराणां कलहो नितान्तं योगेमृतिर्मानव राक्षसानाम् ।
देवामनुष्येषु समा गुणानां ह्रासेपुरुष्या सकलेपुमैत्री ॥

स्वगणे परमाप्रीति र्मध्यमा देवमर्त्ययोः ।
मर्त्यराक्षसयोर्मृत्युः कलहो देवराक्षसोः ॥ २० ॥

टीका—स्त्री पुरुष का एक गण हो तो आपस में बड़ी प्रीति रहती है। देव और मनुष्यगण हो तो मध्यम प्रीति जाने। मनुष्य वा राक्षस गण हो तो मृत्यु होती है। देव और राक्षस गण होने से परस्पर में क्लेश रहता है ॥ २० ॥

भकूट का फल—

षट्काष्टकेऽपमृत्युः पंचमनवेमऽनपत्यता ज्ञेया ।
द्विर्द्वादशे निर्द्धनता शेषेषु मध्यमता शुभा ॥ २१ ॥

टीका—वर कन्या को षडाष्टक मृत्युकारक, नवम पञ्चम सन्तान नाशक, द्विर्द्वादश दरिद्रकारक, इनको छोड़ और शेष राशि में शुभ जाने ॥ २१ ॥

भकूट—नवपञ्चम—

मीनालिभ्यां युते कीटे कुम्भे मिथुनसंयुते ।
मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्य्यान्नवपञ्चकम् ॥ २२ ॥

टीका—मीन से नवम वृश्चिक एवं वृश्चिक से पञ्चम मीन तथा कर्क से नवम मीन और मीन से पञ्चम कर्क राशि होती है तो इसको नवम पञ्चम कहते हैं। इसी प्रकार कुम्भ और मिथुन मकर और कन्या का नवम पञ्चम त्यागना चाहिये। कारण कि यह संतान नाशक है २२ ॥

मृत्यु षडाष्टक—

मेषकन्यकरायोरेव तुलामीनकयोस्तथा ।
युग्माल्योस्तुबुधैर्ज्ञेयो मृत्युर्वैनक्रसिंहयोः ॥
कुम्भकर्कटयोश्चैव वृषकोदंडयोस्थता ॥ २३ ॥

टीका—मेष और कन्या राशिका परस्पर ६—८ का अन्तर आता है। इसी प्रकार तुला मीन, मिथुन वृश्चिक मकर, सिंह, कुम्भ, कर्क, धन, वृष, इन दो दो राशियों के षडाष्टक होते हैं। यह मृत्युकारक होने से विवाह में त्याज्य है ॥२२॥

प्रीति—षडाष्टक—

सिंहो मीनयुतश्चैव तुला वृष युतस्तथा ।
धनुः कर्कयुतश्चैव कुम्भकन्यकयोस्तथा ॥
नक्रस्य मिथुनेप्रीति मेषवृश्चिकयोस्तथा ॥ २४ ॥

टीका—सिंह, मीन, तुला, वृष, धन, कर्क, कुम्भ, कन्या, मकर, मिथुन, मेष, वृश्चिक इन दोनों राशियों के षडाष्टक कहाते हैं। इस कारण यह विवाह में शुभ माने गये हैं ॥ २४ ॥

द्विर्द्वादश-

मीनमेषौ वृषमिथुनौ कर्कहरी तूलकन्यके।
अलीधनुषी अकरकुम्भावेतौद्विर्दादशौराशी ॥ २५ ॥

टीका—मीन, मेष, वृष मिथुन, कर्क सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर ओरे कुम्भ इन दो दो राशियों के द्विर्द्वादश आनेसे शुभ जाने। इनके सिवाय मेष वृष, मिथुन, कर्क आदि राशियों के द्विर्द्वादश आने से मृत्युकारक जाने। इसलिये उसको त्याग देना चाहिये ॥ २५ ॥

भकूट परिहार—

भासे दुष्टःभकूट के परिणयस्त्वेकाधिपत्ये शुभो—
थोराशीशाद सौहृदोऽपिगदितो नाड्यर्क्षशुद्धिर्यदि
अन्यर्क्षेशपयोर्बलित्वे सखिते नाड्यर्क्षशुद्धौतथा।
तारा शुद्धि वशेन राशि वशताभावो निरुक्तो बुधैः ॥२६॥

स्त्री पुरुष के राशि के एक स्वामी हो, अथवा राशि के स्वामी में मित्रता हो और यदि नाडी नक्षत्रों की शुद्धि हो तो दुष्ट भकूट में विवाह शुभ होता है राशिनाथ में विरुद्धता हो परन्तु अंशनार्थ एक हो वा अंशनाथों में मैत्री हो तो विवाह शुभ होता है। वर कन्या की परस्पर तारा और नाडी नक्षत्र शुद्ध होने पर पण्डितों ने विवाह होना कहा है। भरणी हस्त से भकूट ग्रह मैत्री दोनों नहीं बनती है परन्तु भरणी के प्रथमचरण का स्वामी सूर्य हस्त के प्रथचण का मंगल है ग्रह मैत्री दोनों नहीं बनती है परन्तु अंशपति के मैत्री से बन रहा है २६

मैत्रा राशिरस्वामिनोरंशनाथ,
हंदस्यादिस्याद् गणानांनदोषः।

१ जगन्मोहने वसिष्ठः-राशिनाथे विरुद्धेऽपि सत्रलात्रंशकाधिपौ। तन्मैत्रेऽपिचकर्तव्यं दम्पत्योसुखमिच्छता। राजमार्तण्डे मैत्री चेत्रपयोर्द्वयोरपितयोरेकाधिपन्येऽपिचेन् तारा मित्र सुमित्र जन्म शुभदा क्षेमाच संपत् करी षष्टाष्टे नवपञ्चमे व्यधने योगेपु पुं योषितो, प्रीत्यायु सुतवृद्ध चिन्तजनकं धार्यो विवाहस्तथा।

खेटारित्वं नाशयेत् सद्भकूटम्।
खेटप्रीतिश्चापिदुष्टं भकूटम् ॥ २७ ॥

टीका—स्त्री पुरुष की राशि के स्वामी की तथा नवांश के स्वामी की मित्रता हो तो गणों का दोष नहीं होता है सद्भकूट ग्रह शत्रुता को नाश करता है, और ग्रहों की मित्रता दुष्ट भकूट दोष का संहार करता है ॥ २७ ॥

आद्यनाड़ी।

पूर्वाभाद्रपदा मूलं ज्येष्ठा हस्तः पुनर्वसुः।
अश्विन्यार्द्रा शतभिषक् चोत्तरात्वेकनाडिकाः ॥ २८ ॥

टीका—पू० भा०, मूल, ज्येष्ठा, हस्त, पुनर्वसु, अश्विनी, आर्द्रा, शतभिषा और उत्तरा की आद्यनाड़ी जाने ॥ २८ ॥

मध्यनाड़ी।

पूर्वाफाल्गुनिका चित्रा धनिष्ठा भरणी मृगः।
पूर्वाषाढ़ानुराधा च पुष्योहिर्बुध्न्यमेव च ॥ २९ ॥

टीका—पू० फा० चित्रा, धनिष्ठा, भरणीमृगशिरा, पूर्वाषाढ़ा, अनुराधा, पुष्य और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र को मध्यनाड़ी जाने ॥ २९ ॥

अन्त्यनाड़ी।

कृत्तिका रोहिणी स्वाती मघाश्लेषा च रेवती।
श्रवणश्चोत्तराषाढा विशाखात्वन्त्यनाडिकाः ॥ ३० ॥

टीका—कृत्तिका, रोहिणी, स्वाती, मघा, श्लेषा, रेवती, श्रवण, उत्तराषाढ़ा और विशाखा नक्षत्र को अन्त्यनाड़ी जाने ॥ ३० ॥

नाड़ी फल—

अग्रनाडी व्यधेद्भर्ता मध्यनाड़ी व्यधेद्द्वयम्।
अन्त्यनाड़ी व्यधेद्कन्या म्रियते नात्र संशयः ॥ ३१ ॥

टीका—दोनों की आद्या नाड़ी होने से भर्ता को, मध्य नाड़ी होने से दोनों को और अन्त्य नाड़ी होने से कन्या को मृत्युदायक होती है ॥ ३१ ॥

मध्य नाड़ी—

जठरे निर्धनत्वं च गर्भे मरणमेव च।
पृष्ठ दौर्भाग्यमाप्नोति तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥ ३२ ॥

टीका—दोनों की मध्य नाड़ी निर्धनता का कारण और गर्भ में सन्तान का नाश करती और अन्त्य नाड़ी दुर्भगकारिणी जाने ॥ ३२ ॥

अन्यमत से—

निधनं मध्यनाड्यां तु दंपत्यो र्नैवपार्श्वयोः ।
करग्रहे पृष्ठनाड्यौ न निंद्यो इति तद्वचः ॥ ३३ ॥

टीका—दोनों की मध्यनाड़ी और पार्श्वनाड़ी मृत्युपद होती है। परन्तु विवाह में निन्दित नहीं, अन्यमत क्षत्रियादिकों को कही है ॥ ३३ ॥

नक्षत्र मेलन—

जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम् ।
व्यत्ययेन यदा योज्यं दंपत्योर्निधनप्रदम्॥ ३४ ॥

टीका—पुरुष का जन्मनक्षत्र हो तो स्त्री के जन्मनक्षत्र से मेलन करना और पुरुष का नाम नक्षत्र हो तो स्त्री के नाम नक्षत्र से मेलन करने से शुभ होता है। इसके विपरीत होने से दम्पति को मृत्युकारक होता है ॥ ३४ ॥

असत्कूट।

पुरुष के नक्षत्र से स्त्री का नक्षत्र समीप होने से अशुभ, पुरुष के नक्षत्र से स्त्री का नक्षत्र दूर हो तो शुभ और दोनों के एक नक्षत्र एवं स्वामी होने से शुभ जाने। इसे असत्कूट कहते हैं।

वर्णमेलन—

ग्रहमैत्री ब्राह्मणानां क्षत्रियाणां गणास्तथा ।
वैश्यानां राशिकूटं हि शूद्राणां यौनिरुत्तमा ॥ ३५ ॥

टीका—ब्राह्मणको ग्रहमैत्री, क्षत्री को गणविचार, वैश्यको राशिकूट और शूद्र को योनिविचार करना चाहिये ॥ ३६ ॥

गुणमेलनप्रकार—

टीका—स्त्री पुरुष का एक वर्ण हो तो १ गुण, पुरुष के उच्च वर्ण होने से भी १ गुण, इसके विपरीत हो तो० गुण जाने।

वर्णगुणचक्र—

घर के वर्ण ।

		ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
वधू के वर्ण	ब्राह्मण	१	०	०	०
	क्षत्रिय	१	१	१	०
	वैश्य	१	१	१	०
	शूद्र	१	१	१	१

वैश्य के गुण—

वैरभक्ष्येगुणाभावो द्वयोः साम्ये गुणद्वयम् ।
वश्यवैरे गुणश्चैको वश्यभक्ष्ये गुणार्द्धकम् ॥ ३६ ॥

टीका -शत्रु भक्ष्य होने से ० गुण, दोनों की समान जाति होने से २ गुण वश्य शत्रु के होने से १ गुण और वश्य भक्ष्य होने से आधा गुण होता है ॥३६

तारा के गुण—

एकतो लभते तारा शुभाचैवाशुभाऽन्यतः ।
तदा सार्धोगुणश्चैक ताराशुद्धो मिथस्त्रयः ॥
उभयोर्नशुभातारा स्तदा शून्यंसमादिशेत् ॥ ३७ ॥

टीका—स्त्री और पुरुष दोनों में किसी को शुभ और किसी को अशुभ तारा हो तो १॥ गुण, दोनों की एक तारा वा शुभ तारा होने से ३ गुण और दोनों की अशुभ तारा के होने से ० गुण जाने ॥ ३७ ॥

योनिगुण—

महावैरे च शून्यंस्यात् स्वस्वभावे यथाक्रमम् ।
मैत्रे चैवातिमैत्रे च खेंदुद्वित्रिचतुर्गुणाः ॥ ३८ ॥

टीका—स्त्री और पुरुष दोनों की योनियों में महावैर होने से ० गुण, दोनों में परस्पर शत्रुता होने से १ गुण, दोनों का एक स्वभाव होने से २ गुण, दोनों की सामान्य मित्रता होने से ३ गुण, दोनों की परममित्रता होने से ४ गुण, और दोनों की एक जाति होने पर भी ४ गुण जाने ॥ ३८ ॥

तत्रैकाधिपतित्वे च मित्रत्वे गुणपंचकम् ।
चत्वारः सममित्रत्वे द्वयोःसाम्ये त्रयोगुणाः ॥ ३९ ॥

मित्रवैरे गुणश्चैको समवैरे गुणार्द्धकम् ।
परस्परं खेटवैरे गुणशून्यं विनिर्दिशेत् ॥ ४० ॥

टीका–दोनों के राशिस्वामी एकही हों वा परस्पर मित्र हों तो ५ गुण, दोनों में सम मित्रता होने से ४ गुण, दोनों समान होने से ३ गुण, दोनों में मित्रता और शत्रुता होने से १ गुण, दोनों में सम शत्रुता होने से आधा गुण और दोनों में परस्पर शत्रुता होने से शून्य गुण जाने ॥ ३९ ॥ ४० ॥

गणों के गुण ।

पुरुष और स्त्री के एक गण होने से ६ गुण, पुरुष का देव और कन्या का मनुष्य गण हो तो भी ६ गुण, कन्या का मनुष्य तथा वर का राक्षस गण हो तो शून्य गुण, कन्या का देव तथा वर का राक्षस गण होने से १ गुण कन्या का देव तथा वर का मनुष्य गण होने से ५ गुण जाने॥

भकूट के गुण

राशि एक ही और नक्षत्र भिन्न हों वा एकनक्षत्र होकर चरण भिन्न हों तो ७ गुण जाने। दोनों सम हो तो भी ७ गुण जाने। तृतीय एकादश हो तो भी ७ गुण। चौथे दशवें होने से ७ गुण। भिन्न राशि एक नक्षत्र हो तो ५ गुण। प्रीतिषडाष्टक, द्विर्द्वादश, नवम पञ्चम इनमें परस्पर योनि मैत्री तथा वर के नक्षत्र से कन्या का नक्षत्र दूर हो तो भकूटके ४ गुण जाने। दोनों का परस्पर १ नक्षत्र और एक ही चरण होने से ० गुण जाने।

वर्गज्ञान—

अवर्गो गरुडो ज्ञेयो विडालस्यात्कवर्गकः ।
चवर्गसिंहनामास्यात् टवर्गः कुक्कुटः स्मृतः ॥ ४१ ॥
सर्पाख्यः स्यात्तवर्गोपि पवर्गो मूषकः स्मृतः ।
यवर्गो मृगनामास्या त्तथा मेषः शवर्गकः ॥ ४२ ॥

टीका—अवर्ग (अ इ उ ए) को गरुड़, कवर्ग (क ख ग घ ङ) को विडाल, चवर्ग (च छ ज झ ञ) को सिंह टवर्ग (ट ठ ड ढ ण) को कुक्कुट, तवर्ग (त थ द ध न) को सर्प, पवर्ग (प फ ब भ म) को मूसक, यवर्ग (य र ल व) को हरिण और शवर्ग (श ष स ह) मेष, [बकरा जाने]॥४१-४२॥

वर्गकी शत्रु मित्रता—

स्ववर्गात्पंचमे शत्रुश्चतुर्थोमित्र संज्ञकः ।
उदासीनस्तृतीयश्च वर्गभेदस्त्रिधोच्यते ॥ ४३ ॥

टीका—अपने वर्ग से पंचम वर्ग को शत्रु जाने, चौथे को मित्र और तीसरे वर्गको उदासीन जाने ॥ ४३ ॥

दुष्टकूटादि—

षट्काष्टके गोमिथुनं प्रदद्यात्कास्यं सरूप्यं नवपंचमे च।
नाड्यांसुधेन्वन्नसुवर्णवस्त्रं द्विर्द्वादशे ब्राह्मणतर्पणं च ॥४४

टीका—बहुत संकट प्राप्त होने पर षडाष्टक में गोदान करै एवं नवम पंचम में कांसे का पात्र और चाँदी दान करै, एकनाडी में धेनु, अन्न, सुवर्ण और वस्त्र दान करे, द्विद्वादश में ब्राह्मण को भोजन करावै। ऐसे करने से इनके दोष दूर हो जाते हैं ॥ ४४ ॥

मिथुनं कुम्भ मृगालि वृषाजगे मिथुन गेऽपिरवौ त्रिलवे शुचेः।
अलिमृगां जगते करपीडनं भवति कार्तिक पौष मधुस्वपि ॥४५

टीका—मिथुन कुम्भ मकर, वृश्चिक वृष मेष इन राशिपर सूर्य हो तो विवाह करना उत्तम है, मिथुन के सूर्य में दश अंश तक असाढ़ में विवाह शुभ है, आगे जबतक मिथुन के सूर्य हरिशयन के पूर्व रहें तबतक शुभ ही है, सूर्य वृश्चिक के हों तो कार्तिक, 'पूर्व' में मकर के सूर्य में पूसमें मेष के सूर्य में चैत्र में (कुम्भ के सूर्य में चैत्र में) भी विवाह शुभ है ॥ ४५ ॥

वर वरण मुहूर्त—

धरणीदेवोऽथवा कन्यकास दरः शुभदिने गीतवाद्यादिभि संयुतः
वरवृत्तिं वस्त्रयज्ञोपवीतादीना ध्रुवयुतैर्वाह्नि पूर्वात्रैराचरेत् ॥४६॥

टीका—पुरोहित अथवा कन्या का सहोदर भाई शुभ दिन में गीत वाद्य से युत होकर शुभ दिनमें कृत्तिका तीनों पूर्वा तीनों उत्तरा रोहिणी इन नक्षत्रों में वर वृत्ति वरवण (फलदान) करै शंकरजी के विवाह में गर्गजी लग्नपत्री तिलक लेके गये, कैकेय राजा गर्गजी के हाथ तिलक और लग्न पत्री राजा दशरथ के पास भेजा। मुहूर्त गणपति में मृ० म० ह० स्वा० रे० श्र० ध० में वरवृत्ति होना लिखा है ॥ ४६ ॥

१ ददुः शिवाय तत्पत्रं तिलकं संविवाय च। शिव पु० रुद्रसं० अ० ३३ श्लोक०६।
२ सत्योपाख्यान में लिखा है।
३ विवाहोदित भेपूर्वा धनिष्ठा कृत्तिका श्रवे। कुमारीवरयोः कार्यं वरणं चशुभेऽहति॥

विवाहनक्षत्र ।

मूलमैत्रकरस्वाती मघापौष्णाभ्रुवेन्दवः ।
एतैर्निर्दोषभैः स्त्रीणांविवाहः शुभदः स्मृतः ॥ ४७ ॥

टीका–मूल, अनुराधा, हस्त, स्वाती, मघा, रेवती, रोहिणी, तीनों उत्तरा और मृगशिरा यदि ये नक्षत्र निर्दोष हों तो इनमें विवाह करना शुभदायक होता है ॥४७

इक्कीसमहादोष ।

पंचांगशुद्धिरहितो दोषस्त्वाद्यः प्रकीर्तितः ।
उदयास्तशुद्धिरहितो द्वितीयः सूर्यसंक्रमः ॥ ४८ ॥
तृतीये पापषड्वर्गो भृगुः षष्ठं कुजाष्टमः ।
गण्डान्तं कर्त्तरी रिःफषडष्टेन्दुश्च संग्रहः ॥ ४९ ॥
दंपत्योरष्टमंलग्नं राशौ विषघटी तथा ।
दुर्मुहूर्तो वारदोषः खार्जुरीक समांघ्रि च ॥ ५० ॥
ग्रहणोत्पातभं क्रूरं विद्धर्क्षं क्रूरसंयुते ।
कुनवांशो महापातो वैधृतिश्चैकविंशतिः ॥ ५१ ॥

टीका–[१] पंचांग शुद्धिरहित [२ उदयास्त शुद्धि रहित [३] संक्रान्ति [४] पापग्रह [५] विवाह की लग्न में छठें शुक्र, [६] आठवें मङ्गल, [७] गण्डान्त, [८] कर्त्तरी [९] चन्द्रका १२।६।८ वें स्थान में होना [१०] स्त्री पुरुष की आठवींलग्न ११] लग्न में चन्द्र और पापग्रह [१२] विषघटी [१३] दुष्टमुहूर्त, [१४] वारदोष, [१५] लत्ता दोष, [१६] ग्रहणनक्षत्र [१७] उत्पातनक्षत्र, १८] पापग्रहों का वेध [१९ पापग्रहयुक्त [२०] पापग्रहांश और [२१] महापात एव [वैधृतियोग] इन दोषों को विवाहमें त्यागना चाहिये ॥ ४८ ॥ ५१ ॥

कर्तरीदोषलक्षण ।

लग्नाच्चन्द्राद्व्ययपद्विस्थौ पापखेटौ यदा तदा ।
कर्त्तरी वर्जनीया सा विवाहोपनयादिषु ॥ ५२ ॥

दोषभंगः ।

नहिकर्त्तरिजोदोषः सौम्ययोर्यदिजायते ।
शुभग्रहयुतं लग्नं क्रूरयोर्नास्ति कर्त्तरी ॥ ५३ ॥

टीका—लग्न वा चन्द्र से बारहवें और दूसरे स्थान में पापग्रहों के होने से कर्तरी दोष होता है, इसमें विवाह और यज्ञोपवीत वर्जित है। जो उपरोक्त स्थानों में सौम्य ग्रह हों वा शुभग्रह युक्त लग्न हो तो क्रूर ग्रहों की भी कर्तरी नहीं होती है ॥ ५२ ॥ ५३ ॥

मंगला मंगली विचार—

लग्नेऽव्यये च पाताले यामित्रे चाष्टमेकुजे ।
पत्नी हन्ति स्वभर्तारं भर्ता भार्यां विनाशयेत् ॥५४॥

परिहारः-

जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वाहिबुकेऽथवा ।
अष्टमेद्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते ॥५५॥

अष्टमलग्न-

वरवध्वोर्वटोश्चापि जन्मराशेश्च लग्नतः ।
त्याज्यमष्टमलग्नंस्याद्विवाहव्रतबन्धयोः ॥५६॥

टीका—वर वधू और बटु इनकी जन्मराशिसे वा जन्मलग्न से आठवीं लग्न विवाह और यज्ञोपवीत में वर्जित है ॥ ५६ ॥

दुष्टमुहूर्त—

तिथ्यंशो दिनमानस्य रात्रिमानस्य चैव हि ।
मुहूर्त्तः कथितस्तेषु दुर्मुहूर्त्तः शुभं त्यजेत् ॥५७॥

टीका—दिनका और रातका १५ वां भाग दुष्ट मुहूर्त होता है उस दुष्ट मुहूर्त को त्यागना चाहिये ॥ ५७ ॥

यामार्द्धादिककथन-

सूर्याद्यामदलांदिववनिगमाद्यश्वीषुनागत्रिषट्
संख्याकं कुलिकं दिवेन्द्ररविदिङ् नागतुवेदद्विकम् ।
व्येकंतन्निशि षोडशांशमपरे तिथ्यंशमुन्फन्ति तं
कालंकंटकमैनिघंटमपरेज्यज्ञास्फुजिद्भ्वः क्रमात् ॥५८॥

टीका—दिनमें रविवार से अर्द्ध याम के अंक हैं, सो प्रवृत्ति और निवृत्ति के अंक भी नीचे लिखे चक्र में क्रमानुसार देखकर शुभ कर्म त्यागना चाहिये, दिन में ही दिन के १६ वें भाग के कुलिक होता है। उसे चक्र में देख शुभ

कर्म में त्यागना चाहिये, किसी आचार्य के मत से रात का १६ वां भाग कुलिक नहीं वरन १५ वां है, उसे त्यागना, बुधवार से काल दोष, गुरुवार से कंटक योग, और शुक्रवार से यमघंटक योग, क्रम से चक्र में देख शुभ कर्म में त्यागे, १ दिन में ८ अर्द्धयाम और कुलिकादि १६ परत्व से जाने। परन्तु जो वारं परत्व से त्याग है सो चक्र में देखे ॥ ५८ ॥

वार	यामार्द्ध घटी			कुलिक	काल	कंटक	यमघंट
नाम	संख्या	प्रवृत्ति	निवृत्ति	घ० २	घ० २	घ० २	घ० २
सूय	४	१२	१६	१४	८	६	१०
चन्द्र	७	२४	२८	१२	६	४	८
मङ्गल	२	४	८	१०	४	२	६
बुध	५	१६	२०	८	२	१४	४
गुरु	८	२८	३२	६	१४	१०	२
शुक्र	३	८	११	४	१२	१०	१४
शनि	६	२०	२४	२	१०	१८	१२

लत्तादोष—

भौमात् त्र्याऽऽकृतिषङ्जिनाऽष्टनखहन्त्यऽग्रतोलत्तया ।
खेटोऽर्कोऽर्कमितं शशीमुनिमितं पुर्णोनसन्मालवे ॥५६॥

टीका--मंगल से तीसरे नक्षत्र में लत्ता दोष होता है, बुध से २२ वें नक्षत्र में लत्ता दोष, गुरु से छठें नक्षत्र में शुक्र से २४ वें नक्षत्रों में, शनि से ८ वें नक्षत्र में, राहु से २० से नक्षत्र में सूर्य से १२ वें नक्षत्रों में और पूर्ण चन्द्र से ७ वें में लत्ता दोष होता है, यह दोष केवल मालवे में अशुभ और सब देशों में शुभ होता है ॥ ५६ ॥

पञ्चशलाका ।

रेखाचोर्ध्वाः पंचतिर्यक् च पंच द्वे द्वे रेखे कोणयोरत्रचक्रे ।
नाड्योन्यस्ताच्छंभुकोणाद्द्वितीयेरेखायांभान्यग्निभात्साभिजिद्भिः


टीका--५ रेखा खड़ी एवं ५ रेखा आड़ी खींचे और कोणों में दो दो तिरछी रेखा खैंचने से पंचशलाका चक्र होता है। उसकी ईशान कोण की दूसरी रेखा से कृत्तिका आदि लेकर २८ नक्षत्र लिखे। ॥ ६० ॥

वेधविचार ।

एकरेखास्थितिर्वेधो दिननाथादिभिर्ग्रहैः ।
विवाहे तत्र मासांते न जीवति कदाचन ॥६१॥

अश्विनी पूर्वफल्गुन्यां भरणीं च नुराधया ।
अभिजिच्चापिरोहिण्यां कृत्तिका च विशाखया ॥ ६२ ॥
मृगश्चोत्तरापाढेन पूर्वापाढस्तथाऽऽर्द्रया ।
पुनर्वसुश्च मूलेन तथा पुष्यश्च ज्येष्ठया ॥ ६३ ॥
धनिष्ठया तथाऽश्लेषा मघाऽपि श्रवणेन च ।
रेवत्युत्तरफाल्गुन्यां हस्तेनोत्तरभाद्रपात् ॥ ६४ ॥
स्वात्याशातभिषाविद्धा मित्रयापूर्वभाद्रपात् ।
विद्धान्येतानि वर्ज्यानि विवाहे भानि कोविदैः ॥ ६५ ॥

टीका—एक रेखा में सूर्यादि ग्रह स्थित हों और उसी रेखा पर लग्न का नक्षत्र पड़े तो वेध होता है । इस वेध में विवाह होने से १ मास में मृत्यु होती है, अश्विनी और पूर्वाफाल्गुनी परस्पर सन्मुख पड़ें, और भी उसी प्रकार लग्नके नक्षत्र सन्मुख पड़नेसे वेध होता है । इस वेध को चक्र में स्पष्ट देखो । जैसे—भरणी और अनुराधा का वेध, कृत्तिका विशाखा का, मृगशिरा उत्तराषाढ़ा का, पूर्वाषाढ़ा आर्द्राका, पुनर्वसु मूलका, पुष्य ज्येष्ठा का. धनिष्ठा श्लेषा का, मघा श्रवण का, रेवती उत्तराफाल्गुनी का, हस्त उत्तराभाद्रपद का वेध है । वेधित नक्षत्र ज्योतिषियों ने विवाहादि शुभकर्मों में वर्जित किये हैं ॥६१॥६५॥



वेधफल—

रविवेधे च वैधव्यं कुजवेधे कुलक्षयः ।
बुधवेधे भवेद्वंध्या प्रव्रज्या गुरुवेधतः ॥ ६६ ॥
अपुत्रा शुक्रवेधे च सौरे चान्द्रे च दुःखिता ।
परपुरुषरता राहोः केतोः स्वच्छंदचारिणी ॥ ६७ ॥

टीका—सूर्य के वेध में विवाह होने से विधवा, मंगल के वेध में कुलक्षय, बुध के वेध में वंध्या, गुरु के वेध में कुलटा, शुक्र के वेध में अपुत्रा, शनि और चन्द्र के वेध में दुःखी, राहु के वेध में व्यभिचारिणी और केतु के वेध में विवाह होने से स्वच्छन्द विचरने वाली होती हैं ॥ ६६ ॥ ६७ ॥

सप्तशलाका ।

समसप्तविनिपात्यरेखकास्तिर्यगूर्ध्वमथकृत्तिकादिकम् ।
लेखयेदभिजितासमन्वितं चैकरेखकमनेनविध्यते ॥ ६८ ॥

टीका—सप्तशलाकाके चक्रमें ७ सीधी रेखा लिखें और उसपर ७ ही आड़ी रेखा




लिखें । फिर कृत्तिका से अभिजित् सहित सब नक्षत्रों को उन पर लिखें । चक्र के १ रेखा के नक्षत्रमें ग्रह हो तो उसी रेखाके दूसरे नक्षत्र पर वेध होता है । जैसे—१ ग्रह रोहिणी नक्षत्र पर है तो उसी रेखा में दूसरा नक्षत्र अभिजित् है, उसे ही वेध जाने । वह वेध शुभग्रह का होने से शुभ फल, अशुभग्रह का होने से अशुभ फल देता है। परन्तु वेधित शुभ कर्मों में त्याज्य है ॥ ६८ ॥

वेधितनक्षत्र ।

श्रुत्याग्निभेऽभिजिद्ब्राह्मे वैश्वेन्द्वेजलेशिवे ।
मूलादित्य च पुष्येन्द्रे चित्राश्लेषा मघांतके ॥ ६९ ॥
दस्रभाग्येऽर्यमान्तके च हस्ताहिर्बुध्न्यभे तथा ।
चित्राजचरणे स्वातीवारुणे च परस्परम् ॥ ७० ॥
द्विदैवेवासवे तद्वद्वेधसप्तशलाकजः ।
त्याज्यापापोद्भवोयत्नाद्, व्रतबंधादिकर्मसु ॥ ७१ ॥

टीका—वेध जानने का क्रम ऐसा है, श्रवण, कृत्तिका इन दोनों का परस्पर में वेध होता है । इसी भाँति अभिजित् रोहिणी. उत्तराषाढ़ा मृगशिरा, पूर्वाषाढ़ा आर्द्रा, मूल पुनर्वसु, ज्येष्ठा पुष्य अनुराधा श्लेषा. मघा भरणी, अश्विनी पू० फा० उ० फा० रेवती हस्त उत्तराभाद्रपद, चित्रा पूर्वाभाद्रपद स्वाति शतभिषा और विशाखा धनिष्ठा ऐसा दो दो नक्षत्रों का वेध जानना । यह मौंजी विवाहादि कर्म में त्याज्य करना ॥ ७० ॥ ७१ ॥

क्रान्तिसाम्य ।



युग्मेधनुः कर्किरलौ च युक्के कन्या च मीने वृषनक्रयुक्ते । मेषे च सिंहे च घटे तुलायां कान्तेश्चसाम्यं शशिसूर्ययोगे ॥ ७२ ॥

टीका-मिथुन और धन इन दो राशियों पर चन्द्र सूर्य हो तो उनकी क्रान्ति [गति] का साम्य होता है । इसी रीति कर्क वृश्चिक, कन्या मीन, वृष मकर, मेष सिंह और कुम्भ तुला इन दो दो लग्न में से किसी एक लग्न पर सूर्य और सामने दूसरे लग्न पर चन्द्र हो तो क्रान्तिसाम्य जानना । इसका शुभ कार्य में त्याग करना ॥ ७२ ॥ क्रांतिसाम्य चक्रम्-

ऊर्ध्वरेखात्रयं चैव तिर्यङ् रेखात्रयं तथा ।
क्रांन्तिसाम्यं बुधैर्ज्ञेयं मध्ये मीनं तु योजयेत् ॥ ७३ ॥

टीका-तीन रेखा आड़ी और तीन रेखा खड़ी लिखना और मध्यकी रेखा पर मीन लग्नसे न्यास करना, इस प्रकार १२ राशियों से सूर्य और चन्द्रमा का क्रांतिसाम्य देखना ॥ ७३ ॥ जामित्र दोष-

लग्नेन्द्वोर्वास्तगःपापस्तत्तुल्यांशे यदि स्थितः ।
तदा जामित्रदोषः स्यान्नहिन्यूनाधिकांशके ॥ ७४ ॥
क्रूरो वा यदि वा सौम्यो लग्नाच्चन्द्राच्च खेचरः ।
एकोपि यदि जामित्रे समांशे च तदा भवेत् ॥ ७ ॥
जामित्रं न प्रशंसन्ति गर्गकश्यपदेवलाः ।
आयषष्ठतृतीयेषु धनधान्यप्रदो रविः ॥ ७६ ॥

टीका—लग्न से वा चन्द्र से जो सप्तम स्थान की राशि व नवमांश उसके समान ही किसी पापग्रह की राशि वा नवमांश हो तो जामित्र दोष होता है । अंश अधिक अथवा कम हो तो जामित्र दोष नहीं, अथवा क्रूरग्रह वा शुभग्रह लग्न से वा चन्द्रमा से एक भी यदि समांश में जामित्र करता हो तो जामित्र दोष होता है । ऐसा दुष्ट जामित्र दोष हो तो विवाह न करना । ऐसा गर्ग, कश्यप और देवल आचार्य कहते हैं । और सूर्य जो ११।६।३ स्थान में हो तो धन धान्य शुभप्रद जानें ॥ ७६ ॥

बाणदोषकथन—

लग्नेनाढ्या यातातिथ्योऽङ्कतष्टाः शेषेनागद्व्यब्धि तर्केन्दु संख्ये ॥
रोगोवह्नीराजचौरो च मृत्युर्बाणश्चायं दाक्षिणात्य प्रसिद्धः ॥७७॥

टीका—शुक्लपक्ष की प्रतिपदासे बीती हुई सब तिथियों की संख्या को लग्न की संख्या में जोड़े तब नवेंका भाग देवे यदि ८ बचे तो रोगबाण. २ बचे तो अग्निबाण, ४ बचे तो राजबाण ६ बचे तो चौबाण, और १ बचे तो मृत्युबाण जानना यह दक्षिणात्यों (महाराष्ट्रों) में प्रसिद्ध है ॥ ७७ ॥

रस गुण शशि नागा ऽध्याढ्य संक्रान्ति यातां
शक मितिरथ नष्टाङ्कैर्यदा पञ्चशेषाः ।
रुगनलनृप चौरा मृत्युसंज्ञश्चबाणो
नवहतशरशेषेशेषकैक्येसशल्यः ॥ ७८ ॥

टीका—सूर्य की संक्रान्ति से जितने अंश बीते हों उनको ६।३।१।८।४ में जोड़ना फिर सब अंकोंमें ९ का भाग देना शेष ५ बचे तो क्रमसे रोग अग्नि राज चोर और मृत्युबाण जानना ५ पाँचों स्थान के शेष को एक जगह जोड़ना उसमें ९ का भाग देना यदि ५ शेष बचै तो सशल्यबाण जानना ॥ ७८ ॥

रात्रौ चौर रुजो दिवा नरपतिर्वह्निः सदा सन्ध्ययो ॥
मृत्युश्चाथशनौनृपो विदिमृतिर्भौमेऽग्नि चौरोरवौ,
रोगोऽथव्रतगेह गोपनृपसे वाया न पाणिग्रहे,
वर्ज्याश्चक्रमतो वुधैरुगनलक्ष्मापाल चौरामृतिः ॥

रात्रिमें चोर और, रोगबाण दिनमें राजबाण सर्वदा अग्निबाण दोनों संध्याओं में मृत्युबाणत्यागना शनिश्चर, में राजबाण, बुध में मृत्युबाण अग्निबाण, चौरबाण, भौमवार में, रोगबाण रविवार में यज्ञोपवीत में रोगबाण घरके छाने बनानेमें अग्नि बाण, राजसेवा में राजबाण यात्रा में चौर और विवाह में मृत्युबाण दूषित है ।

एके नेत्रे वेद संख्ये रसे रागे गतांशके,
मृत्युर्वन्हिर्नृपश्चौरो रोगो बाणाः क्रमेण च ॥ १ ॥
तत् तदंशे रत्न युक्ते तत् बाणाः प्रकीर्तिताः ।
तेषामध्ये सशल्यस्तुधनञ्जय प्रकीर्तिताः ॥ २ ॥
नभवन्तिह्यमी बाणाः शेषां शेषु महीसुरः ।
त्रिपदनलसरागे नन्द सूर्येन्द भूप, धृतिकृति गुण दस्रे पञ्च विश्वे भसंख्ये ॥
रुगनलनृप चौरा मृत्युसंज्ञश्च बाणाः ॥ न भवति महिदेवा पूज्य मातृ प्रसादः ॥
॥ वदतीति शेषः ॥

चापदोष –

कर्कलग्नेथवामेषे घटांशेपे यदि दीयते ।
तुलायां मकरे चन्द्रे वै जायते ध्रुवम् ॥ ७९ ॥

टीका—कर्क अथवा मेष लग्न में कुम्भ का नवमांश, मकर अथवा तुला का चन्द्रमा ऐसे योगों का दोष वैधव्य होता है ॥ ७९ ॥

तिथि के अनुसार वर्जित लग्न—

प्रतिपदि तुलामकरौ सिंहमकरौ तृतीयायाम् ।
कन्यामिथुने च पञ्चम्या सप्तम्यां चैव धनुःकर्कौ ॥ ८० ॥
नवम्यां कर्कसिंहौ एकादश्यां तु धनुर्मीनौ ।
त्रयोदश्यां वृषमीनौ शून्यलग्नानि तिथियोगात् ॥ ८१ ॥

टीका-प्रतिपदा को तुला और मकर, तृतीया को सिंह मकर, पंचमीको कन्या मिथुन, सप्तमी को धन कर्क, नवमी को, कर्क सिंह, एकादशी को धन मीन, त्रयोदशी को वृष मीन इन तिथियों से शून्य लग्न वर्जित हैं ॥ ८० ॥ ८१ ॥

दोषनिवारण—

द्यूनंविनाकेन्द्रगतोमरेज्यस्त्रिकोणगो वापि हि लक्षमेकम् ।
निहन्ति दोषत्रिशतं भृगुश्च शतंबुधो वापि हि दृश्यमूर्त्तिः॥ ८२॥

टीका—गुरु १।४।१।१०। ५ वे स्थानों में हो तो एक लक्ष दोषों को नाश करते हैं, तीन सौ को शुक्र और १ सौ दोषों को बुधनाश करते ॥ ८२॥

लग्न से शुभाशुभ ग्रहों का विचार—

लग्नेचन्द्रखला रिपौशशिसितौ सर्वेद्यु ने खेबुधो
ऽब्जोऽन्त्येगुःसुखगोऽष्टमा कुजशुभा शुक्रस्तृतीयः शुचे ।
लाभेसर्वखगाःशुभा अखिलगास्त्र्यष्टारिगाःस्युःखला
चन्द्रस्यम्बुधनेश्रियं ऽशुभदृगेट्स्यान्मृत्यवेष्टारिगः ॥ ८३ ॥

टीका—लग्न में चन्द्रमा और पापग्रह, षष्ठ स्थान में शुक्र और चन्द्र, संपूर्ण ग्रह सप्तम स्थान में दशम स्थान में बुध, द्वादश, में चन्द्र, चतुर्थ स्थान में राहु, अष्टम स्थान में मंगल, वा शुभग्रह, तृतीय स्थान में शुक, ऐसे लग्न के ग्रह हों तो अनिष्ट शोक कारक अशुभ स्थानी ग्रह जानिये। लग्न के एकादश स्थान में संपूर्ण ग्रह शुभ होवे हैं। तृतीय, अष्टम तथा षष्ठ स्थान में सम्पूर्ण पाप ग्रह शुभ होते हैं । २।३।४ स्थान में चन्द्रमा हो तो शुभ, लक्ष्मी कारक जाने और

लग्न का स्वामी अथवा अंश का स्वामी वा द्रेष्काण का स्वामी ये षष्ठ वा अष्टम स्थान में हों तो मृत्युदायक होते हैं ॥ ८३ ॥

पञ्चभिरिष्टैरिष्टंपुष्टमनिष्टैरनिष्टमादेश्यम् ।
स्थानादिफलसिद्धिश्चतुर्भिरपिकथ्यतेयवनैः ॥ ८४ ॥

टीका—लग्न में पाँच ग्रह शुभस्थानी हों तो पुष्टि कारक होते हैं और अशुभ हों तो अनिष्टकारक होते हैं, और यवनादि आचार्य के मत से चार ग्रह भी इष्टकारक होते हैं ॥ ८४ ॥

षड्वर्गशुद्धि जानने का क्रम—

गृहं होरा च द्रेष्काणो नवांशो द्वादशांशकः
त्रिंशांशश्चेति षड्वर्गस्ते सौम्यग्रहजाः शुभाः ॥ ८५ ॥

टीका—लग्न १ होरा २ द्रेष्काण ३ नवमांश ४ द्वादशांश ५ त्रिंशांश ६, ये छः षड्वर्ग होते हैं । इनमें शुभग्रहों के वर्ग शुभ होते हैं ॥ ८५ ॥

त्रिंशांशादिकथनम्—

त्रिंशद्भागात्मकंलग्नं होरा तस्यार्द्धमुच्यते ।
लग्नात् त्रिभागोद्रेष्काणो नवांशोनवमांशकः ॥
द्वादशांशोद्वादशांश स्त्रिंशांशस्त्रिंशदंशकः ॥ ८६ ॥

टीका-लग्न के अंश ३० होते हैं । तिसका अर्द्ध १५ अंश होरा कहलाता है । लग्न ही का तीसरा भाग १० अंश, ऐसे ३ द्रेष्काण होते हैं । नवमभाग, नवमांश और बारहवाँ भाग, द्वादशांश, और तीसवाँ भाग, त्रिंशांश इस रीति से एक लग्न के ३० अंश होते हैं और उन्हीं तीस अंशके छः वर्ग होते हैं ॥ ८६ ॥

गृहज्ञान--

यस्य ग्रहस्य यो राशिस्तस्य तद्गृहमुच्यते ॥ ८७ ॥

टीका—जिस ग्रह की जो राशि हो उस ग्रह का वही गृह कहा जाता है ।

ग्रह	भौम	शुक्र	बुध	चन्द्र	सूर्य	बुध	शुक्र	भौम	गुरु	शनि	शनि	गुरु
राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन

सूर्येन्द्वोर्विषमेलग्ने होरा चन्द्रार्कयोः समे ॥ ८८ ॥

होराकथन—

टीका-विषमलग्न में १५ अंश तक सूर्य का होरा, तदनंतर चन्द्रमा का होरा होता है । सम लग्नमें १५ अंतक चन्द्रमाका होरा, बाद में १५ अंश तक सूर्यका होता है । होरा चन्द्रमा का शुभ और सूर्य का अशुभ होता है ॥ ८८ ॥

द्रेष्काणकथन—

द्रेष्काण आद्यो लग्नस्य द्वितीयः पञ्चमस्य च ।
द्रेष्काणश्च तृतीयस्तु लग्नान्नवमराशिपः ॥ ८९ ॥

टीका—लग्नके ३० अंशोंमें १० अंश तक प्रथम द्रेष्काण, २० अंश तक द्वितीय, एवं ३० अंश तक ३ द्रेष्काण होता है । प्रथम द्रेष्काण का स्वामी लग्न का स्वामी होता है । द्वितीय द्रेष्काण का लग्न से पञ्चम स्थान का स्वामी होता है । और तृतीय द्रेष्काण का लग्नसे नवम स्थान का स्वामी होता है । शनि, मंगल और सूर्य का द्रेष्काण अशुभ होता है ॥ ८९ ॥

लग्न	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
१अं१०	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु
२अ२०	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र
३अं३०	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल

लग्नका नवमांश—

मेषसिंहधनुर्लग्ने नवांशा मेषतः स्मृताः ।
वृषकन्यामृगेलग्ने मकरान्नवमांशकाः ॥
कर्कालिमीनलग्नेषु नवांशा कर्कतः स्मृताः ।
नृयुग्मतौलिकुंभेषु तौलितः स्युर्नवांशकाः ॥ ९० ॥

टीका—मेष, सिंह और धन लग्नमें मेष से नवमांश आरम्भ होता है । वृष कन्या और मकर में मकरसे ही नवमांश आरम्भ होता है, एवं मिथुन, तुला, कुम्भमें, तुला से । कर्क वृश्चिक और मीन इन लग्नोंमें नवमांश कर्क राशिसे प्रारम्भ होता है । नवमांश सूर्य, मंगल और शनिका अशुभ होता है ॥ ९० ॥

		मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
३	२०	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र
६	४०	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि
१०	०	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध
११	२०	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र
१६	४०	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल
२०	०	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु
२३	२०	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि	शुक्र	चन्द्र	मंगल	शनि
२६	४०	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि	मंगल	रवि	शुक्र	शनि
३०	०	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु	गुरु	बुध	बुध	गुरु

द्वादशांश कथन—

लग्नस्य द्वादशांशास्तु स्वराशे रेवकीर्तिताः ॥ ६१ ॥

टीका—लग्न के अंशों में १२ का भाग देने से जो लब्ध हो वही द्वादशांश होता है। तिनका क्रम लग्न के अंशों में १२ का भाग देने पर जो कुछ लब्धि मिली हो उतने संख्या के तुल्य लग्न से जो राशि (मेषादि) हो उसी का स्वामी द्वादशांश का पति होता है। उसमें मंगल शनि, रवि इनके अंश अशुभ होते हैं॥६१॥

	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
२ ३०	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु
५ ०	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	गुरु	गुरु	मंगल
७ ३०	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र
१० ०	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध
१२ ३०	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र
१५ ०	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि
१७ ३०	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध
२० ०	भौम	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र
२२ ३०	गुरु	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल
२५ ०	शनि	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु
२७ ३०	शनि	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि	बुध	शुक्र	मंगल	गुरु	शनि
३० ०	गुरु	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	रवि		शुक्र	मंगल	गुरु	शनि	शनि

विषमत्रिंशांश।

कुजार्किगुरुविच्छुक्रास्त्रिंशांशपतयः क्रमात्।
पञ्चपञ्चाष्टशैलेषु भागानां विषमे गृहे ॥ ६२ ॥

टीका--विषम लग्न में क्रम से त्रिंशांश पति होते हैं। प्रथम ५ अंश पर्यत भौम का फिर ५ अंश तक शनि का, ८ अंश तक गुरुका, फिर ७ अंश तक बुध का,

एवं ५ अंश,पर्यन्त शुक्र का इस प्रकार जानना चाहिये। इसमें मंगल और शनि का त्रिंशान्श अशुभ होता है ॥ ९२ ॥

समत्रिंशांश।

शुक्रज्ञेज्यार्किभूपुत्रास्त्रिंशांशपतयः समे।
पञ्चांगेष्वेषुपञ्चानां भागानां कथिता बुधैः ॥ ९३ ॥

टीका—सम लग्न में प्रथम ५ अंश पर्यन्त शुक्र, तिसके पीछे ७ अंश बुध, तिसके पीछे ८ अंश गुरु, तिसके पीछे ५ अंश शनि तिसके पीछे ५ अंश मंगल इस प्रकार त्रिंशांशपति होते हैं। इसमें मङ्गल और शनि का अशुभ है ॥९३॥

षड्वर्ग जानने का क्रम—

कार्तिक शुक्ल ९ मङ्गलवार मकर लग्न अन्श १४ घटिका ११ पल ५१, स्वामी शनि सा गृहेश है,अतः षड्वर्ग में गृहेश शनि अशुभ है,शेष५ वर्ग शुभ हैं।

गृहेश	होरा	द्रेष्काण	नवमांश	द्वादशांश	त्रिशांश
शनि	चन्द्र	शुक्र	शुक्र	बुध	गुरु

षड्वर्ग पञ्चवर्ग च चतुर्वर्गमथापि वा।
कश्चित् त्रिवर्गसंप्रोक्तं द्व्यैकवर्गं तनु त्यजेत् ॥ ९४ ॥

टीका—६ अथवा ५ किंवा ४ वर्ग लग्न के हों तो लग्न बलिष्ट होती है। किसी २ के मतसे ३ वर्ग शुभ होते हैं और दो एक हो तो लग्न वर्जित है॥९४॥

लग्नांश फल।

लग्ने चतुर्दशोभागो वृषस्य मकरस्य च।
कन्याकर्कटमीनानामष्टमेद्वादशेलिनः ॥ ९५ ॥

टीका—वृष,मकर के १४ अंश कन्या,कर्क,मीन के ८ अंश और वृश्चिक के १२ अंश ये शुभ फल देते हैं ॥ ९५ ॥

कुंभस्यांशे च षड्विंशे चतुर्विंशे च तौलिनः।
नृयुक्कार्मुकयोर्लग्नं शुभं सप्तदशांशके ॥ ९६ ॥

टीका—कुम्भ के २६ अंश,तुला के २४ अंश मिथुनके ७ और धनुके १८ अंश शुभ हैं ॥ ९६ ॥

एकविंशतिमे भागे मेषस्याष्टदशे हरेः ।
संपूर्णफलदं चादौ मध्ये मध्यफलप्रदम् ॥ ९७ ॥

टीका—मेष के २१ अंश, सिंहके १८ ऐसे लग्नों के आदि में संपूर्ण और मध्य फल अंश के अनुसार होवे हैं ॥ १७ ॥

वर्गोत्तमलग्नलक्षण—

अन्ते तुच्छफलं लग्ने यदि वर्गोत्तमं न चेत् ।
लग्नस्य स्वनवांशो यः स वर्गोत्तम उच्यते ॥ ९८ ॥

टीका—लग्नके अन्त भागमें वर्गोत्तम न हो तो लग्न अनिष्ट फल देता है। लग्न अपने नवांशमें हो तो वर्गोत्तम होता है ॥ ९८ ॥

गोधूलि लग्न का कथन—

गोधूलं पदजादिके शुभकरं पंचांगशुद्धौ रवे-
रर्धास्तात्परपूर्वतोर्द्धघटिकं तत्रेन्दुमष्टारिगम् ॥
सोग्रांगं कुजमष्टमं गुरुयमाहःपातमर्कक्षमं
जह्याद्धिप्रमुखेतिसंकटइदं संद्यौवनाद्ये क्वचित् ॥ ९९ ॥

टीका—शूद्रादिकोंको पंचांगशुद्धि देख कर सूर्य के अर्द्धास्त समय प्रथम व पश्चात् १५-१५ पल गोधूलि लग्न शुभ, और गोधूलि लग्नसे षष्ठ, अष्टम स्थानी चन्द्रमा और पापग्रह, भौम अष्टम स्थानी और गुरु शनि के वार, क्रांति दिन इत्यादिक दुष्टयोग वर्जित करके शुभ, किसी के मत में विवादिक के अति संकट में अथवा कन्या पुष्पवती हो तो गोरज शुभ होता है ॥ ९९ ॥

संकार-प्रकरणम् समाप्तम् ।

वधूप्रवेश—

विवाहमारभ्यवधूप्रवेशो युग्मेथवाषोडशवासरान्तात् ।
तदूर्ध्वमध्येयुजिपञ्चमान्तादतः परस्तान्नियमो न चास्ति ॥१॥

टीका—विवाहसे सम दिन १६ दिवस पर्यन्त वधूप्रवेश कहा है । आगे पाँच वर्ष पर्यन्त विषम वर्ष मासादिक कहे हैं उसके उपरान्त स्वेच्छानुसार ॥ १ ॥

उक्तमासादि—

मार्गफाल्गुनवैशाखे शुक्लपक्षे शुभेदिने ।
गुर्वाद्यस्तविशुद्धौ स्यान्नित्यं पत्निद्विरागमः ॥ २ ॥

टीका—अगहन, फाल्गुन, वैशाख शुक्लपक्ष में, शुभ दिवस में, गुरु और शुक्र का अस्तादिक वर्जित कर द्विरागमन उत्तम होता है ॥ २ ॥

नाहरांशु च त्र्युत्तरादितिगुरुब्राह्मानुराधाश्विनी ।
शाक्रो भास्करवायुविष्णुवरुणत्वाष्ट्रे प्रशस्तेतिथौ ।
कुंभाजालिगतेरवौ शुभकरे प्राप्तोदये भार्गवे ।
जीवज्ञास्फुजितां दिने नववधूवेश्मप्रवेशः शुभः ॥ ३ ॥

टीका-मृगशिरा, तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, पुष्य, रोहिणी, अनुराधा, अश्विनी, ज्येष्ठा, हस्त, स्वाती, श्रवण, शततारका, चित्रा ये नक्षत्र और कुंभ मेष, वृश्चिक इन राशियों के सूर्य, शुक्रादिका उदय और गुरु, बुध, चन्द्र ये वार, ऐसे शुभ दिवस में वधूप्रवेश करावै ॥ ३ ॥

ज्येष्ठे पति ज्येष्ठ यथाधिकेपतिं, हन्त्यादिमे भर्तृगृहे वधू शुचौ ।
श्वश्रूं सहस्ये श्वशुर क्षयेतनुं तातं मधौ तातगृहे विवाहतः॥४॥

टीका—विवाह के बाद प्रथम ज्येष्ठ के महीने में वधू अपने पतिके गृहमें रहै तो पतिके ज्येष्ठ भाई को मारे, अर्थात् पतिके ज्येष्ठ भाई की मृत्यु होय अधि, मास में पतिको, आषाढ़ में सासुको पौषमें श्वशुर को क्षय मास में अपने शरीर को, और चैत्र में पिता के घर रहै तो पिता को मारे (अनिष्ट पहुँचावे) ॥ ४ ॥

वधूप्रवेश समाप्तम् ।

द्विरागमनमूहूर्त-

चरेदथो जहायने घटातिमेषगेरवौ,
रवीज्य शुद्धियोगतः शुभग्रहस्यवासरे।
नृयुग्म मीनकन्यका तुला वृषे विलग्नके,
द्विरागमं लघुध्रुवे चरेऽस्रये मृदूडुनि॥ १॥

टीका—विवाह से विषम वर्षों में कुम्भ वृश्चिक मेष राशि के सूर्य में, गुरु शुक्र के शुद्धि रहनेपर, शुभ ग्रह के वारों (चं० बु० बृ० शु०) में मिथुन मीन कन्या तुला बृष लग्नमें लघु (हस्त० अश्वि० पुष्य० अभि०) ध्रुव (तीनों उत्तरा रोहिणी) चर :(स्वा० पु० श्र० ध० श०) मूल तथा मृदु (मृ० रे० चि० अनु०) नक्षत्रों में द्विरागमन शुभ होता है॥ १॥

शुक्र विचार-

दैत्येज्ये ह्यभिमुखदक्षिणे यदि स्याद्
गच्छेयुर्न शिशुर्न गर्भिणी नवोढा।
बालश्चेद् व्रजत्ति विपद्यते नवोढा
चेद्वन्ध्या भवति चगर्भिणी त्वगर्भा॥ २॥

टीका—बालक गर्भिणी स्त्री और नवोढ़ा स्त्री जो दूबारा पति के घर सन्मुख या दक्षिण शुक्र के रहने पर यात्रा करे बल यात्रा करेतो मरे, गर्भिणी स्त्री यात्रा करे तो उसका गर्भ नष्ट होय, और पतिके घर नई दुलहिन दूसरी बार यात्रा करै तो बाँझ होय॥ २॥

नगर प्रवेशविषयाद्रुपद्रवे,करपीडने विबुधतीर्थ यात्रयोः।
नृपपीडने नववधू प्रवेशने प्रतिभार्गवोभवति दोंपकृद्दहि॥ ३॥

नगर में प्रवेश करने के समय उपद्रव में विवाह में देव दर्शन, तीर्थ यात्रा में राज्य से पीडित होने पर, वधू प्रवेश में स्त्री को अपने पति के घर जाने में सन्मुख शुक्र का दोष नहीं होता है॥ २॥

पित्रेगृहे चेत् कुज पुष्पसम्भवः स्त्रीणांनदोषः प्रतिशुसम्भवः।
भृग्वङ्गिरोवत्सवसिष्ठकश्यपाऽत्रीणाभरद्वाजमुनेः कुले तथा॥४॥

टीका—यदि वधूको पिताके घर स्तन उठाजाय, और रजोदर्शन हो जाय तो सन्मुख दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता है। और भृगु, अंगिरा, वत्स, वसिष्ठ, कश्यप अत्रि भरद्वाज इन गोत्रवालों को भी सन्मुख दक्षिण शुक्रका दोष नहीं होता है॥ ४॥

शुक्रान्ध—

रेवत्यादिमृगान्त्ये च यावत्तिष्ठतिचन्द्रमा।
जावच्छुक्रोभवेदन्धः सन्मुखे दक्षिणेशुभः॥ ५॥

टीका—अर्थ सरल है॥ ५॥

द्विरागमनमुहूर्त समाप्तम्

द्व्यङ्ग विचार--

याते द्विरागमे पत्न्या पुनः पति गृहेगमः।
पितृगेहे स्थितायाश्च सहलङ्ग इहकीर्तितः॥ १॥

टीका—द्विरागमन हो जाने पर पति के गृह में रह कर पिता के घर जाय और तिबारा पति के घर में जाने को द्व्यङ्ग कहते हैं॥ १॥

यद्रांसिजोऽर्कः खलु तद्दिशायां
राहुः सदातिष्ठति मासि मासि।
वधू प्रवेशाच्चतथा तृतीये
ग्राह्यः सदामासिक राहुरेव।
अग्रतो राहुर्वैधव्यं दक्षिणे सुतहा भवेत्॥ २॥
वामपृष्ठे शुभोनित्यं तृतीयगमने स्त्रियः॥ २॥

टीका—जिस राशिमें सूर्य रहते हैं उस राशि की दिशा 'मेषेच सिंह' के अनुसार राहु रहता है वधू प्रवेश से तीसरी यात्रा में मासिक राहु का विचार होता है। राहु आगे सन्मुख रहे तो विधवा करता है और दक्षिण (दहिने) रहे तो पुत्र की हानि करता है स्त्री की तीसरी यात्रा में वाम पृष्ठ शुभ है॥ २॥

आदित्य मृगहस्तेज्य पौष्णमित्राश्विनीषुच ।
गोविन्द वसुमूलेषुध्रः सम्पत्प्रदायकः ॥ ३ ॥
धनुः कर्कटमीनेऽर्के सिंहे कन्या तुला स्थिते ।
भौमार्कि वर्जिते वारे शुभदादयङ्गकर्मणि ॥ ४ ॥

टीका—पुनर्वसु मृगशिरा हस्त पुष्य रेवती अनुराधा अश्विनी श्रवण धनिष्ठा मूल नक्षत्रों में धन मीन तथा कर्क सिंह कन्या तुलाके सूर्य के छोड़ अन्य राशि (वृश्चिक म० कुं० मे० वृ० मि०) के सूर्य में मंगल शनि के अतिरिक्त वारोंमें तिवारा स्त्री पति के गृह जाय ॥ ३ ॥ ४ ॥

(मेष के सूर्य में पूर्व दक्षिण, वृष मकर के सूर्य में दक्षिण पश्चिम, मीन कुम्भ के सूर्य में पश्चिम उत्तर, और वृश्चिक के सूर्य में उत्तर पूर्व दोड जाना निषेध है)

प्रथम भोजन बनाने का मुहूर्त—

पुषतारा शाक्रकृशानुपौष्णो श्रुतित्रये ब्रह्मद्विदेवचान्द्रे ।
शुभे तिथौ ध्यार रवौ प्रकुर्यात् सीमंतिनी नूतनपाककर्म ॥५

टीका—पुष्य तीनों उत्तरा, ज्ये० कृ० रे० श्र० ध० श० रो० वि० मृ० इन तेरह नक्षत्रों में शुभ तिथियों में मंगल सूर्य से भिन्न वारों में स्त्री प्रथम अपने पति के गृह भोजन (खिचरी) बनावै ॥ ५ ॥

स्त्री पुरुष समागम मुहूर्त—

मृगोत्तरा तिष्य द्विदेवमैत्रे समीर चित्रारविभेव ब्राह्मे ।
शुभेतिथावर्क विहीनवारे समागमः स्याच्छुभदोनृनार्य्योः ॥६

टीका—मृ० तीनों उत्तरा, पुष्य, वि० अनु० स्वा० चि० ह० रोहिणी नक्षत्रों में शुभ तिथियों में रविवार के छोड़ वारोंमें स्त्री पुरुष का समागम होना शुभ है ॥ ६ ॥

नूतनपल्लवधारणा का मुहूर्त-

हस्तादिपंचमृगपुष्पभद्रस्रभेषु विष्णुद्वयेबुधदिनेगुरुशक्रवारे ।
स्त्रीणांशुभंप्रथमपल्लवधारणंस्यात्पाणिग्रहोक्तसमयेखलुपीतवस्त्रैः ७

टीका-हस्त से पांच और मृगशिरा, पुनर्वसु, अश्विनी, श्रवण, धनिष्ठा ये नक्षत्र और बुध गुरु शुक्र ये वार और जो विवाह काल में कथित है, ऐसे दिवस में नूतन पीत वस्त्र करके स्त्रियों को प्रथम पल्लव धारण करावै ॥ ७ ॥

गंधर्वविवाह मुहूर्त्त-

शूद्रान्त्येषु पुनर्भवापरिणयप्रोक्तो विवाहोक्तभै
र्नालोक्यं तिथिमासवेधभृगुजे ज्यास्तादि तत्र क्रमात्।
त्रिर्त्र्यूत्तेषु मृतिर्धनं मृतिमृती पुत्रोमृती दुर्भगं
श्रीरौन्नत्यमथो धृतीशक्रततत्वर्क्षेत्ययः साभिजित् ॥ ८ ॥

टीका-शूद्र आदि, रजक आदि और अन्य जाति जिनकी स्त्रियोंका पुनर्बिवाह हो जाता है, उनके सगाई का मुहूर्त विवाहोक्त नक्षत्र में देखें। मास, तिथि, वार, गुरु, शुक्र इनके उदय अस्त का कुछ विचार नहीं। वहाँ केवल सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र पर्यन्त गिनै, क्रमसे प्रथम ३ मरण, द्वितीय ३ धन, तृतीय ३ मरण, चतुर्थ ३ मरण पंचम ३ पुत्र मरण, षष्ठ ३ दुर्भाग्य, सप्तम ३ श्रीः अष्टम ३ औन्नत्य, एवं सूर्य नक्षत्र में चौथे, ग्यारहवें अठारहवें, पच्चीसवें इन चारों स्थानों के नक्षत्र शुभ और शेष नक्षत्र अशुभ होते हैं ॥ ८ ॥

दूसरे मत के अनुसार—

इन्द्रादितिशिवाऽश्लेषा आग्नेयं वारुणं तथा।
अश्विनीवसुदैवत्यं पट्टकाले शुभं स्मृतम् ॥ ९ ॥

टीका-ज्येष्ठा, पुनर्वसु, आर्द्रा, आश्लेषा, कृत्तिका, शततारकाका, अश्विनी धनिष्ठा, ये नक्षत्र सगाई अर्थात् पुनर्विवाह (धरेजा करने) में शुभ होते हैं ॥९॥

इति विवाह प्रकरणम्—

यात्राप्रकरण--

श्री गणेशं हनुमन्तं वन्दे गौरी हरं हरिम् ।
मया यात्रा प्रकाशोऽयं रच्यते विदुषां मुदे ॥ १ ॥

यात्रामास—

धनुर्मेष सिंहेषु यात्रा प्रशस्ता शनिज्ञोशनो राशिगे चैव मध्या ।
रवौकर्क मीनालि संख्येऽतिदीर्घा जनुपञ्चसप्तत्रितारा[1]श्चनेष्टाः ॥२॥

टीका—धन मेष सिंह राशि के सूर्य में यात्रा शुभ होती है, तथा शनि बुध शुक्र की राशि १०।११।३।६।२ ७। (वृष मिथुन कन्या तुला मकर कुम्भ के सूर्य) में मध्यम और कर्क मीन वृश्चिक राशि के सूर्यमें अति दीर्घ यात्रा होती है अर्थात् जाने वाला शीघ्र नहीं लौटता है ॥ २ ॥

यात्रा को त्याग तिथि उत्तम नक्षत्र-

न षष्ठो न च द्वादशी नाष्टमी नोसिताद्या तिथिः पूर्णिमामानरिक्ता
हयादित्य मित्रेन्दु जीवान्त्य हस्त श्रवोवासते रवेयात्राप्रशस्ताः॥३॥

टीका—षष्ठी, द्वादशी, अष्टमी, शुक्लपक्ष की प्रतिपदा, पूर्णिमा अमावस्या और रिक्ता तिथि को छोड़ शेष २।३।५।७।१०।११।१३। कृष्णपक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों और अश्वि० पुन०, अनु० मृग०, पुष्य, रेवती, हस्त, श्रवण धनिष्ठा इन नक्षत्रों में यात्रा शुभ होती है ॥ ३ ॥

दास्रभे दिननाथर्क्षे सुरेश गुरु भे तथा ।
मैत्रे सर्व दिशायां हि कुर्याद् यात्रा विचक्षणः ॥ ४ ॥

टीका—अश्विनी हस्त पुष्य, अनुराधा इन चार नक्षत्रों में मनुष्य चारों दिशा में यात्रा करे तो शुभ है ॥ ४ ॥

यात्रा के मध्य नक्षत्र-

उत्तरा त्रय लोकेशोमूलभंच जलेश्वरः ।
पूर्वा त्रयो महीपूज्याः प्रयाणो मध्यमाः स्मृताः ॥ ५ ॥

टीका—तीनों उत्तरा रोहिणी मूल शतभिषा और तीनों पूर्वा के नव नक्षत्र यात्रा में मध्यम हैं ॥ ५ ।

---

१ हस्तेन्दु मैत्र श्रवणाश्वितिष्याः पौष्णश्च विष्टा च पुनर्वसुश्च। प्रोक्तानि भिष्णानि नव प्रयाणेत्र कृत्वा त्रिपञ्चादिचिसप्ततारा:

यात्रायां वर्ज्यनक्षत्राणि।

महेशार्द्रमघाज्येष्ठा भरणी चैव कृत्तिका।
सार्पस्वातीविशाखा च चित्रा गमन वर्जिताः ॥ ६ ॥
कृत्तिका एकविंशत्या भरण्या सप्तनाडिकाः।
एकादशमघायाश्च त्रिपूर्वाणां च षोडश ॥ ७ ॥
विशाखासार्पचित्रासु स्वाती ऐंद्रं चतुर्दश।
आद्यास्तु घटिकास्त्याज्याः शेषांशे गमनं शुभम् ॥ ८ ॥

टीका—नीचे लिखे आर्द्रा, ज्येष्ठा, भ०, कृत्तिका चित्रा, श्लेषा, मघा, विशाखा, स्वाती नक्षत्रों में यात्रा न करै, परन्तु आवश्यकता वश कृत्तिका की २१ घड़ी तीनों पूर्वा की १६ घड़ी, मघाकी ११ घड़ी, भरणी की ७ घड़ी, अश्लेषा, विशाखा, चित्रा, स्वाती, और ज्येष्ठा के आदि की १४ घड़ी त्याग कर यात्रा करै ॥ ६ ॥ ८ ॥

पूर्वादिगमने दिक्शूलविचारः।

मूल श्रवण शाक्रेषु प्रतिपन्नवमीषु च।
शनौ सोमे बुधे चैव पूर्वस्यां गमनं त्यजेत् ॥ ६ ॥

टीका—मूल, श्रवण, ज्येष्ठा नक्षत्र में, प्रतिपदा और नौमी तिथि में एवं शनि, सोम, बुधवार को पूर्व दिशा में न जाय ॥ ९ ॥

दक्षिणे।

पूर्वाभाद्रपदाऽश्विन्यौ पञ्चमी च त्रयोदशीम्।
गुरुं धनिष्ठाऽऽर्द्राश्चैव याम्ये सप्त विवर्जयेत् ॥ १० ॥

टीका—पूर्वाभाद्रपदा, अश्विनी, धनिष्ठा और आर्द्रा नक्षत्र में, पंचमी। और त्रयोदशी में, एवं गुरुवार के दिन दक्षिण दिशाको न जाय ॥ १० ॥

पश्चिमे।

रोहिण्यां च तथा पुष्ये षष्ठी चैव चतुर्दशी।
भौमार्कगुरुवारेषु न गच्छेत्पश्चिमांदिशम् ॥ ११ ॥

टीका—रोहिणी और पुष्य में, षष्ठी और चतुर्दशी में, मंगल, रवि और गुरुवार में, पश्चिम को न जाय ॥ ११ ॥

उत्तरे।

करेचोत्तरफाल्गुन्यां द्वितीयां दशमी तथा।
बुधे रवौ भौमवारे न गच्छेदुत्तरांदिशम् ॥ १२ ॥

टीका—हस्त और उत्तराफाल्गुनी, द्वितीया और दशमी तिथि बुध, रवि और भौमवार को उत्तर दिशा में न जाय ॥ १२ ॥

दिक्शूलविचारः।

ऐशान्यां ज्ञे शनौ शूल आग्नेय्यां गुरुसोमयोः।
वायव्यां भूमिपुत्रे तु नैऋत्यां शुक्रसूर्ययोः ॥ १३ ॥

टीका—बुध और शनिको ईशान्यको यात्रा, गुरु और सोमवार को आग्नेय की, मंगल को वायव्य की, शुक्र और रविवार को नैऋत्य की यात्रा वर्जित है ॥ १३ ॥ शूलदोषपरिहारः।

सूर्यवारेघृतंपीत्वा गच्छेत्सोमेपयस्तथा।
गुडमंगारवारे तु बुधवारेतिलानपि ॥
गुरुवारेदधिर्ज्ञेयं शुक्रवारेयवानपि।
मांषान्भुक्त्वाशनेर्वारे शूलदोषोपशान्तये ॥ १४ ॥

टीका—रविवार को घी, सोमवार को दूध, मंगल को गुड़, बुधको तिल, गुरुको दही, शुक्र को जौ और शनिवार को उड़द खाकर यात्रा करने से शूल दोष नहीं लगता है ॥ १४ ॥ सन्मुखचन्द्र विचारः।

करणभगतदोषं वारसंक्रान्तिदोषं।
कुतिथि कुलिकदोषं वारयामार्द्धदोषम् ॥
कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादि दोषं।
हरतिसकलदोषं चन्द्रमाः संमुखस्थः ॥ १५ ॥

टीका—करण, नक्षत्र, वार, संक्रान्ति कुतिथि, कुलिक, वार यामार्द्ध, मंगल शनि, रवि, राहु, केतु इत्यादि दोषों को सन्मुख चन्द्र दूर करता है ॥ १५ ॥

नोट—मेषे च सिंहे धन पूर्व भागे वृषे च कन्या मकरे च याम्ये।
तुला सु कुम्भे मिथुने प्रतीच्यां कर्कालिमीने दिशीचोत्तरस्याम ॥ १ ॥
संमुखेचार्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठे च प्राणनाशाय वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥ २ ॥

कालवेला विचारः—

पूर्वाह्णे चोत्तरांगच्छेत्प्राच्यां मध्याह्नके तथा ।
दक्षिणेऽपराह्णे तु पश्चिमेऽर्धरात्रके ॥ १६ ॥

टीका—दिनके प्रथम प्रहर में उत्तर को, दूसरे प्रहर में तथा मध्यान्ह में पूर्व को, तीसरे प्रहर में दक्षिण को और अर्द्धरात्रि में पश्चिम को गमन करै ॥१६॥

योगिनीवासः—

प्रतिपन्नवमीपूर्वे द्वितीयादिशिचोत्तरे ।
तृतीयैकदशीवन्हौ चतुर्द्वादशिनैर्ऋते ॥ १७ ॥
पञ्चत्रयोदशीयाम्ये षष्ठीभूतं च पश्चिमे ।
सप्तमीपूर्ववायव्ये अमावास्याष्टमीशिवे ॥ १८ ॥

टीका—१।९ को पूर्व में, २ । १० को उत्तरमें, ३ । ११ को आग्नेय में, ४ । १२ को नैऋत्यमें, ५ । १३ को दक्षिण में, ६ । १४ को पश्चिम में, ७ । १५ को वायव्य में, ३० । ८ को ईशान्य में योगिनी का वास होता है ॥ १७ ॥ १८ ॥

फलम्—

पृष्ठे च शिवदाप्रोक्ता वामे चैव विशेषतः ।
योगिनी सा भवेन्नित्यं प्रयाणे शुभदा नृणाम् ॥ १९ ॥

टीका—यात्रामें पीछे की और वाम भाग की योगिनीःशुभ फल देती है॥४८

वारपरत्वेन कालराहु विचारः—

अर्कोत्तरे वायुदिशां च सोमे भौमे प्रतीच्यां बुधनैर्ऋते च ।
याम्येगुरौ वन्हि दिशां चशुक्रे मन्दे च पूर्वे प्रवदन्तिकालम् ॥२०

टीका—रविवार को उत्तर में सोम को वायव्य में मंगल को पश्चिम में, बुध को नैऋत्य में गुरु को दक्षिण में शुक्र को आग्नेय में, और शनि को पूर्व में काल राहु का वास होता है ॥ २० ॥

फलम—

रविदिनगुरुपूर्वे सोमशुक्रे च याम्ये ।
वरुणदिशि तु भौमे चोत्तरे सौरिसंस्थे ॥
प्रतिदिनमितिमत्वा कालराहुर्दिशानां ।
सकलगमनकार्ये वामपृष्ठे च सिद्धिः ॥ २१ ॥

क्षुधितराहुः—

इन्द्रेवायौयमेरुद्रतोयेऽग्नौशाशिरक्षसोः
यामार्द्धक्षुधितोराहुर्भ्र मत्येवदिगष्टके ॥ २२ ॥
न तिथि र्नच नक्षत्रं न योगो न च चन्द्रमाः ।
सिद्ध्यन्ति सर्वकार्याणि यात्रायां दक्षिणे रवौ ॥ २३ ॥

टीका—रवि और गुरुवार में यात्रा करने से कालराहु पिछाड़ी को रहता है एवं सब कार्मोंको सिद्ध करता है। इसी प्रकार सोम, शुक्र में दक्षिणको, भौमवार को पश्चिम को और शनिवार में उत्तर को यात्रा करने से सब कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है ॥ २१ ॥

प्रथम यामार्द्ध में क्षुधित राहुको पूर्व में, २ यामार्द्ध में क्षुधित राहुको वायव्यमें ३ यामार्द्धमें क्षुधित राहुको दक्षिण में ४ में क्षुधित राहुको ईशान्य में, ५ में क्षुधित राहुको पश्चिम में ६ में क्षुधित राहु को आग्नेयमें, ७ में क्षुधित राहु को उत्तर में ८ यामार्द्ध में क्षुधित राहुको नैर्ऋत्यमें जाने । इस प्रकार आठों दिशाओं में भ्रमण करता है । परन्तु दक्षिण भाग में स्थित सूर्य का विचार कर यात्रा करै तो तिथि नक्षत्रादिक का दोष नहीं होता और समस्त कार्य सिद्ध होते हैं ॥ २२ ॥ २३ ॥

कालज्ञानम्—

कालः पलं पातक लोहपात वडवानलाः खड्ग कवच कान्तिकाः ।
नखाश्चतुर्विंशति पट्ट तथा दिग्रुद्राधृतिर्वेदगुणाः क्रमेण ॥
तिथ्यायुतं वै वसुभाजितं च शेषश्च कालो मुनयो वदन्ति ॥२४॥

फलम्—

कालं पृष्ठे पल संमुखेन पातं च लोहं वडवां च पृष्ठे ।
खड्गं च चाग्रे कवचं चवामेकान्तिश्चयोज्या दिशि दक्षिणस्याम् २५

टीका—कालोंके नाम, १काल[20] २पल[24] ३पातक[6] ४ लोहपात[10] ५ वडवानल[11] ६ ख[18]ड्ग ७ कवच ८ कान्ति[30] इन आठ कालों के ऊपर जो अङ्क लिखे हैं, उनमें गमन कालकी जो तिथि है उसको एक २ अंकमें मिलावे, आठका भाग दे, शेष अंक जो रहे उस दिशाको काल जाने । इस प्रकार पूर्वादि आठो दिशाओं के क्रम से काल मुनियों ने कहा है ॥ २४ ॥

पृष्ठभाग में काल, सन्मुख पल, पातक लोहपात और वड़वानल पिछाड़ी, आगे खड्ग बाईं ओर कवच एवं दक्षिण ओर कान्ति रहनेसे शुभ फल देते हैं २५

पन्थाराहुचक्रम् ।

स्युर्धर्मेदस्रपुष्योरगवसुजलपद्वीशमैत्राण्यथार्थे ।
याम्याजांघ्रीन्द्रकर्णादितिपितृयवनोडून्यथोभानिकामे ॥
वान्ह्यार्द्राबुध्न्यचित्रा निर्ऋतिविधिभगाऽऽख्यानिमोक्षोऽथ ।
रोहिण्यर्यमणाब्जेन्दु विश्वान्तिमभदिनकरर्क्षाणि पन्थादिराहौ२६

टीका—२८ नक्षत्रों में से धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष इन ४ मार्गों में सात २ नक्षत्रों को बाँट दे। इस चक्र में स्पष्ट देखो इन चारों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) मार्गों में से किसी एक में सूर्य तथा शेष तीनों में से किसी एक में चन्द्रमा हो तो उसका पृथक् २ फल कहते हैं ॥ २६ ॥

धर्म	अश्विनी	पुष्य	आश्लेषा	विशाखा	अनुराधा	धनिष्ठा	शतभिषा
अर्थ	भरणी	पुनर्वसु	मघा	स्वाती	ज्येष्ठा	श्रवण	पू. भा.
काम	कृत्तिका	आर्द्रा	पूर्वा फा०	चित्रा	मूल	अभिजि०	उ. भा.
मोक्ष	रोहिणी	मृगशिरा	उ. फा.	हस्त	पूर्वाषा०	उत्त. षा.	रेवती

धर्ममार्गगत सूर्य अर्थ अर्थगत चन्द्रफलम् ।

धर्म मार्गे गते सूर्ये अर्थान्शे चन्द्रमा यदि ।
तदा शत्रुभयं तस्य ज्ञेयं तू विबुधैः शुभम् ॥ २७ ॥

टीका—धर्ममार्गी नक्षत्र में सूर्य और अर्थ मार्गी नक्षत्र में चन्द्रमा के होने पर यात्रा करने से मार्ग में शत्रु भय होता है ॥ २७ ॥

धर्ममार्ग गत सूर्य चन्द्रफलम् ।

धर्ममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते ।
संहारश्च भवेत्तत्र भंगो हानिः प्रजायते ॥ २८ ॥

टीका—धर्म मार्गी नक्षत्रों में सूर्य और चन्द्रमा दोनों ही हों तो संहार, भंग और हानि होती है ॥ २८ ॥

धर्मगत सूर्य कामगत चन्द्र फलम् ।

धर्ममार्गे गते सूर्ये कामांशे चन्द्रमा यदि ।
विग्रहो दारुणं चैव चौराकुलसमुद्भवम् ॥ २९ ॥

टीका—धर्म मार्गी नक्षत्रों में सूर्य और काममार्गी नक्षत्रों में चंद्रमा के होने से घोर विग्रह और चोर भय होता है ॥ २९ ॥

धर्मगत सूर्य मोक्षगत चन्द्र फलम् ।

धर्ममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे मोक्षगते यदि ।
गृहलाभो भवेत्तस्य विज्ञेयो नात्र संशयः ॥ ३० ॥

टीका—धर्म मार्गी नक्षत्रों में सूर्य और मोक्षमार्गी नक्षत्रों में चन्द्र के होने से गृहलाभ और मार्ग में सुख मिलता है ॥ ३० ॥

अर्थमार्गगत सूर्य धर्मगत चन्द्र फलम् ।

अर्थमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे धर्मस्थिते यदि ।
गजलाभो भवेत्तस्य तत्र श्रीः सर्वतो सुखी ॥ ३१ ॥

टीका—अर्थमार्गी सूर्य और धर्ममार्गी चन्द्रमा के होने से गज लाभ, लक्ष्मी प्राप्ति और सदा शुभ प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥

अर्थमार्ग गत सूर्य चन्द्र फलम् ।

अर्थमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते ।
प्रथमं जायते कार्यं तत्र भंगो भविष्यति ॥ ३२ ॥

टीका—अर्थमार्गी सूर्य और चन्द्रमा के होने से प्रथम कार्य सिद्ध होकर पीछे भंग हो जाता है ॥ ३२ ॥

अर्थगत सूर्य कामगत चन्द्र फलम् ।

अर्थमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे कामांश संस्थिते ।
सर्वसिद्धिर्भवेत्तस्य जानीयान्नात्रसंशयः ॥ ३३ ॥

टीका—अर्थमार्गी सूर्य और काममार्गी चन्द्रमा के होने से सब कामों में सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ३३ ॥

अर्थगत सूर्य मोक्षगत चन्द्रफलम् ।

अर्थमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे मोक्षस्थिते यदि ।
भूमिलाभो भवेत्तस्य हर्षयुक्तः सुखी भवेत् ॥ ३४ ॥

टीका—अर्थमार्गी सूर्य और मोक्षमार्गी चन्द्रमा के होने से भूमि लाभ होता है, एवं मनुष्य आनन्दित और सुखी रहता है ॥ ३४ ॥

काममार्गगत सूर्य धर्मगत चन्द्रफलम् ।

काममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे धर्मे च संस्थिते ।
गजाश्वाश्च विलभ्यन्ते राजसंमान संभवात् ॥ ३५ ॥

टीका—काममार्गी सूर्य और धर्ममार्गी चन्द्र के होने पर हाथी घोड़ा एवं पृथ्वी का लाभ हो और राजा से सन्मान पावे ॥ ३५ ॥

कामगत सूर्य धर्मगत चन्द्र फलम्—

काममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे धर्मे च संस्थिते ।
सकले जायते तस्य विघ्नभंगं विनिर्दिशेत् ॥ ३६ ॥

टीका—काममार्गी सूर्य और अर्थमार्गी चन्द्रमा के होने पर सम्पूर्ण विघ्न नष्ट हो जाते हैं ॥ ३६ ॥

कामगत सूर्य चन्द्र फलम्—

काममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते ।
विग्रहं दारुणं चैव कार्यनाशं विनिर्दिशेत् ॥ ३७ ॥

टीका—काममार्गी सूर्य और चन्द्रमा हो तो घोर विग्रह और कार्य नष्ट हो जाता है ॥ ३७ ॥

कामगत सूर्य मोक्षगत चन्द्र फलम्—

काममार्गे गते सूर्ये चन्द्रे मोक्षगतेपिवा ।
राज्ञोलाभो भवेत्तस्य स्वर्णलाभं विनिर्दिशेत ॥ ३८ ॥

टीका—काममार्गी सूर्य और मोक्षमार्गी चन्द्र के होने पर राजा से सुवर्ण की प्राप्ति होती है ॥ ३८ ॥

मोक्षमार्गगत सूर्य धर्मगत चन्द्र फलम्—

मोक्षमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे धर्मस्थिते यदि ।
हेमलाभो भवेत्तस्य सर्वकार्यं प्रसिद्ध्यति ॥ ३९ ॥

टीका—मोक्षमार्गी सूर्य और धर्ममार्गी चन्द्रमा हो तो सुवर्ण लाभ और सर्वसिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ॥ ३९ ॥

मोक्षगत सूर्य अर्थगत चन्द्रफलम् ।

मोक्षमार्गे गते सूर्ये अर्थांशे चन्द्रमा यदि ।
विफलं तस्य कार्यं च चौर राज रिपोर्भयम् ॥ ४० ॥

टीका—मोक्षमार्गी सूर्य और अर्थमार्गी चन्द्रमा हो तो राजा चौर एवं शत्रुसे भय हो ॥ ४० ॥

मोक्षगत सूर्य कामगत चन्द्र फलम्—

मोक्षमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे कामस्थिते यदि ।
सर्वसिद्धिमवाप्नोति कार्यं च जयमेव हि ॥ ४१ ॥

टीका—मोक्षमार्गी सूर्य और काममार्गी चन्द्रमा हो तो सर्वकार्य की सिद्धि और जय प्राप्त हो ॥ ४१ ॥

मोक्षगत सूर्य चन्द्र फलम् ।

मोक्षमार्गे गते सूर्ये चन्द्रे तत्रैव संस्थिते ।
विग्रहं दारुणं चैव विघ्नं तस्य भविष्यति ॥ ४२ ॥

टीका-मोक्षमार्गी सूर्य और चन्द्रमा हो तो दारुण विग्रह और विघ्न प्राप्त हो ४२

पन्थाराहु विचारः—

यात्रा युद्धे विवाहे च प्रवेशे नगरादिषु ।
व्यापारेषु च सर्वेषु पन्थाराहुः प्रशस्यते ॥ ४३ ॥

टीका—यात्रा में, युद्ध में, विवाह में, नगरादिक के प्रवेश में और सब प्रकार के व्यापारों में राहु मार्ग में शुभदायक होता है ॥ ४३ ॥

गर्गादिमतेन विचारः—

ऊषः प्रशंसते गर्गः शकुनं च बृहस्पतिः ।
अङ्गिरा मनउत्साहं विप्रवाक्यं जनार्दन ॥ ४४ ॥

टीका—गर्गमुनि के मत से रातकी पिछली ५ घड़ी उषाकाल में यात्रा शुभ, बृहस्पतिजी के मत से शुभ शकुन में यात्रा शुभ, अङ्गिरा ऋषि के मत से मन के उत्साह में यात्रा शुभ और जनार्दन के मत से ब्राह्मण के कथनानुसार यात्रा शुभ है ॥ ४४ ॥

शुभाशुभ वाहनानि—

आत्मनो जन्मनक्षत्राद्दिननक्षत्रमेव च ।
एकीकृत्य हरेद्भागं नन्दशेषे च वाहनम् ॥ ४५ ॥
रासभाऽश्वो गजो मेषो जंबुकः सिंहसंज्ञकः ।
काकश्चैव मयूरश्च हंस इत्येव वाहनम् ॥ ४६ ॥

—फलम्—

रासभे अर्थनाशश्च धनलाभश्च घोटके ।
लक्ष्मी प्राप्तिर्गजाख्ये हि मेषे च मरणं ध्रुवम् ॥ ४७ ॥
जंबुके स्वल्पलाभश्च सर्वसिद्धिश्च सिंहके ।
काके च निष्फलं कार्यं मयूरे च सुखावहम् ॥
हंसे तु सर्वसिद्धिःस्या द्वाहनानां फलं स्मृतम् ॥ ४८ ॥

टीका—अपने जन्मनक्षत्र से दिन के नक्षत्र तक गिनै, फिर नौका भाग देने से जो शेष बचैं उन्हें वाहन जाने, १ बचे तो गर्दभ वाहन होता है, यह अर्थनाश करता है। २ बचने से घोड़ा, यह धन देता है। ३ बचै तो हाथी, यह लक्ष्मी देता है। ४ बचे तो मेढा, मृत्यु देता है। ५ बचे जम्बुक, यह थोड़ा लाभ करता है। ६ बचै तो सिंह, यह सब कामों को सिद्ध करता है। ७ बचै तो काक, यह निष्फल जानो। ८ बचै तो मोर, यह सुख देता है। ९ बचै तो हंस, यह सिद्धि देता है॥ ४६ ॥ ४७ ॥ ४८ ॥

अङ्कमुहूर्तविचारः।

तिथयः पञ्चगुणिताः सप्तभिर्भाजिताश्च ताः ॥
वाराः स्युर्वह्निगुणिता वसुभिश्चैव भाजिताः ॥
चतुर्गुण्यानिभान्यऽङ्क भाजितानि यथाक्रमम् ॥ ४९ ॥

टीका—जिस तिथि में यात्रा करनी हो उसे १५ से गुणाकर के सात का भाग दे और वारको तीन से गुणकरके ८ का भागदे। इसी प्रकार नक्षत्रको४ से गुण करके ६ का भागदे, जो शेष बचै उसका फल इस प्रकार होता है ॥४९॥

फलम्—

पीडास्यात्प्रथमेशून्ये मध्यशून्ये महद्भयम्।
अन्त्यशून्ये तु मरणं त्र्यंके च विजयी भवेत् ॥ ५० ॥

टीका—तिथिको भाग देने पर शून्य शेष बचे तो पीड़ा, वारके भाग में शून्य बचने से बहुत भय और नक्षत्र को भाग देने से शून्य बचे तो मृत्यु होती है। इसके अतिरिक्त यदि तीनों स्थानों में अङ्क बचे तो विजय प्राप्त हो ॥५०

यात्रायां शुभाशुभविचारः।

अर्के क्लेशमनर्थकं च गमने सोमे च बन्धुप्रियं।
चाङ्गारेऽनलतस्करज्वर भयं प्राप्नोति चार्थंबुधः ॥५१॥
क्षेमारोग्यसुखं करोति च गुरौ लाभश्च शुक्रे शुभो।
मन्दे बन्धन हानि रोगमरणान्युक्तानि गर्गादिभिः ॥५२॥

टीका—रविवारको जाने से मार्ग में क्लेश और अर्थ की हानि, सोमवार को जाने से बन्धु एवं प्रिय दर्शन, मंगल में अग्नि से चोर से एवं ज्वर से भय, बुधवार में द्रव्य और सुख प्राप्ति, गुरुवार में आरोग्य सुख। शुक्रवार में लाभ

और शुभफल की प्राप्ति एवं शनिवार में यात्रा करने से बंधन, रोग और मृत्यु की प्राप्ति होती है ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

होराकथनं तत्फलञ्चाह ।

वारात्षष्ठस्य षष्ठस्य होरा सार्द्धद्विनाडिका ।
अर्कशुक्रौ बुधश्चन्द्रो मन्दो जीवो धरासुतः ॥ ५३ ॥
गुरुर्विवाहे गमने च शुक्रो बोधेसौम्यः सर्वकार्येषु चन्द्रः ;
कुजे च युद्धं रवि राजसेवामन्दे च वित्तंत्विति होरयोगः ५४
यस्य ग्रहस्य वारेपि कर्म किंचित्प्रकीर्तितम् ।
तस्य ग्रहस्य होरायां सर्वं कर्म विधीयते ॥ ५५ ॥

टीका—प्रथम होरा २॥ घड़ी उसी वारका होता है। द्वितीय होरा उससे छठें वारका होता है। इसी प्रकार से हरेक ढाई २ घड़ीमें क्रमसे छठें २ ग्रहका होरा होता है। उसका क्रम इस प्रकार से है। प्रथम रविवार को २॥ घड़ी रवि का ही होरा, फिर शुक्र का होरा २॥ घड़ी, फिर २॥ घड़ी शुक्र से छठाँ बुधका, फिर २॥ घड़ी बुध से छठे चन्द्रका इसी क्रम से प्रत्येक का जानना चाहिये। अब किस ग्रह के होरा का क्या फल होगा सो कहते हैं—गुरुका होरा विवाह में, शुक्र का यात्रा में, ज्ञान प्राप्ति में बुधका, सम्पूर्ण कार्यों में चन्द्रमा का, युद्ध में मंगल का राज सेवा में सूर्य का, धन संग्रह में शनि का होरा श्रेष्ठ है। जिस ग्रह के वार में जो काम कहा है वह काम उस ग्रह के होरा में भी करना शुभ होता है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥

अथ होराफलं तत्रादौ सूर्यहोराफलम्—

सूर्यस्यहोरे रजकी सुवस्त्रं कुमारिका विप्रचतुष्टयं च ।
काकत्रयं द्वौ नकुलौ तथैव चाष स्तथैकोवृषभश्च गौश्च ५६

टीका—रवि के होरा में गमन करने से जो शकुन होते हैं, उसको कहते हैं। धोबिन वस्त्र लिये, कुमारी, ४ ब्राह्मण, ३ काक, २ नेउला, २ चाष, १ बैल और १ गाय शकुन में मिलते हैं ॥ ५६ ॥

चन्द्रहोराफलम्—

चन्द्रस्यहोरे द्विजयुग्म काक भेरी मृदङ्गा नकुलाः खरोष्ट्रौ ।
हयश्चगो मेष शुनस्तथैव पुष्पाणि नारीद्वय मेव मार्गे ॥५७॥

टीका—चन्द्रके होरा में गमन करने से मार्ग में दो ब्राह्मण, काक, नगाड़े,

मृदंग, नेउला, गधा, ऊँट, घोड़ा, गाय, मेढा, कुत्ता, पुष्प और दो स्त्रियां मिलती हैं ॥ ५७ ॥

भौमहोराफलम्

मार्जारयुद्धं कलहःकुटुम्बे रजस्वलास्त्री भवनस्यदाहः ।
नपुंसकः श्वत्रितयं चरण्डा नग्नो च अग्नी धरणीसुतस्य ५८

टीका—मङ्गल के होरा में यात्रा करने से बिल्लियोंकी लड़ाई, स्त्री पुरुषोंका कलह, रजस्वला स्त्री, जलता हुआ घर, नपुंसक, ३ कुत्ते, नग्न ब्राह्मण, मार्ग में मिलते हैं ॥ ५८ ॥

बुधहोराफलम्—

बुधस्यहोरे शकुनश्च सर्वः स्त्रीपुत्रयुक्ता कलशास्तुपूर्णाः ।
सुचातकश्चापगजोकुमारः पुष्पाणि नारी खलु दर्पणश्च ॥५९॥

टीका—बुधके होरामें यात्रा करने से पुत्रवती स्त्री, जल भरा हुआ कलश, चातक पक्षी वा चाप, हाथी, पुष्प, स्त्री और दर्पण मार्ग में मिलते हैं ॥५९

गुरुहोराफलम् ।

सुरेज्य होरा गणिका च धेनुः स्त्रीबालयुक्ता सजलोघटश्च ।
ऊर्णा च काको नकुलो बकश्च हंसश्च राजा बहवस्तु वैश्याः ॥६०॥

टीका—गुरु के होरामें ब्राह्मण, गणिका, गाय, पुत्रलिये, स्त्री, जलपूर्ण घट, ऊनी वस्त्र, नेउला, बगुला, हंस, राजा, बहुतवैश्य मिलते हैं ॥ ६० ॥

शुक्रहोराफलम्—

शुक्रस्यहोरे गणिका द्विजेन्द्रः काकास्त्रिपञ्चांऽथनपुंसकोवा ।
मद्यं हि मांसं गणका च धेनुर्धान्यं च शूद्रत्रितयं च वैश्यः ॥६१॥

टीका—शुक्र के होरा में वेश्या, ब्राह्मण, ३ वा ५ काक, वा नपुंसक, मद्य, मांस, ज्योतिषी, गौ, धान्य तीन शूद्र तथा वैश्य मिलते हैं ॥ ६१ ॥

शनिहोराफलम्—

पतंगसूनोर्यवनश्च नग्नो रजस्वलास्त्री मृतकस्तथैव ।
पिशाच गृध्रो विधवा च वह्निनर्नपुंसकश्चाथ युवा प्रचण्डः॥६२॥

टीका-शनिके होरामें नंगा, यवन, रजस्वलास्त्री, प्रेत, पिशाच, गिद्ध पक्षी विधवा, स्त्री, अग्नि, नपुंसक और प्रचंडयुवापुरुष यात्रा करने पर मार्गमें मिलते हैं ॥ ६२ ॥

मनुवचनम्—

गमने प्रति राजस्तु सन्मुखो दर्शने न च ।
प्रशस्ताश्चैवसंभाषेत्सर्वानेतांश्च कीर्तयेत् ॥ ६३ ॥

टीका—हे राजन्! यात्रा के समय पूर्वोक्त शकुनों का कीर्तन, श्रवण व दर्शन न हो तो मनमें स्मरण करके यात्रा करने से भी शुभ फल होता है ॥६३॥

घातचन्द्रनिर्णय—

प्रयाण काले युद्धे च, कृष्यौवाणिज्य संग्रहे ।
विवादेचगृहारम्भे वर्जिता घात चन्द्रमा ॥ ६४ ॥

टीका-यात्रा, युद्ध, कृषी, व्यापार, अन्नादि के संग्रह में विवाद और गृहारम्भ में घात चन्द्रमा वर्जित है ॥ ६४ ॥

घातप्रकरणम्—

घाततिथिं घातवारं घातनक्षत्र मेव च ।
यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञो ह्यन्यकर्मसु शोभनम् ॥ ६५ ॥

टीका—घाततिथि, घातवार और घात नक्षत्र, यात्रा में वर्जित है। अन्य कार्यों में शुभ जाने ॥ ६५ ॥

मेषे रविर्मघा प्रोक्ता षष्ठी प्रथमचन्द्रमाः ।
वृषभे पंचमो हस्तश्चतुर्थी शनिरेव च ॥ ६६ ॥
मिथुने नवमः स्वाती अष्टमी चन्द्रवासरः ।
कर्केद्विरनुराधा च बुधे पष्ठी प्रकीर्तिताः ॥ ६७ ॥
सिंहे पष्ठश्चन्द्रमाश्च दशमी शनि मूलके ।
कन्यायां दशमश्चन्द्रः श्रवणः शनिरष्टमी ॥ ६८ ॥
तुलेगुरुर्द्वादशीस्याच्छतं तृतीयचन्द्रमाः ।
वृश्चिके रेवती सप्त दशमी भार्गवस्तथा ॥ ६९ ॥
धने चतुर्थो भरणी द्वितीया भार्गवस्तथा ।
मकरेऽष्टमे रोहिणी द्वादशी भौमवासरः ॥ ७० ॥
कुंभे एकादशश्चार्द्रा चतुर्थी गुरुवासरः ।
मीने च द्वादशः सार्पं द्वितीया भार्गवस्तथा ॥ ७१ ॥

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुम्भ	मीन
चन्द्र	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु		शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वा.	अनु	मूल	श्रवण	शत	रेवती	भरणी	रोहि.	आर्द्रा	आश्ले
तिथि	६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२

टीका—मेषादि १२ राशिवालों को घातचन्द्रादि चतुष्टय वर्जित कर शुभ नक्षत्र आदि देख कर यात्रा करना चाहिये ॥ ६ ॥ ११ ॥

कालचन्द्रः—

मेषेवेदा वृषेऽष्टौ च मिथुने च तृतीयकः।
दशकर्के रविः सिंहे कन्याश्नङ्कः प्रकीर्तितः ॥ ७२ ॥
षट्तुले वृश्चिकेखेंदु धनेरुद्राः प्रकीर्तिताः।
मकरे ऋषयः प्रोक्ता कुम्भेवाणा उदाहृताः।
मीनेत्वब्धिः कालचन्द्रः शौनकश्चेदमब्रवीत् ॥ ७३ ॥

टीका—मेषको ४ वृषको ८ मिथुन को ३ कर्कको १० सिंहको १२ कन्या को ९ तुला को ६ वृश्चिक को १० धन को ११ मकर को ७ कुभंको ५ और मीन राशि को ४ चन्द्रमा कालचन्द्र होता है। यह कालचन्द्र शौनक ऋषिप्रोक्त सब कामों में वर्जित है ॥ १२-१३ ॥

तिथिपरत्वे वर्जित लग्नम्—

नन्दायामलिहर्योस्तु तुलामकरयोस्तथा।
भद्रायां मीन धनुषोः कालस्तिष्ठति सर्वदा ॥ ७४ ॥
जयायां स्त्रीमिथुनयो रिक्तायां मेषकर्कयोः।
पूर्णायां कुंभवृषयो र्मनुष्यं मरणं ध्रुवम् ॥ ७५ ॥

टीका—नन्दातिथि को वृश्चिक, सिंह, तुला एवं मकर। भद्रा तिथि को मीन एवं धन। जया को कन्या एवं मिथुन। रिक्ता को मेष एवं कर्क। पूर्णातिथि को कुम्भ एवं वृष लग्न यात्रा में वर्जित है ॥ १४ ॥ १५ ॥

महदाडलमुहूर्त्तः।

सूर्यभाद्र गणयेच्चान्द्रं सप्तभि र्भागमाहरेत्।
त्रिषट्कं भ्रमणं चैव द्विःसप्त महदाडलम् ॥ ७६ ॥

प्रथमं पञ्च चत्वारि आडलो नास्ति निश्चितम् ।
आडले ताडनं प्रोक्तं भ्रमणो कार्यनाशनम् ॥ ७७ ॥

टीका—सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनै, ७ का भाग देने पर ३ और ६ शेष बचे तो भ्रमण, २।७ बचै तो महत्--आडल योग होता है । वह ताड़ना करता है १।४।५ बचे तो आडल नहीं होता । यह यात्रा में कहा गया है ॥ ७६ ॥ ७७ ॥

हैंवरमुहूर्त्तः—

सूर्यभाद् गणयेच्चान्द्रं पक्षादितिथि वार युक् ।
नवभिस्तु हरेद्भागं सप्तशेषे तु हैंवरम् ॥ ७८ ॥

टीका—सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिन कर पक्ष, तिथि, वार मिलाय, ९ का भाग देने पर ७ बचै तो हैंवर योग होता है, यह यात्रा में शुभ है ॥ ७८ ॥

घवाडमुहूर्त्तः ।

सूर्यभाद् गणयेच्चान्द्रं त्रिगुणं तिथिमिश्रितम् ।
नवभिस्तु हरेद्भागं त्रीणिशेषं घवाड़कम् ॥ ७९ ॥

टीका—सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिन कर तिगुन करै, फिर उसमें शुक्ल प्रतिपदादि तिथियों को मिलावे, ९ का भाग दे, तीन शेष बचै तो घवाड़ मुहूर्त जाने ॥ ७९ ॥

वारपरत्वेन स्वरविचारः—

गुरौ शनौ रवौ भौमे शुभो वै दक्षिणः स्वरः ।
अन्यवारेषु वामस्तु स्वरश्चैव शुभः स्मृतः ॥ ८० ॥
निर्गमे वामतः श्रेष्ठः प्रवेशे दक्षिणः शुभः ।
यः स्वरः सच नासाग्रे योगिनां मतमीदृशम् ॥ ८१ ॥

टीका—गुरु, शनि, रवि और भौमवार में दक्षिण स्वर चलने पर प्रवेश करने में शुभ । सोम, बुध और शुक्रवार में वाम स्वर के चलने पर यात्रा करना श्रेष्ठ है, ऐसा स्वर के ज्ञाता कहते हैं ॥ ८० ॥ ८१ ॥

वारपरत्वेन छायाविचारः—

अष्टौपादाबुधेस्यु र्नवधरणिसुते सप्तजीवे पदानि ।
ज्ञेयं चैकादशार्के शनिशशिभृगुषु प्रोक्तमर्थे चतुष्कम् ॥

तस्मिन्काले मुहूर्ते सकलगुणयुते कार्यसिद्धिः शुभोक्ता ।
नास्मिन् पञ्चाङ्गशुद्धिर्न खलु शशिबलं भाषिते गर्गमुख्यैः ॥ ८२

टीका—८ पैर अपनी छाया देख कर बुधवार को यात्रा करे, ९ पैर छाया देख सोमवार को यात्रा करै, ७ पैर छाया में गुरु को, ११ पैर छाया में रवि को, ४ पैर छाया में शनि सोम और शुक्रवार को यात्रा करे, तो यह सर्व गुणयुक्त सिद्धि मुहूर्त होता है। इसमें चन्द्रके देखने की आवश्यकता नहीं है। यह गर्गाचार्य का वचन है ॥ ८२ ॥

छाया पाद वार							
वार	सू.	च.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
पाद	११	४	९	८	७	४	४
छाया							

यात्रालग्नविचारः—

चरलग्ने प्रयातव्यं द्विःस्वभावे तथा नरैः ।
लग्नेस्थिरे न गन्तव्यं यात्रायां क्षेममीप्सुभिः ॥ ८३ ॥

टीका—चारो लग्नमें और द्विःस्वभाव लग्नमें शुभ की अभिलाषा करने वाले यात्रा करें, शेष लग्नमें यात्रा न करें ॥ ८३ ॥

द्वादशस्थानानुसारेण यात्रालग्ने ग्रहबलम्—

तनुःस्थानम्—

जन्मस्थंचाष्टमं त्याज्यं लग्नं द्वादशमेव च ।
ग्रहाणां च बलं वीक्ष्य गच्छेद्दिग्विजयं नृपः ॥ ८४ ॥

टीका—लग्न में अष्टम एवं द्वादश स्थान में पापग्रह को छोड़, ग्रह बल देख यात्रा करने से विजय प्राप्त होती है ॥ ८४ ॥

स्थाने यदा स्युर्गुरुसौम्यशुक्राः सिध्यन्तिकार्याणि च पंचमेऽह्नि ।
राज्ञःपदं वा सुखदेशलाभं मासस्यमध्ये ग्रहभावयुक्तम् ॥ ८५ ॥

टीका—लग्नमें गुरु, बुध वा शुक्र हों तो यात्रा करने पर ५ दिन में वा १ मास में राज्यपद व देश लाभ हो ॥ ८५ ॥

धनस्थानम्—

जीवो बुधो वा भृगुनंदनो वा स्थानेद्वितीये गमनस्यकाले ।
सुवस्त्रलाभं चतुरङ्गलाभं मासस्य मध्ये च चतुर्दशेऽह्नि ॥८६॥

टीका—दूसरे स्थान में गुरु, बुध वा शुक्र हो तो यात्रा करने पर १४ दिनमें वा १ मास में वस्त्र और घोड़ा मिलें ॥ ८६ ॥

यदा धनस्था रविराहुभौमाः सौरिश्च केतु स्त्रिभिरेवमासैः ।
वित्तस्यनाशं च ददातिमृत्युं सत्यंहि वाक्यं मुनयोवदन्ति ॥८७॥

टीका—दूसरे स्थान में रवि, राहु, मंगल, शनि वा केतु हों तो यात्रा करनेसे ३ महीने में धन हीन हो कर मृत्यु होती है। यह मुनियों का सत्य वचन जाने ८७

तृतीयस्थानम्—

स्थानेतृतीये गुरुभार्गवौ च सोमस्यसूनुश्च निशापतिश्च ।
करोतिकार्यं सफलं च सर्वं पक्षद्वयेनापि दिनत्रयेण ॥८८॥

टीका--तीसरे स्थान में गुरु शुक्र चन्द्र वा बुध हो तो यात्रा करने से ३ दिन में वा १ मास में कार्य सिद्ध हो ॥ ८८ ॥

चतुर्थस्थानम्—

क्रूराश्चतुर्थे गमने यदा तु नस्युश्च शेषाः शुभदा हि कार्ये ।
तत्रापि देवन भवेच्चसिद्धि र्मासत्रयेणापि दशाहमध्ये ॥८९॥

टीका--यात्रा के लग्न से क्रूरग्रह चौथे स्थान में हों तो शेष शुभग्रह सम्पूर्ण कार्यों का नाश करते हैं तथापि दैवयोग से इनमें यात्रा करने पर १० दिन के उपरान्त वा ३ मास में कार्य सिद्ध होता है ॥ ८९ ॥

पंचमस्थानम्--

गुरुर्भृगुश्चन्द्रबुधौ यदा स्याच्छुभे च लग्ने तु सुते च युक्ताः ।
कुर्वन्तिकार्यस्य च सिद्धिमिष्टां मासद्वयेनापिवदन्तिसत्यम् ॥९०॥

टीका—गुरु, शुक्र, चन्द्र वा बुध पंचम स्थानमें हों तो यात्रा करने से दो मास में कार्य सिद्ध होता है ॥ ९० ॥

रिपुस्थानम्—

जीवश्च शुक्रश्च बुधश्च षष्ठे करोतियात्रां सफला विलग्नात् ।
पक्षद्वयेनापि वदन्तिमत्यं सौम्यर्क्षसंस्थं सबलश्च चन्द्रः ९१॥

टीका—गुरु, शुक्र वा बुध छठें स्थान में हों तो यात्रा करना सफल जाने और मृगशिरा नक्षत्र का चन्द्रमा उस स्थान में हो तो सम्पूर्ण कार्य १ मास में सिद्धि होंगे ऐसा जाने ॥ ९१ ॥ सप्तमस्थानम्—

चेत्सप्तमस्थागुरुसोमसौम्याः कुर्वन्तियात्रा विजयंनृपाणाम् ।
सर्वेनृपास्तस्यभवन्तिवश्या मासद्वयेनापि च पंचभिर्दिनैः ॥९२॥

टीका—सातवें स्थान में गुरु, सोम वा बुध हो तो यात्रा करने से राजा को विजय प्राप्ति हो और सब राजा ५ दिन वा दो मास में उसके अधीन हो जायँ ॥ ९२ ॥

अष्टमस्थानम्—

क्रूराश्च सर्वे यदि लग्नकाले मृत्युस्थिता मृत्युकराभवन्ति ।
सौम्यो गुरुर्वा भृगुनंदनो वा दीर्घायुषं मृत्युकरश्च चन्द्रः ॥९३॥

टीका—क्रूरग्रह आठवें स्थान में हों तो यत्रा में मृत्युकारक जाने, सौम्यग्रह आठवें स्थान में हो तो यात्रा में आयु की वृद्धि जानो, चन्द्रमा आठवें होने से यात्रा करने पर मृत्यु जाने ॥ ९३ ॥

नवमस्थानम्—

धर्मस्थिता यदि भवन्तिहि पापखेटाःप्रयाणकाले च तथैव चन्द्रमाः ।
तदाजयं वै सबले च चन्द्रे मासत्रयेणापि दिनैश्चतुर्भिः ॥९४॥

टीका—नवमस्थान में पापग्रह वा बलवान चन्द्र के होने पर यात्रा करने से तीन महीने वा चार दिन में कार्य सिद्ध होता है ॥ ९४ ॥

धर्मस्थितौ वा यदि जीवशुक्रौ सोमस्यसूनुर्यदि लग्नकाले ।
लग्नेचरे वा यदि वा स्थिरे वा कार्यस्यसिद्धिश्च भवेच्चलाभः ॥९५॥

टीका—धर्मस्थान में गुरु, शुक्र, सोम वा बुध, चर वा स्थिरलग्न में हो तो यात्रा करने पर कार्य सिद्ध और लाभ होता है ॥ ९५ ॥

दशमस्थानम्—

कर्मस्थिताः पापखगास्तु सौम्याः कुर्वन्तिकार्यं शनिवर्जिताश्च ।
लग्नेचरे वा यदि वा स्थिरे वा मासत्रयेणापि च चैकमासात् ॥९६॥

टीका—दशम स्थान में शनिको छोड़ शेष पापग्रह वा शुभ ग्रह चर वा स्थिर लग्न में हों तो यात्रा करने से ३ मास में १ मासमें कार्य सिद्ध होता है ॥९६॥

लाभस्थानम्—

लाभस्थितौ गुरुबुधौ भृगुनन्दनो वा क्रूराश्च सर्वे शशिनैवयुक्ताः।
सद्यः फलाप्तिश्च भवेत्प्रयातुः पक्षैकमध्ये दिवसत्रये वा ॥ ९७ ॥

टीका—ग्यारहवें स्थानमें सूर्यादि पापग्रह चन्द्रमाके साथ वा गुरु आदि शुभ ग्रह हों तो यात्रा करने से १ पक्ष में वा तीन दिन में कार्य सिद्ध जाने ॥ ९७ ॥

द्वादशस्थानम्—

सर्वेशुभा द्वादशसंस्थिताश्च यात्रा भवेत्तत्र विचित्रलाभः।
पापाश्च सर्वे व्ययदा भवन्ति यात्रा फलंगर्गमुनिप्रणीतम् ॥ ९८ ॥

टीका—द्वादश स्थान में सब शुभ ग्रह हों तो यात्रा करने से विचित्र लाभ हो और यदि पापग्रह हों तो व्ययकारक जानें। इस भाँति से यात्रा का फल गर्गमुनि ने कहा है ॥ ९८ ॥

वर्णपरत्वेन प्रस्थानवस्तूनि—

यज्ञोपवीतकं शस्त्रं मधुं च स्थापयेत्फलम्।
विप्रादिक्रमतः सर्वं स्वर्णधान्याऽम्बरादिकम् ॥ ९९ ॥

टीका—ब्राह्मण को यज्ञोपवीत, क्षत्रियको शस्त्र, वैश्य को मधु और शूद्र को फल का प्रस्थान रखना चाहिये और सोना वस्त्र एवं धान्य सब कोई साथ में रक्खें ॥ ९९ ॥

प्रस्थानदिनप्रमाणम्—

राजादशाहं पञ्चाऽहमन्योन्यप्रस्थितोवसेत्।
अङ्गप्रस्थानसम्पूर्णा वस्तुप्रस्थानकेऽर्द्धकम् ॥ १०० ॥

टीका—राजा को प्रस्थान धरने पर दस दिन, औरों को ५ दिन तक मुहूर्त उपयोगी होता है, उपरान्त वह मुहूर्त बिगड़ जाता है। मकान से बाहर जाकर रहे वह पूर्ण प्रस्थान है। वस्तु प्रस्थान में मुहूर्त का आधा फल जानें ॥ १०० ॥

प्रस्थानस्थानम्—

गेहाद्गेहान्तरं गर्गः सीम्नः सीमान्तरं भृगुः।
बाणक्षेपं भरद्वाजो वसिष्ठो नगराद्बहिः।
प्रस्थानेपि कृते नेयाद् महादोषान्विते दिने ॥ १०१ ॥

टीका—गर्ग के मतसे दूसरे घर में, भृगु के मत से सीमा के बाहर, भरद्वाज के मत से जितनी दूर बाण धनुष चढ़ाकर छोड़ने से जाता हो उतनी दूर पर और

वशिष्ठ के मत से नगर के बाहर प्रस्थान करै, तिस पर भी महादोष युक्त दिन में यात्रा न करै ॥ १०१ ॥

प्रस्थानकाले वर्जितकर्म—

क्रोधक्षौररतिश्रमामिषगुडद्यूताश्रुदुग्धासव।
क्षीराभ्यंगमयासिताम्बरवमिस्तैलंकटूज्झेद्गमे ॥
क्षीरक्षौररती: क्रमात् त्रिशरसप्ताहं परं तद्दिने।
रोगंस्त्र्यार्तवकं सितान्यतिलकं प्रस्थानकेपीतिच ॥१०२॥

टीका—क्रोध, क्षौर और स्त्री प्रसंग, परिश्रम, मांस, गुड, द्यूत, रोदन, दूध, मद्य, क्षीर, उबटन, आँवला, नीलवस्त्र, वमन, तेल और कटुपदार्थ, प्रस्थान के दिन वर्जित हैं। परन्तु प्रस्थान के ३ दिन पहले से दूध, ६ दिन पहले से क्षौर और ७ दिन पहले से स्त्री प्रसंग न करे, शेष वस्तु केवल प्रस्थान के दिन वर्जित हैं और लाल,काला, तिलक लगाना एवं स्त्री के ऋतु तथा रोग सम्बन्धी चिन्ता भी प्रस्थान के दिन वर्जित हैं ॥ १०२ ॥

दुष्टशकुनम्—

औषध्या च नियुक्तो हि धान्यंकृष्णां तु यद्भवेत्।
कार्पासश्च तृणां शुष्कं शुष्कंगोमयमेव च ॥ १०३ ॥

टीका—औषधि लिये मनुष्य, काला धान्य, कपास, सूखे तृण और सूखा हुआ गोबर, प्रस्थान के समय यदि सामने से आवे तो अशुभ जाने ॥१०३ ॥

इंधनं च तथांगारं गुडसर्पि स्तथाऽशुभम्।
अभ्यक्तो मलिनो मन्द स्तथानग्नश्चमानवः ॥ १०४ ॥

टीका—ईन्धन, जलती हुई आग, गुड, घीं, शरीर में तेल लगाये, मलीन, मंद और नंगा मनुष्य, प्रस्थान के समय संमुख आने से अशुभ जाने ॥१०४॥

मुक्तकेशो रुजार्तश्च काषायाम्बरधारिणः।
उन्मत्तः कन्थितोऽसत्यो दीनोवाथ नुपुंसकः ॥ १०५ ॥

टीका—बिखरे बालोंवाला मनुष्य, रोगी, गेरुआ वस्त्र पहने, उन्मत्त, कथरी लिये, पापी, दरिद्र नपुन्सक प्रस्थान के समय सामने आने से अशुभ जाने ॥ १०५ ॥

आयःपङ्कस्तथा चर्म केशवन्धनमेव च।
तथानिःशारवस्तूनि पिरायाकादि तथैव च ॥ १०६ ॥

टीका—लोहखंड, कीचड़, चर्म, केश बाँधता हुआ मनुष्य, निःसार पदार्थ और पिण्याक के सामने आने से प्रस्थान के समय अशुभ जाने ॥ १०६ ॥

चाण्डालस्य शवश्चैव राजबन्धनपालकाः ।
वधकाः पापकर्माणो गर्भिणीस्त्री तथैव च ॥ १०७ ॥

टीका—चांडालका मुर्दा, राजबन्धन का पालक, वध करनेवाला पापी और गर्भवती स्त्रीको भी प्रस्थान के समय सन्मुख आनेसे अशुभ जाने ॥१०७॥

तुषभस्मकपालास्थिभिन्नभाण्डानि यानि च ।
रिक्तानि चैव भाण्डानि मृतसारङ्ग एव च ॥
एवमादीनि चान्यानि ह्यप्रशस्तानि दर्शने ॥ १०८ ॥

टीका—भूसी, भस्म, खोपड़ी, टूटे फूटे एवं खाली वर्तन, मरा हुआ सारंग पक्षी, आदिका प्रस्थान के समय सन्मुख आना अशुभ है ॥ १०८ ॥

क्वयासिदिहआगच्छ किंते तत्र गतस्य तु ।
अन्यशब्दाश्चयेऽनिष्टा स्तेविपत्तिकरा अपि ॥ १०९ ॥

टीका—कहाँ जाते हो, ठहरो, आओ, वहाँ जाने से क्या होगा, ऐसे अनिष्ट शब्द विपत्तिकारक जाने ॥ १०९ ॥

ध्वजादौ वायसांऽऽस्थानं कव्यदानविगर्हितम् ।
स्खलनं वाहनानां च वस्त्रसङ्गस्तथैव च ॥ ११० ॥

टीका—ध्वजा पर काकका बैठना, अग्निदान, वाहनों का गिरना और वस्त्र का किसी पदार्थ में उलझना, आदि को यात्रा और प्रस्थान के समय अशुभ जाने ॥ ११० ॥ दुःशकुनपरिहारः—

दृष्टे निमित्ते प्रथमे अमङ्गल्यविनाशनम् ।
केशवं पूजयेद्विद्वान् स्तवेनमधुसूदनम् ॥ १११ ॥

टीका—यात्रा समय उपरोक्त अपशकुनों में जो पहले अमंगल दृष्टि आवे तो नाश कारक जाने । इसके दोष को दूर करने के लिये विष्णु पूजा और विद्वान् से विष्णु सहस्र नाम का पाठ करावे ॥ १११ ॥

द्वितीये च ततो दृष्टे प्रतीपः प्रविशद्गृहम् ।
अथेष्टानिप्रवक्ष्यामि मंगलानि तथानघ ॥ ११२ ॥

टीका—जो दूसरी बार भी अपशकुन दृष्टि में आवै तो घर को लौट जाय अर्थात् यात्रा बन्द कर दे । अब मङ्गलकारक शकुनों को कहते हैं ॥ ११२ ॥

यात्रासमये शुभाशुभशकुनविचारः—

प्रशस्तोवाद्यशब्दश्च भिन्नभेर्यशुभावहः ।
पुरतो च इहागच्छ गच्छपश्चाद्विपर्ययः ॥ ११३ ॥

टीका—यात्रा समय में बाजों का शब्द शुभ, परन्तु टूटे बाजोंका शब्द अशुभ है । सम्मुख से कोई आवो ऐसा कहता शुभ और पिछाड़ी कहे तो अशुभ जाने । जाओ ऐसा पीछे यदि कहे तो शुभ और आगे से कहने पर अशुभ जाने ॥ ११३ ॥

श्वेतपुष्टाः सुमनसः पूर्णकुम्भस्तथैव च ।
जलजाःपक्षिणश्चैव मांसं मत्स्यश्चपार्थिव ॥ ११४ ॥

टीका—यात्रा के समय सफेद पुष्ट, फूल, जल पूर्ण कुम्भ जलका पत्नी और मछली के मांस को शुभ जाने ॥ ११४ ॥

गावस्तुरङ्गमो नागो वृद्धएकः पशुस्त्वजा ।
त्रिदशाः सुहृदाविप्रा ज्वलितश्च हुताशनः ॥ ११५ ॥

टीका—गौ, घोड़ा, हाथी, वृद्ध, एक पशु, बकरी, देवमूर्ति, मित्र, ब्राह्मण, जलती अग्नि ॥ ११५ ॥

गणिकां च महाभाग दूर्वाश्चार्द्राश्च गोमयम् ।
रुक्मं रौप्यं च ताम्रं च सर्वरत्नानिचाप्यथ ॥ ११६ ॥

टीका—गणिका, हरी दूब, गोबर, सोना, चाँदी, रूपा, तांबा सब प्रकार के रत्न यात्रा के समय सामने आने से शुभ जाने ॥ ११६ ॥

औषधानि च सर्वज्ञो यवाः सर्वार्थकास्तथा ।
खड्ग पात्र पताका च मृत्तिकायुधपीठकम् ॥ ११७ ॥

टीका—औषधि, सर्वज्ञ पुरुष, यव, सफेद सरसों, खड्ग, पताका, मृत्तिका, आयुध, आसन, यात्रा समय शुभ जाने ॥ ११७ ॥

राजलिङ्गानि सर्वाणि शवंरुदितवर्जितम् ।
घृतंदधिपयश्चैव फलानि विविधानि च ॥ ११८ ॥

टीका—सब भाँतिके राज चिन्ह, रोदन रहित मृतक, घी, दही, दूध, और अनेक प्रकार के फलों को यात्रा समय शुभ जाने ॥ ११८ ॥

स्वातिवृद्धिनिनादश्च नन्द्यावर्तश्च कौस्तुभः।
वादित्राणां शुभःशब्दो गम्भीरः सुमनोहरः ॥ ११९ ॥

टीका—अपने लिये आशीर्वाद का शब्द, कौस्तुभ मणिके साथ नद्यावर्त मणिका बजाना तथा उत्तम मनोहर शब्द विघ्ननासक यात्रा में जाने ॥ ११९ ॥

गांधारषड्जऋषभा ये गीताः सुस्वराःस्वरा ।
वायुः निःशर्वरोऽनुष्णाः सर्वविघ्नविनाशकृत ॥ १२० ॥

टीका-गांधार, षड्ज, ऋषभ इन रागों में सुन्दर स्वरसे गाते हुये गीत और मधु शीतल पवन यात्रा में विघ्ननाशक जाने ॥ १२० ॥

प्रतिलोम स्तथानीचो विज्ञेया भयकृद्द्विजः ।
अनुकूलो मृदुः स्निग्धः सुखस्पर्शः सुखावहः ॥ १२१ ॥

टीका—वर्णशङ्कर, नीच और भयानक पक्षी को भयदायक जाने। अपने अनुकूल पक्षी, मृदु, स्निग्ध और सुखस्पर्श पदार्थ को सुखद जाने ॥ १२१ ॥

शस्तान्येतानिधर्मज्ञ यत्रस्यान्मनसः प्रियम् ।
मनसस्तुष्टिरेवात्र परमं जयलक्षणम् ॥ १२२ ॥

टीका-हे धर्मज्ञ ! उपरोक्त शकुनों को शुभ जाने। अपनी प्रिय वस्तु का दर्शन श्रेष्ठ और मनको प्रसन्न करने वाली वस्तु का दर्शन जय दायक जाने ॥ १२२ ॥

चित्तोत्सवत्त्वं मनसःप्रहर्ष शुभस्यल भो विजयप्रवादः ।
माङ्गल्यलब्धिःश्रवणं च राज्ञां ज्ञेयानि नित्यप्रविजयावहानि॥१२३

टीका-यात्रा समय में मनमें हर्ष, शुभ वस्तु का लाभ, विजयवाद और मङ्गल प्राप्तिका श्रवण शुभ जाने ॥ १२३ ॥

क्षेमङ्करा नीलकण्ठाः श्वोलूकखरजम्बुकाः ।
प्रस्थाने वामतः श्रेष्ठा प्रवेशे दक्षिणाः शुभाः ॥ १२४ ॥

टीका—मोर, कुत्ता, उलूक पक्षी, गधा, जंबुक प्रस्थान के समय बाँये हो तो यात्रा में शुभ और प्रवेशके समय दक्षिण भागमें शुभ जाने ॥ १२४ ॥

गोरक्षमतेन तिथिचक्रं तत्फलश्चाह ।

मासेशुक्लादिके पौषे तिथिः प्रतिपदादितः ।
द्वितीयाद्यास्तु माघेम्यु स्तृतीयाद्यास्तु फाल्गुने ॥१२५॥
एवं चान्येषु मासेषु तिथ्योद्वादशसंज्ञिकाः ।
लेख्याश्चक्रे त्रयोदश्याः संविहाय तिथित्रयम् ॥१२६॥
तृतीयादित्रयो तत्र त्रयोदश्यादिके फलम् ।
याने प्राच्यादिकाष्ठासु वक्ष्ये द्वादशघाक्रमात् ॥१२७॥
सौख्यं शून्यं धनार्तिश्च लाभो लाभो भयं धनम् ।
कष्टं सौख्यं कलिर्मृत्युः शून्यं प्राच्यां फलं क्रमात् ॥१२८॥
क्लेशो नैःस्वं व्यथा सौख्यं द्रव्याप्तिर्लाभपीडनम् ।
सौख्यं लाभः कष्टसिद्धिर्लाभः सौख्यं तु दक्षिणे ॥१२९॥
भयं नैःस्वं प्रियाप्तिश्च भय द्रव्यमृतिर्धनम् ।
क्लेशाल्लाभोर्थसिद्धिः स्याल्लाभोमृत्युश्चपश्चिमे ॥१३०॥
धनं मिश्रधनं लाभः सौख्यं लाभः सुखासुखम् ।
कष्टं द्रव्यं च शून्यत्वं कष्टमुत्तरदिक् फलम् ॥१३१॥

पौ	मा	फा	चै.	वै.	ज्ये	आ	श्रा	भा	आ	का	मा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भय	अर्थलाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	नैःस्व	नैःस्व	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	द्रव्यक्ले	दुःख	प्रिया०	अर्थलाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	भय	वित्तलाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	धन	द्रव्य प्रा	धनप्राप्ति	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	अर्थलाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	द्रव्यलाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	धनक्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	कार्य सि०	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	कलि	कष्ट	अर्थ सि०	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	द्रव्यलाभ	शून्य
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शून्य	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

यात्रा में छायाबल—

शनौ सप्तपादाः कवौषोडशस्यू रवौ भौमके रुद्रसंख्या विधेया।
निशीशे बुधेषष्टीश संख्या विधेया गुरावग्निभू संख्य छायाविधेया॥
न लत्ता न पातं व्यतीपात घातं न भद्रा न संक्रान्ति शूलं तथा च।
नरोयाति संशोध्य छायां यदाहि तदाकार्य सिद्धिस्त्ववश्यंभवेच्च १३३
स्वच्छाया त्रिगुणा विश्व युक्ता भाज्याष्टभिः यदाफलम्।
लोभोऽनर्थ हानि ३ रुक् वृद्धि ५ भयं ६ सिद्धि ७ मृ तिः क्रमात्॥१३४॥

टीका—शनिवार को ७ पांव की छाया, शुक्रवार को १६ पांवकी छाया रवि और मंगलवार को ११ पाँव की, छाया, सोमवार को ८ पांवकी छाया बुधवार को ११ पांव की छाया, और बृहस्पतिको १३ पांवकी छायाका विधान है। छायाके बलमें यात्रा जो करते हैं, उनको लत्ता, पात, व्यतीपात, भद्रा, घात, संक्रान्ति, दिशाशूल इन एक का भी दुष्ट फल नहीं होता है, यदि मनुष्य छायाको शोधकर यात्रा करें तो अवश्य कार्य सिद्धि होती है। अपनी छाया को तिगुना करके उसमें १३ को जोड़ना फिर ८ का भाग देना शेष १ बचे तो लाभ, २ शेपसे लक्ष्मी प्राप्ति, ३ बचने से हानि, ४ बचने से रोग, ५ बचने से वृद्धि, ६ बचने से भय, ७ बचने से सिद्धि और ८ बचने से मृत्यु होती है। (शेष ३-४-६-८ में न यात्रा करे, और शेप १-२-५-७ में यात्रा करें)॥ १३३॥ १३४॥

'का. पा. ये' जय शर्म लाभ 'कु. गि. रौ' मित्राणि सर्व शुभम्।
'गो. रा ये.' प्रियभुग्जनानि 'ल. प. रे' लाभारिनाशादिकम्।
'र. ध्यांगे' कलहः श्रियश्च 'व.ल.गे.' स्थानामि मित्रागमौ।
'रा रो.रां' विपदः परांग' कलहः श्वालेय' शोकावहः॥१३५॥

टीका—दो प्रकार के धान्यो की दो राशि बनावे, वही दोनों राशियों में से एक एक चुटकी धान्य निकालकर तीसरी राशि बनावे, उसमें से तीन तीन दानें जुदा करता जाय, जो तीन राशियों में से एक एक बचे तो, जय और लाभ होय। १ का कहिये, १ पा कहिये १ ये कहिये। ऐसा तीन तीन राशियों से पृथक् पृथक् एक बचै उसका फल जय और लाभ हो, (२) कु क १, ग-क-२ रौ क-२ मित्रादि सर्व सिद्धि।

(३) गौ क ३, रा क २, ये १, प्रिय भाग न प्राप्ति ।
(४ लक ३, प क १ रे क २ लाभ शत्रु नाश ।
(५) र क २ प क १ ग क ३, कलह ।
(६) ब क ३ लक ३, गेक ३, लक्ष्मी और मित्र लाभ ।
(७) रो क ३ रोक ३ रां क २ विवाद ।
(८) स क १ रा क २ ग ३ कलह ।
(९) रवा क १ लेक ३ य १ विशेष शोक ॥ १३५ ॥

जय सर्व लाभाः—

संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८	९
प्र० राशि	१	१	३	३	२	३	२	१	१
द्वि० राशि	१	३	२	१	१	३	२	२	३
तृ० राशि	१	२	१	२	३	३	२	३	१

अथ वास्तुप्रकरणम्

वन्दे गङ्गाधरं श्रीशं गौरीं गौरीसुतं रविम् ।
वास्तु प्रकाशः सुगमः रच्यते विदुषां मुदे ॥

ग्रामादेरनुकूलत्वादि विचार—

ग्रामादेरनुकूलत्वं देशो भूतग्रहस्य च ।
मासधिष्ण्यादिशुद्धिं च वीक्ष्याऽऽयव्ययभांशकान् ॥ १ ॥

टीका—ग्रामादि की, देश की, पंच महाभूतों की, ग्रहों की, अनुकूलता देखकर मास व नक्षत्र आदि की, शुद्धि तथा आय, वार, अंशकादि की गणना के विचार से अनुकूलता देखकर उस स्थान में गृह निर्माण करना चाहिये ॥ १ ॥

हवलम्—

गुरुशुक्रार्कचन्द्रेषु स्वोच्चादि बलशालिषु ।
गुर्वर्केन्दुबलंलब्ध्वा गृहारम्भः प्रशस्यते ॥ २ ॥

टीका—गुरु, शुक्र, सूर्य, चन्द्र इनको अपने उच्चादिक स्थानों में युक्त देखकर और सूर्य चन्द्र गुरु इनका बल पाकर गृहका आरम्भ करना चाहिये ॥ २ ॥

राशि निर्णयः—

अश्विनी मघ मूला दौ त्रित्रिभैराशिरिष्यते ।
शेष भ द्वितयैर्गेहे विशेषोऽयं प्रकाशितः ॥

टीका—अश्विनी मघा मूल इन नक्षत्रों से तीन तीन नक्षत्रों की एक राशि और दो दो नक्षत्रों की शेष राशि होती हैं ।

गणना नियम—

मैत्री विवाह वद् ज्ञात्वा विपरीता तु नाडिका ।
गृहं तत् स्वामिनो मैं क्यं मृत्युदं तं विवर्जयेत् ॥ ३ ॥

टीका—गृहेश से और जिस नक्षत्र का पिंड बनावे उससे जिस प्रकार से स्त्री पुरुष के नक्षत्र विवाह में गणना का विचार होता है उस प्रकार गणना गिनना, परन्तु नाडी का विचार विपरीत करना, विवाह में स्त्री पुरुष की अलग नाड़ी रहना उत्तम है, इसमें गृहेश और पिण्ड नक्षत्र की एक नाड़ी होना श्रेष्ठ है ॥ ३ ॥

दशाविचार—

गज पञ्चरसा युग सप्तमही गुण नेत्र सुरेश दिशादि क्रमात् ।
पुरदिग् गृह वल्लभ नाम युता नवभाग हता भवनस्य ॥ ४ ॥
नागेष्वर्तु श्रुति सप्तमहीं वह्नि कराः क्रमात् ।
अवर्गा दि स्वराङ्कावे गदिताधरणी सुरैः ॥ ५ ॥
रवि चन्द्र महीसुत राहु सुरेश्वर पूज्य दिश्वरा[१] सुताःशशिजः ।
ध्वज दैत्य गुरू च दशा शुभदा कवि सोम सुरेज्य निशेशसुताः ६

टीका—पूर्वादि दिशाका क्रमसे ८।५।६।४।७।१।३।२ अंक हैं । और अकारादि आठो वर्गों के भी क्रमसे ८।५।६।४।७।१।३।२ अंक है गाँव के नाम जिस वर्ग में हो उसका अंक गृह बनाने वाले के नाम के आदि अक्षर के वर्ग की संख्या को तथा जिस दिशामें गृह बनाना हो उस दिशाके अंकको एकत्र जोड़े,

१ राशिकूटे खेट मैत्र्यामेकोऽपि शुभदो यदा ।
तदाद्वयोः शुभज्ञेयं यदि नाडी पृथक्नहि ॥
गृहर्क्ष गृहनाथर्क्षमेकनाड़ी यदाभवेत् ।
शुद्धंभकूट यदिचेत् वर्णादीन् न विचारेन् ॥

फिर उसमें ९ का भाग देनेसे एक आदि शेष से क्रम से सूर्य चन्द्र मंगल राहु बृहस्पति शनि बुध केतु और शुक्र की दशा होती है शुक्र चन्द्र गुरु और बुध की दशा शुभ फल देती है ॥ ४ ॥ ६ ॥

अनुकूलग्रामः—

स्वनामराशेर्यद्राशिर्द्विशराऽङ्केशदिङ्मितः ।
संग्रामे. शुभदः प्रोक्तस्त्वशुभः स्यात्ततोऽन्यथा ॥ ७ ॥

टीका—अपने राशि से जिस ग्राम की राशि २।५।९।११।१० संख्या हो वह ग्राम शुभ, अन्यथा हो तो अशुभ होता है ॥ ७ ॥

एकभे तसमे व्योम गृहहानिस्त्रिषष्ठगे ।
तूर्याष्टद्वादशेरोगः शेषःस्थाने भवेत्सुखम् ॥ ८ ॥

टीका—एक राशि अथवा सप्तम राशि हो तो शून्य, तीसरी अथवा छठवीं हो तो गृहकी हानि, चौथी आठवाँ हो तो रोगकारक और शेष स्थान शुभ होते हैं ॥ ८ ॥

वर्गशुद्धिः—

अकचटतपयशवर्गा अष्टौते क्रमतः स्मृताः ।
एकोनपंचाशद्वर्णाः स्वरशास्त्रविशारदैः ॥
अवर्गो षोडशज्ञेयाः स्वराः कादिषु पंचसु ।
पंचपंचैववर्णाःस्यु र्यशौतु चतुरक्षरौ ॥ ९ ॥

टीका—अवर्गादि शवर्ग पर्यंत ४९ अक्षर हैं, तिनमें अवर्ग के स्वर १६ और कवर्ग से पवर्ग पर्यन्त प्रत्येक के ५ पाँच, तिनके अक्षर २५ तथा य और श इन दोनों वर्गों के अक्षर चार २ होते हैं । यह स्वर शास्त्र के ज्ञान कहते हैं ॥९॥

वर्गाणां स्वामी—

तार्क्ष्यमार्जारसिंहश्वसर्पाखुगजशूकराः ।
वर्गेशाः क्रमशोज्ञेयाः स्ववर्गात्पंचमोरिपुः ॥ १० ॥

टीका—अवर्ग का स्वामी गरुड़ १. कवर्ग का मार्जार २, चवर्ग का सिंह ३, टवर्ग का श्वान ४, तवर्ग का सर्प ५, पवर्ग का मूषक ६, यवर्ग का गज ७, शवर्ग का शूकर ८ इस क्रम से वर्गों के स्वामी होते हैं । जिस वर्ग का अक्षर अपने नाम का हो उससे पाँचवें वर्गका स्वामी उसका रिपु, चौथा मित्र एवं तृतीय उदासीन होता है ॥ १० ॥

काकिणी शुद्धिः—

स्ववर्गं द्विगुणांकृत्वा परवर्गेण योजयेत् ।
अष्टभिश्च हरेद्भागं योधिकः स ऋणीभवेत् ॥ ११ ॥

टीका—अपने नामके वर्ग को द्विगुणित कर उसमें ग्रामादिक का वर्ग मिलावै आठका भाग दे, फिर ग्रामादिक का वर्ग द्विगुणित कर अपने नामका वर्ग उसमें मिलावै, पूर्ववत् आठका भाग दे, इन दोनों में से जिसका शेष अधिक बचै सो उसका अर्थात् न्यून वाले का ऋणी होता है ॥ ११ ॥

अन्यमतेन पृथ्वीसाधनप्रकारः—

कुण्डार्थपृथ्वी परिशोधहेतवे प्रष्टुर्मुखाद्यः प्रथमं स्फुटीभवेत् ।
वर्गादिवर्णाः किल तद्दिशिस्मृतं शल्यं मुनीन्द्रैर्हपयैस्तु मध्यतः १२
स्मृत्वेष्टदेवतां प्रष्टुर्वचनस्याद्यमक्षरम् ।
गृहीत्वा तु ततः शल्याऽशल्यं सम्यग्विचारयेत् ॥ १३ ॥

टीका—नूतन गृह के बनाने के निमित्त प्रथम भूमिशोधन का प्रकार। पृच्छक इष्ट देवता का स्मरण करके ब्राह्मण से प्रश्न करे, उसके मुख से आदि अक्षर जिस वर्ग का निकले उसके उत्तर में अ क च ट त प य श वर्ग पूर्वादि अष्ट दिशाओं में, मध्यभाग में ह प य। वर्गों के आदि अक्षर जहाँ हों, उस स्थान में अमुक शल्य है, तिसका प्रकार नीचे लिखा है, उससे उन २ स्थानों का फल जानिये ॥ १२ ॥ १३ ॥

प्रश्नाक्षरफलम् ।

पूर्वे—

पृच्छायां यदि अः प्राच्यां नरशल्यं तदा भवेत् ।
सार्धहस्तप्रमाणेन तच्च मनुष्य मृत्युकृत् ॥ १४ ॥

आग्नेयां—

आग्नेय्यां दिशि कः प्रश्ने खरशल्यं करद्वये ।
राजदण्डो भवेत्तत्र भयं नैव निवर्तते ॥ १५ ॥

दक्षिणे—

याम्यायां दिशि चः प्रश्ने तदा स्यात्कटिसंस्थितम् ।
नरशल्यं गृहे तस्य मरणं चिररोगतः ॥ १६ ॥

नैर्ऋत्ये-

नैर्ऋत्यां दिशि टः प्रश्ने सार्द्धहस्तादधःस्थले।
शुनोऽस्थि जायते तत्र बालानां जायते मृतिः ॥ १७ ॥

पश्चिमे-

तः प्रश्ने पश्चिमायां तु शिशोः शल्यं प्रजायते।
सार्द्धहस्ते गृहस्वामी न तिष्ठति सदा गृहे ॥ १८ ॥

वायव्ये-

वायव्यां दिशि पः प्रश्ने तुषाङ्गराचतुष्करे।
कुर्वन्ति मित्रनाशं च दुःस्वप्नदर्शनं सदा ॥ १९ ॥

उत्तरे-

उदीच्यां दिशि यः प्रश्ने विप्रशल्यं करादधः।
तच्छीघ्रं निर्द्धनत्वाय कुबेरसदृशस्य हि ॥ २० ॥

ईशाने—

ईशान्यां यदि शः प्रश्ने गोशल्यं सार्द्धहस्ततः।
तद्गोधनस्य नाशाय जायते गृहमेधिनः ॥ २१ ॥

मध्यभागे—

हपया मध्यकोष्ठे च वक्षोमात्रं भवेदधः।
नृकपालमथो भस्मलोहं तत्कुलनाशकृत ॥ २२ ॥

टीका-पृच्छक के मुख से आदि अक्षर अवर्ग का निकले तो पूर्व दिशा में डेढ़ हाथ गहरा खोदने से मनुष्य की हड्डी निकलेगी, वह मृत्युकारक जानिये। कवर्गका यदि पहिला अक्षर हो तो आग्नेय कोण में दो हाथ गहरा खोदने पर गर्दभ का शल्य निकलेगा, उसका फल राजदण्ड का भय कभी निवृत्ति नहीं होता। यदि आद्याक्षर चवर्ग का हो तो कमरके बराबर गहरे जमीन में दक्षिण की तरफ मनुष्य की हड्डी निकलेगी, उसका फल तात्कालिक रोग से मृत्यु हो। यदि टवर्ग का पहिला अक्षर हो तो डेढ़ हाथ नैऋत्य दिशा में खोदने से कुत्ते की हड्डी निकलेगी उसका फल बालकों की अधिक मृत्यु हो। प्रश्नका यदि पहिला अक्षर तवर्ग का हो तो डेढ़ हाथ गहरा पश्चिम दिशा में बालक की हड्डी निकलेगी, उसका फल गृह स्वामी घर में स्थिरता से न रह सके प्रश्नकर्ता आद्याक्षर पवर्ग का उच्चारण करे

तो चार हाथ गहरे वायव्य दिशा में कोयला, जली हुई भूसी निकलेगी, उसका फल खराब स्वप्न दिखलाई देना, मित्रका नाश, इत्यादि। यदि यवर्ग में से किसी अक्षर का उच्चारण करे तो उत्तर दिशा में एक हाथके गहरे पर ब्राह्मणकी हड्डियाँ निकलेंगी, कुबेर के समान धनाढ्य भी निर्धन हो जाता है, ऐसा इसका फल है। यदि शवर्ग में से किसी अक्षर का उच्चारण करे तो डेढ़ हाथ गहरे ईशान्यदिशा में खोदने से गौका शल्य निकलेगा, फल गोधन का नाश होता है। ह प और य इन अक्षरों में से किसी का उच्चारण करे तो घर के बीच में छाती के बराबर खोद ने से मनुष्यकी खोपड़ी या भस्म या लोहा निकलता है, उसका फल कुलका नाश होता है ॥ १८ ॥ २२ ॥

गृहादेषु खदिशाज्ञानम्—

वन्हीन्मैत्राव्नगर्दस्थेचन्द्रेयाम्योत्तराननम्।
पित्र्याद्वासवतस्तद्वत्प्राक्परास्याद्गृहं शुभम् ॥२३॥

टीका—कृत्तिका से ७ नक्षत्रों का चन्द्रमा हो तो गृहका मुख दक्षिण उत्तर को और मघा से ७ नक्षत्रों चन्द्रमा तथा का गृह हो तो पूर्व पश्चिम मुखका अनुराधा से ७ नक्षत्रों का चन्द्रमा हो तो गृह का मुख दक्षिण उत्तर को नक्षत्रों का चन्द्रमा हो गृह का मुख पूर्व को और धनिष्ठा से ७ नक्षत्रों का चन्द्रमा हो तो गृह का मुख पूर्व पश्चिम को करने से शुभ फलदायक होता है ॥ २३ ॥

आयादिसाधनम्—

गृहेशकरमानेन गृहस्याऽयादिसाधयेत्।
करैश्चेन्नेष्टमायादि। साध्यमङ्गुलिस्तथा ॥ २४ ॥

टीका—गृह स्वामी के हस्तमान से आयादि का साधन करे, अगर हस्तमान से इष्ट आयादि न मिलें तो अंगुली मान से आयादि साधन करे ॥ २४ ॥

क्षेत्रफलमायादिक—

विस्तारगुणितंदैर्घ्यं गृहक्षेत्रफलं लभेत्।
तत्पृथग्वसुभिर्भक्तं शेषमायोध्वजादिकः ॥ २५ ॥

टीका—लम्बाई व चौड़ाई का जो गुणनफल वही क्षेत्रफल होता है। क्षेत्रफल आठका भाग देने से जो शेष बचे वह ध्वजादि आय होते हैं ॥ २५ ॥

---

१ इसके अनुसार गृह होना ठीक तभी होगा कि जब यमांशन न हो किन्तु राज अंश या इन्द्र अंश हो,

आयादिनाम—

ध्वजोधूम्रोऽथसिंहःश्व सौरभेयः खरो गजः ।
ध्वांक्षश्चैवक्रमेणैतदायाष्टकमुदीरितम् ॥ २६ ॥

टीका—ध्वज १ धूम्र २ सिंह ३ श्वान ४ बैल ५ गर्दभ ६ हस्ती ७ काक ८ इस क्रम से गृह के ८ आय होते हैं ॥ २६ ॥

वर्णक्रमसेआय—

ब्राह्मणस्य ध्वजोज्ञेयः सिंहो वै क्षत्रियस्य च ।
वृषभश्चैव वैश्यस्य सर्वेषां तु गजः स्मृतः ॥ २७ ॥

टीका—ब्राह्मण को ध्वज आय, क्षत्रिय को सिंह, वैश्य को वृषभ, और शेष वर्णों को गज आय उत्तम होता है ॥ २७ ॥

अन्यमतसे आयफल—

ध्वजेकृतार्थो मरणं च धूम्रे सिंहेजयश्चाथ शुनि प्रकोपः ।
वृषे तु राज्यं च खरे हि दुःखं ध्वांक्षे मृतिश्चैव गजे सुखंस्यात् २८

टीका—ध्वज आयका फल कृतार्थ, धूम्र आय का मरण, सिंह आयका जय, श्वान आय का कोप, वृष आय का राज्य, खर आय का दुःख, ध्वांक्ष आय का मृत्यु, और गज आय का फल सुख प्राप्ति होता है ॥ २८ ॥

व्ययसाधनम्—

पूर्वद्वारे वृषः श्रेयान् गजः प्राग्यमदिङ्मुखः ।
क्षेत्रमष्टाहतेधिष्ण्यैर्विभक्तेस्यान् गृहस्यभम् ।
भेष्टभक्तेव्ययःशेषमायादल्पो व्ययः शुभः ॥ २९ ॥

टीका—पूर्वाभिमुख गृहों का वृष आय श्रेयस्कर होता है। पूर्व और दक्षिणाभिमुख गृहों का गज आय शुभ कहा है। क्षेत्रफल को आठ से गुणाकर २७ का भाग देने से जो शेष बचै सो अश्विन्यादि गणना से घरका नक्षत्र होता है। उन नक्षत्रों में ८ का भाग दे जो शेष रहे सो उस गृह का व्यय। आय की अपेक्षा व्यय अल्प हो तो गृह शुभ होता है ॥ २९ ॥

अथ गृहनामज्ञान—

दिक्षु पूर्वादितः शालाध्रुवाभूद्वौकृतागजाः ।
शालाध्रुवाङ्कसंयोगः सैको वेश्मध्रुवादिकम् ॥ ३० ॥

टीका—पूर्व आदि चारों दिशाओं में शाला के अङ्क क्रम से जानना। पूर्व में १, दक्षिण में २, पश्चिम में ४, और उत्तर में ८, जिस दिशा में शाला (द्वार) हो उस दिशाके अङ्क जोड़कर एक और जोड़ देना, जितने अङ्क हों वे ही ध्रुव आदि गृह के नाम होते हैं ॥ ३० ॥

षोडशगृहनाम—

ध्रुवंधान्यं जयंनन्दं खरंकान्तंमनोरमम्।
सुमुखं दुर्मुखोग्रं च रिपुदं धनदं क्षयम् ॥
आक्रन्दं विपुलं ज्ञेयं विजयं चेति षोडशम्।
गृहं ध्रुवादिकं ज्ञेयं नामतुल्यफलप्रदम् ॥ ३१ ॥

टीका—ध्रुव १, धान्य २, जय ३, नन्द ४, खर ५, कान्त ६, मनोरम ७, सुमुख ८, दुर्मुख ९, उग्र १०, रिपुद ११, धनद १२, क्षय १३, आक्रन्द १४, पिपुल १५, और विजय १६ ये सोलह नाम हैं, इनका फल नाम के तुल्य होता है ॥ ३१ ॥

अथांशफलज्ञान—

टीका—जो व्यय आया हो उसे क्षेत्रफल में मिलावे और घरों के नाम के अक्षर संयुक्त करके, तीनका भाग दे। शेष दो बचे तो अशुभ और एक अथवा शून्य बचे तो शुभफल होता है ॥ ३२ ॥

आयादि निकाले का प्रकार-

व्ययेन संयुते क्षेत्रे गृहनामाक्षरान्विते।
त्रिभिर्भक्तांशका स्तेषां द्वितीयांशाः न शोभनः ॥ ३२ ॥
अष्टभिर्भाजितं पिंडे भवेदायोदि पिण्डकम्।
द्वाभ्यां विगुणितं वारो भवेत्सप्तविभाजितम् ॥ ३३ ॥
त्रिभिर्विगुणिं पिंडं नागैर्भक्ते मृणं भवेत्।
वेदैर्निघ्नं भवेद् योगो नक्षत्रै र्भाजितं यदा ॥ ३४ ॥
रत्नैर्निघ्नं भवेदंशो यदि रत्नै र्विभाजितम्।
अष्टभिर्निहतं पिण्डं रविभक्तं धनं भवेत् ॥ ३५ ॥
सप्तविंशतिभिर्भक्तं नक्षत्रं तिथिभिस्तिथिः।
खभानु भक्तयांयुश्च भवेद् दैवज्ञभूषणः ॥ ३६ ॥

टीका—पिंडमें ८ का भाग, लेनेसे शेष ध्वजादि आय, पिंडको दोसे गुणाकर ७ के भाग से शेष सूर्यादि वार, पिंडको इसे गुणाकर ८ का भाग देने से शेष ऋण, पिंडको ४ से गुणाकर २७ के भागसे शेष निष्कंभादियोग पिंडको ६ से गुणाकर ९ के भाग से अंश, पिंडकी ८ से गुणाकर चार जगह धरे उसमें १२ का भाग पर शेष धन, दूसरे जगह २७ का भाग देने से शेष अश्विन्यादि नक्षत्र, तीसरे जगह १५ का भाग देने से प्रतिपदादि तिथि और चौथे जगह १२० का भाग देने से आयु होती है, ध्यान रहे जहां शून्य शेष होजाय वहां जिससे भाग दिया है वही अंश जानना चाहिये जैसे ७ का भाग दिया शेष शून्य है शून्य कोइ वार नहीं अतः शनिवार जानै इसी प्रकार सब विचार लेना ॥ ३३ ॥ ३६ ॥

सूर्य चन्द्र वेध निर्णय—

दक्षिणोत्तर योर्दीर्घं वेधश्चन्द्र मसस्तथा ।
पूर्व पश्चिमयोर्दीघ वेधः कमलिनी पतेः ॥ ३७ ॥

टीका—उत्तर दक्षिण दीर्घ (लंबा) होतो चन्द्र वेध । और पूर्व पश्चिम लंबा हो तो सूर्य वेध होता है ॥ ३७ ॥

ग्रामे क्षेत्रे गृहे वाप्यां तडागे वाटिका सुच ।
शुभदश्चन्द्रवेधस्तु रवेः कोष्ठेऽग्निजीविनाम् ॥ ३८ ॥
जलाशये रवेर्वेधं गृहे चन्द्र मसः शुभम् ।
वाटिकायां द्वयोर्वेधमिति विज्ञा वदन्ति च ॥ ३९ ॥

टीका—ग्राम क्षेत्र गृह बावली तालाब बगैचा में चन्द्र वेध शुभ है कोष्ट में अग्नि से जीविका करने वाला के सूर्य वेध उत्तम है, हा जलाशयमें भी सूर्य वेध शुभ कहा है और गृहमें तो चन्द्र वेधही शुभ है और बगैचे में सूर्य वेध हो तो ठीक है चन्द्र वेध हो तो भी उत्तम है ॥ ३८ ॥ ३९ ॥

मण्डलज्ञान—

दीर्घ विस्तार सङ्ख्यैक्यं नवभिर्भागमाहतम् ।
शेषं तु मगडलं ज्ञेयं क्रमेण धरणी सुराः ॥ ४० ॥
दाता महीपतिः षण्ढस्तर्करश्च विचक्षणः ।
तथा कामी धनाढ्यश्च निर्धनो धनवान् ततः ॥ ४१ ॥

टीका—दीर्घ (लंबाई) विस्तार (चौडाई) की संख्या को एकत्र जोडकर

९ का भाग देने से शेष मंडल होता है। १ दाता, २ राजा, ३ नपुंसक, ४ चोर, ५ विद्वान, ६ कामी, ७ धनी, ८ दरिद्र, ९ धनी, इस प्रकार नव मंडल एकादि शेष से होते हैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥

मण्डलेश ज्ञान—

गृहेश हस्त मानेन दीर्घ विस्तार संयुतम्।
द्विनिघ्नं वसुभिर्भक्तं शेषेण मण्डलेश्वराः ॥ ४२ ॥
शक्रो हरिर्यमोवायुः धनदो पार्वती पतिः।
विरञ्चि र्गणनाथश्च मण्डलेशा अमी स्मृताः ॥ ४३ ॥
शक्रः सुखं यशो विष्णु र्दुःखं कुर्यात् पेरतराट्।
उच्चाटनं गन्धवहो ददाति धनदो धनम् ॥ ४४ ॥
महेशः कलहं कुर्या विधता सुखदं तथा।
सर्व सिद्धिप्रदो गौरी नन्दनः कथितो बुधः ॥ ४५ ॥

परिहार—

अल्प दोषेगुण श्रेष्ठं दोषाय न भवेद्गृहम् ॥
आय व्ययौ प्रयत्नेन विरुद्धं भंचवर्जयेत ॥ ४६ ॥

टीका—अल्प दोष श्रेष्ठ गुण जिस गृहमें हो वह गृह दूषित नहीं होता है, आय व्यय तथा नक्षत्र विरुद्ध हो तो वर्जित करे ॥ ४६ ॥

गृहारम्भे श्रेष्ठ मासाः—

पौषफाल्गुनवैशाख भाद्रश्रावणकार्तिकाः।
मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्रारोग्यधनप्रदाः ॥ ४७ ॥

टीका—पौष १ फाल्गुन २ वैशाख ३ भाद्रपद ४ श्रावण ५ कार्तिक ६ इन महीनों में घर बनवाना, शिलान्यास और स्तंभप्रतिष्ठा शुभ होता है, पुत्रलाभ, आरोग्यता, आयु की वृद्धि और धनकी प्राप्ति होती है ॥ ४७ ॥

गृहारम्भे मासफलम्—

शोको धान्यं पञ्चता निःपशुत्वं स्वास्तिर्नैस्थ्यंसङ्गर-
भृत्यनाशनम्। सच्छ्रप्राप्तिं वन्हिभीतिं च लक्ष्मी
कुर्यु श्चैत्राद्यागृहारम्भकाले ॥ ४८ ॥

टीका—चैत्रमास में शोकप्राप्ति १ वैशाख में धान्य प्राप्ति २ ज्येष्ठ में मृत्यु

३ आषाढ़ में पशुहानि ४ श्रावण में द्रव्यप्राप्ति ५ भाद्रपद में दरिद्रता ६ आश्विन में कलह ७ कार्तिक में मृत्यों का नाश ८ मार्गशीर्ष में धनप्राप्ति ९ पौष में लक्ष्मी १० माघ में अग्निभय ११ फाल्गुन में लक्ष्मी १२ इस प्रकार शुभाशुभ फल जानिये ॥ ४८ ॥

रविराशिवशेन द्वारनिर्माणम्—

कर्कनक्रहरिकुंभगतेऽर्के पूर्वपश्चिममुखानि गृहाणि ।
तौलिमेषवृषवृश्चिकयाते दक्षिणोत्तरमुखानि वदन्ति ॥४९॥

टीका—कर्क, मकर, सिंह, कुम्भ, इन राशियों का सूर्य हो तो घर का द्वार पूर्व अथवा पश्चिम को करे। तुला, मेष, वृष, वृश्चिक इन राशियों का सूर्य हो तो घर का मुख दक्षिण अथवा उत्तर को करै। इस प्रकार रत्नमाला में कहा है ॥ ४९ ॥

गृहनिर्माणे चक्रशुद्धिः—

आरम्भे वृषभंचक्रं स्तंभे ज्ञेयं तु कूर्मकम् ।
प्रवेशे कलशंचक्रं वास्तुचक्रं बुधैः शुभम् ॥ ५० ॥

टीका-घरके आरम्भ करनेमें वृषभचक्र, स्तंभ स्थापन में कूर्मचक्र, गृहप्रवेश में कलशचक्र यह वास्तुचक्र हैं। पंडित लोग शुभकार्य में इसका विचार करें।५०।

गृहारंभ के नक्षत्र—

त्र्युत्तरामृगरोहिण्यां पुष्यमैत्रकरत्रये ।
धनिष्ठाद्वितये पौष्णे गृहारंभः प्रशस्यते ॥ ५१ ॥
आदित्यभौमवर्ज्यन्तु सर्वे वाराः शुभावहाः ।
चन्द्रादित्यबलं लब्ध्वा लग्ने शुभनिरीक्षिते ॥ ५२ ॥
स्तंभोच्छ्रायस्तु कर्त्तव्यो ह्यन्यत्तु परिवर्जयेत् ।
प्रासादेष्वेवमेव स्यात्कूपवापीषुचैव हि ॥ ५३ ॥

टीका—तीनों उत्तरा, रोहिणी, पुष्य, अनुराधा, हस्त, चित्रा, स्वाती, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती ये नक्षत्र शुभ हैं। रवि भौम वार छोड़कर शेष वार शुभ। स्थिरलग्नमें, शुभग्रह से दृष्ट वा युक्त हो तब स्तंभारोपण करावै, अन्य बातों का विचार न करे। देवालय, कूप, तड़ाग, वापी इन कृत्यों में भी इसी प्रकार विचार करे ॥ ५१ ॥ ५३ ॥

वृषभचक्रम्—

त्रिवेदाब्धि त्रिवेदाब्धि द्वित्रिभैर्व्यर्कतःशशी ।
कुर्याल्लक्ष्मीसमुद्वासं स्थैर्य लक्ष्मीं दरिद्रताम् ॥
धनं हानिं क्रमान्मृत्युमारंभे वृषचक्रकम् ॥ ५४ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक जितने, नक्षत्र हों तिनमें प्रथम भाग ३ नक्षत्र लक्ष्मीदायक, दूसरा भाग ४ उद्वासकारक, तृतीय भाग ४ स्थिरताकारक, चतुर्थभाग ३ लक्ष्मी, पंचम भाग ४ दरिद्रता, षष्ठ ४ धनदायक, सप्तम भाग २ नक्षत्र हानिकारक, अष्टम भाग ३ नक्षत्र मृत्यु, इस क्रमसे जिस दिनका नक्षत्र शुभ फल दायक हो उसी में घरका आरम्भ करावै ॥ ५४ ॥

वर्ज्य—

वज्र व्याघात शूलश्च व्यतीपातश्चगण्डकः ।
विष्कुम्भ परिघौ वर्ज्यौ करौमङ्गलभारकरौ ॥ ५५ ॥

टीका—वज्र व्याघात, शूल व्यतीपात, गंड, विष्कुम्भ और परिघ ये योग, रवि और मंगल ये वार वर्जित हैं ॥ ५५ ॥

विवाहोक्तन् महान् दोषान् ते यामित्र शुद्धितः ।
रिक्तां कुजार्कवारौ च चरलग्नंचरांशकम् ॥ ५६ ॥

टीका—या मित्र शुद्धि छोड़कर, और रिक्ता तिथि मंगल सूर्य वार तथा चर लग्न चरांश त्याग देय ॥ ५६ ॥

त्यक्त्वा कुजार्कयोश्चांशं पृष्ठंचाग्रेस्थितं विधुम् ।
बुधेज्यराशिगं चार्कं कुर्यात् गेहं सुखासये ॥ ५७ ॥

टीका-मंगल रविवार के अंश को त्याग देय, आगे पीछे के चन्द्रमा को त्याग देय और बुध के तथा गुरुके गृह के सूर्य (३।६।९।१२) को त्यागकर सुख के लिये गृहारंभ करें[१] ॥ ५७

द्वारशुद्धिं निरीक्ष्यादौ भू शुद्धिं वृषचक्रमम् ।
निव्यङ्ग केस्थिरेलग्ने द्व्यङ्गे वालयमाद लयमारभेत् ॥५८॥

१. गृहेशतत्स्त्री सुख वित्तनाशो केंद्रिज्यशुक्रे बिवलेस्तनीचे ।
नास्त दोष दिवानाथे न नीचं दोषयेद् विधौ ।

पहिले द्वार शुद्धि को विचारै फिर भू शुद्धि वृषचक्र को विचार कर निः पंचक में स्थिर लग्न में वाद्विस्वभाव लग्न में गृहारम्भ करें[1] ॥ ५८ ॥

दक्षिणपूर्वेकोणे कृत्वत्वा पूज्जा शिलां न्यसेत्प्रथमाम् ।
शेषाः प्रदक्षिणेन स्तम्भाश्चैवं प्रतिष्ठाप्याः ॥ ५९ ॥

टीका—आग्नेयकोणमें प्रथम पूजन करिके शिला स्थापन करे, शेष शिला प्रदक्षिण क्रमसे स्थापित करे । इसी प्रकार स्तंभ की भी स्थापना करे ॥ ५९॥

शिलान्यासे नक्षत्राणि ।

शिलान्यासः प्रकर्त्तव्यो गृहाणां श्रवणे मृगे ।
पौष्णे हस्त च रोहिण्यां पुष्याश्विन्युत्तरात्रये ॥ ६० ॥

टीका—श्रवण, मृगशिरा, रेवती, हस्त, रोहिणी, पुष्य, अश्विनी, तीनों उत्तरा इन नक्षत्रों में शिलान्यास करना चाहिये ॥ ६० ॥

शेषमुखम्—

कन्यासिंहतुलायां भुजगपतिमुखं शंभुकोणाग्निखातं ।
वायव्ये स्यात्तदास्यंत्वलिधनमकरे ईशखातं वदन्ति ।
कुम्भेमीने च मेषे निऋतिदिशिमुखं खातवायव्यकोणे ।
आग्नेकोणेमुखं वै वृषमिथुनगते कर्कटे रक्षखातम् ॥६१॥

टीका—कन्या, तुला, सिंह लग्नों में शेष का मुख ईशान्य कोण में होता है, अतः अग्निकोण में खात करावै । वृश्चिक, धन, मकर इन लग्नों में शेष का मुख वायव्य कोण में होता है, अतः ईशान्यकोण में खात करावे । मीन, कुम्भ और मेष इन लग्नों में शेष का मुख नैऋत्य कोण में होता है अतः वायव्य कोण में खात करावै । वृष मिथुन और कर्क इनमें शेष का मुख आग्नेयकोण में होता है, अतः नैऋत्य में खात करावै ॥ ६१ ॥

कूर्मचक्रम्—

तिथिस्तु पंचगुणिता कृतिकाद्यृक्षसंयुता ।
यथा द्वादशमिश्रा च नवभागेन भाजिता ॥ ६२ ॥

---

१ पञ्चकं द्विविधं प्रोक्तं नक्षत्राख्यं सु चाणकम् ।
पूर्वभाद्र पद भेषु पाणेषु च धनञ्जयम ॥

फलम्—

जले वेदामुनिश्चन्द्रः स्थले पंचद्वयंपसुः ।
त्रिषट्कंनवचाकाशे त्रिविधं कूर्मलक्षणम् ॥ ६३ ॥
जलेलाभस्तथा प्रोक्तः स्थले हानिस्तथैव च ।
आकाशे मरणं प्रोक्त मिदं कूर्मस्यचक्रकम् ॥ ६४ ॥

टीका—गृहारम्भ की तिथि को पाँच से गुणा करे, कृत्तिका नक्षत्र से लेकर दिन नक्षत्र तक की संख्या को उस गुणनफल में मिलावे, फिर १२ और उसी में मिलावे, नवका भाग दे, ४।७।१ जो शेष रहे तो कूर्म जलस्थान में जानिये तिसका फल और ५।२।७ शेष बचे तो कूर्म स्थल में जानिये, तिसका फल हानि और ३।६।६ बचे तो कूर्म आकाश में जानिये, तिसका फल मरण, ये तीनों प्रकार का कूर्म कहा है ॥ ६२ ॥ ६४ ॥

त्रिषडायगतः पापैरष्टान्त्येन्तरगैः शुभैः ।
चन्द्रलग्नेऽरिरंध्रांत्यवर्जितं स्याच्छुभं गृहम् ॥ ६५ ॥

टीका—३।६।११ स्थानों में पापग्रह शुभ और ८।१२ स्थानों का छोड़ कर इतर स्थानों में शुभग्रह हों तो शुभ जानिये । परन्तु चन्द्रमा, लग्न षष्ठ द्वादश तथा अष्टम स्थान में न हों ॥ ६५ ॥

लग्नशुद्धिः—

धनकेन्द्रत्रिकोणस्थः क्षीणचन्द्रो न शोभनः ।
शत्रोनवांशगः खेटः खास्तसंस्थोपि नो शुभः ॥ ६६ ॥

टीका—लग्नसे २।१।४।७।१०।५।९ स्थानों में क्षीणचन्द्र स्थित हो तो अशुभ है और शत्रु नवांशक स्थितग्रह १०।७ भाव में स्थित हो तो भी नेष्ट है। क्षीण चन्द्र कृष्णपक्ष के पंचमी से शुक्लपक्ष के ५ तक होता है ॥ ६६ ॥

आयुःप्रमाणम्—

लग्नेजीवः सुखेशुक्रो बुधः कर्मण्यरौरविः ।
रविजः सहजे नूनं शतायुः स्यात्तदा गृहम् ॥ ६७ ॥

टीका—लग्न में वृहस्पति, ४ शुक्र बुध, १० सूर्य, ३ शनि ऐसे लग्न मे गृहारम्भ करने से उस गृहकी १०० वर्षकी आयु निश्चय कर जानना ॥६७॥

अन्यप्रकारः--

भृगुर्लग्ने बुधोव्योम्नि लाभेऽर्कः केन्द्रगो गुरुः ।
यस्यारम्भश्च तस्यायु र्वत्सराणां शतद्वयम् ॥६८॥

टीका--शुक्र और बुध १० दशमस्थानी ११ रवि और १।४।७।१० गुरु, ऐसी लग्नमें गृहारम्भ करावै तो २०० वर्ष की आयु होती है ॥ ६८ ॥

अन्यच्च--

जीवोबुधभृगुर्व्योम्नि लाभगौ भानुभूमिजौ ।
प्रारम्भे यस्य तस्यायुः समाशीतिः सहश्रिया ॥ ६९ ॥

टीका--गुरू, बुध, शुक्र, ये १० स्थानी, ११ व स्थान में रवि और भौम हो तो लक्ष्मी युक्त घर की ८० वर्ष की आयु होती है ॥ ६९ ॥

स्वोच्चवर्तिनि भृगौ विलग्नगे देवमंत्रिणि रसातलेऽथवा ।
स्वोच्चगेरविसुतेऽथवाऽऽयगे स्यात्स्थितिश्व सुचिरं सह श्रिया ॥७०

टीका- लग्नमें उच्चका शुक्र हो, गुरु ४ हो, उच्चका वा स्वक्षेत्री शनि ११ स्थानमें हो तो लक्ष्मी युक्त, चिरकाल, घरकी आयु कहना ॥ ७० ॥

स्वर्क्षगे हिमगौ लाभे सुरेज्य केन्द्रसंस्थिते ।
धनधान्यसुतारोग्यं युक्तधामचिरं भवेत् ॥ ७१ ॥

टीका--कर्कका चन्द्रमा ११ स्थानमें और गुरु केन्द्र में (१।४।७१०) हो तो वह धनयुक्त और सुत, आरोग्य सहित चिरकाल रहता है ॥ ७१ ॥

द्वार--

नवभागं गृहं कुर्यादपञ्च भागं तुदक्षिणे ।
त्रिभागं वामतः कुर्यांच्छेषं द्वारं प्रकल्पयेत् ॥ ७२ ॥

टीका--पूर्व या पश्चिम मुख द्वार बनाना हो तो घरके लंबाई में से उत्तर दक्षिण द्वार बनाना हो तो घरके चौड़ाई में से नव भाग करे उसमें द्वारके दक्षि पांच भाग और वाम भाग में तीन भाग छोड़कर द्वार बनावे दक्षिण वाम दिशा बरका ही है वाराही संहिता विश्वकर्मा प्रकाश तथा मुहूर्त गणपति में इसका विशेष विवरण है ॥७२॥

द्वारमाह (माणिक्यरत्नाकरे)--

चतुर्थ भागे मुखमाहु रेकेत्र्यङ्गे षु वाणे क्रमतोऽन्य ऊचुः ।
सव्येन पूर्वादिषु गेह दैर्ध्यं नन्देन भक्तं रिपुपृष्ट दिक्स्थम् ॥७३

टीका—पूर्व या पश्चिम मुख द्वार बने तो गृह के दीर्घ का और उत्तर या दक्षिण मुख द्वार बने तो पूर्व वा पश्चिम मुख द्वार बने तो गृहके दीर्घ को और उत्तर या दक्षिण मुख द्वार बने तो या विस्तार को नव भाग करना जिस दिशा में द्वार बनाना हो उसका शत्रु वर्ग पीछे पड़े उन नव भागों में कुछ आचार्यों का मत है कि गृह के वाम भाग से गृहका द्वार चौथे अंश में चारो दिशामें बनना उत्तम है किसी का मत है कि पूर्व में ३ रे दक्षिण में छठें पश्चिम तथा उत्तर में पाँचवें भाग में द्वार बनावे ॥ ७३ ॥

जयन्तेन्द्रे च सत्यांशे पूर्वं द्वारंशुभं स्मृतम् ।
गृहक्षतांशे वितथे गन्धर्वान्शे तु दक्षिणे ॥ ७४ ॥
पश्चिमद्वार शुभदं पुष्पदन्ते च वारुणे ।
उत्तरे शुभदं द्वारं सोमांशे वल्लभांशके ॥ ७५ ॥

टीका—अर्थ सरल है ॥ ७४-७५ ॥

गृहद्वारम्—

द्वारस्योपरियद्वारं द्वारस्यान्यच्चसंमुखम् ।
व्ययदं तु यदा तच्च न कर्तव्यं शुभेप्सुभिः ॥ ७६ ॥

टीका—द्वार के ऊपर का द्वार और आमने सामने का द्वार व्ययदायक होते हैं, शुभाभिलाषी पुरुषों को वर्जित करना चाहिये ॥ ७६ ॥

द्वारवेधः—

कोण मार्ग भ्रमि द्वारा कर्दम स्तम्भभूरुहे ।
देवालय प्रकूपानां वेधो द्वारेऽथ सन्मुखे ॥ ७७ ॥

अजिर—

यदीच्छेद् विचारं शुभं प्राङ्गणस्यन दादीर्घ विस्तारयोगं प्रकुर्यात् ।
यहैर्भाजिते भूमिदेवा हि शेषाद् विचाराङ्गणस्य प्रकुर्य्याद् विधिज्ञाः ।
दानीविज्ञोऽतिभीरुश्च कलहो भूपद्धानवौ ।
नपुंसकस्तथादस्यु र्धनीनाम समंफलम् ॥ ७८ ॥
धनंधान्य मीशान वायव्यकोणो तथा चोत्तरे चोत्तमं मङ्गलंस्यात् ।
नृणामालये वारिसंचारणार्थं विलंकर्तुमाहुःधरादेववृन्दाः ॥७९॥

गृहे स्थानयोजना प्रकारः—

स्नानागारं दिशिप्राच्यामाग्नेय्यां पचनालयम् ।
याम्यायां शयनागारं नैर्ऋत्यांशस्त्रमन्दिरम् ॥
प्रतीच्यां भोजनागारं वायव्यां पशुमन्दिरम् ।
भाण्डकोशंचोत्तरस्यामीशान्यां देवमन्दिरम् ॥ ८० ॥

टीका—पूर्वमें स्नान का घर १, अग्निकोणमें रसोई का स्थान २, दक्षिण में सोने का स्थान ३, नैऋत्य में शस्त्रालय ४, पश्चिम में भोजनस्थान ५, वायव्य में पशु मन्दिर ६, उत्तर में भन्डारकोश ७, ईशान्य में देवमन्दिर ८, इस प्रकार से स्थानों की योजना करै ॥८०॥

गृहाभ्यन्तरे गृहे वाह्ये च कूप फलम् -

कूपं गृहस्य मध्ये सकलधनहरः ईशकोणादितस्तु ।
पुष्टि कोशस्य वृद्धिस्त्व तनु धनहरः स्त्रीविनाशो मृतिश्चः॥
सम्पत्पीड़ा रिवर्गा दयित सुखकरश्चाथ वाह्ये विचारः ।
वायव्ये स्त्री विनाशोऽसुप दिशि सुतहा वन्हिभीतिस्तुवन्हौ ॥८१॥

टीका—यदि कूप मध्य गृह में होतो संपूर्ण धनको हरे और ईशानादिकोण में रहने से क्रमशः पुष्टि धन वृद्धि पुत्र नाश स्त्री विनाश मृत्यु संपत से पीड़ा और विशेष सुखहो । यह मकान के भीतर का विचार है । अब बाहर के विचार को कहताहूं वायव्य में कूप रहने से स्त्री की मृत्यु नैर्ऋत्य दिशामें पुत्रकी हानि और अग्निकोण में रहने से अग्निका भय होता है ॥ ८१ ॥

स्तंभचक्रम्—

सूर्याधिष्ठितभद्वयं प्रथमतो मध्ये तथा विंशतिः ।
स्तंभाग्रे रससंख्यया मुनिवरै रुक्तं मुहूर्तं शुभम् ॥ ८२ ॥
स्तंभाग्रे मरणं भवेत् गृहपते मूले धनार्थ क्षयः
मध्ये चैव तु सततसौख्यमतुलं प्राप्नोति कर्त्ता सदा ॥ ८३ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्रसे दिन नक्षत्र पर्यन्त गिनने से जो संख्या हो उसको क्रम से प्रथम दो २ नक्षत्र स्तम्भ मूलमें, तिसका फल धनक्षय और द्वितीय २० नक्षत्र स्तम्भके मध्यमें, तिसका फल लक्ष्मी और कीर्ति प्राप्ति, तृतीय ३ नक्षत्र

स्तम्भ के अग्रभाग में तिसका फल मृत्यु जानिये। ऐसे शुभ फल देखके स्तम्भारोपण करावै ॥ ८२ ॥ ८३ ॥

देहलीस्थापनम्--

मूलेभोभेत्रिऋक्षं गृहपतिमरणं पञ्चगर्भे सुखंस्या-
न्मध्येदेयाष्टऋक्षं धनसुतसुखदं पुच्छदेशेऽष्टहानिः
पश्चाद्देयंत्रिऋक्षं गृहपतिसुखदं भाग्यपुत्रार्थदेयं
सूर्यर्क्षाच्चन्द्रऋक्षंप्रतिदिनगणयन्भोभचक्रंविलोक्य ॥ ८४॥

टीका—सूर्य नक्षत्र से दिवस नक्षत्र तक की नक्षत्र संख्या और फल ऐसे क्रमसे जाने। प्रथम तीन नक्षत्र मूलमें, तिसमें स्तम्भारोपण करे तो मृत्यु, द्वितीय ५ नक्षत्र गर्भमें फल सुख, तीसरे ८ नक्षत्र मध्य में फल धन सुत सुख, चतुर्थ ८ नक्षत्र पुच्छ भागमें फल मित्रहानि, पंचम ३ नक्षत्र अग्र भागमें फल सुख भोग पुत्र लाभ, ऐसे शुभ फल होते हैं ॥ ८४ ॥

द्वारचक्रम्—

अर्काच्चत्वारिऋक्षाणि ऊर्ध्वंचैव प्रदापयेत्।
द्वौ द्वौकोणेषु दद्याद्वै शाखायां च चतुश्चतुः ॥ ८५ ॥
अधश्चत्वारि देयानि मध्ये त्रीणि प्रदापयेत्।
ऊर्ध्वे तु लभते राज्यमुद्वासं कोणकेषु च ॥ ८६ ॥
शाखायां लभते लक्ष्मी मध्ये राज्यप्रदं तथा।
अस्थे मरणं प्रोक्तं द्वारचक्रं प्रकीर्त्तितम् ॥ ८७ ॥

टीका—सूर्य नक्षत्रसे दिन नक्षत्र पर्यन्त लिखनेका क्रम। तिसमें प्रथम ४ नक्षत्र ऊर्ध्व, तिसका फल राज्यप्राप्ति। द्वार कोण चार, तिनमें प्रतिकोणमें २ नक्षत्र, तिनका फल उद्वसन। बगल दो, तिनमें नक्षत्र चार चार प्रत्येक में फल लक्ष्मी, और नीचे नक्षत्र ४ तिनका फल, राज्य, मध्य नक्षत्र ३, तिनका फल मरण, यह जानिये, ॥ ८५ ॥ ८७ ॥

गृहप्रवेश मुहूर्तः—

अथ प्रवेशो नवमंदिरस्य यात्रा निवृत्तावथभूपतीनाम्।
सौम्यायने पूर्वदिने विधेयं वास्तवर्चनं भूतबलिश्च सम्यक् ८८

टीका—नवीनगृहप्रवेश में और राजा के यात्रा से निवृत्ति होनेके बाद दुर्ग

में प्रवेश का मुहूर्त उत्तरायण के सूर्य हों । प्रवेश से पूर्व दिन में वास्तुपूजा और भूतबलि करके प्रवेश करना चाहिये ॥ ८८

चित्रानुराधा मृगपौष्णपुष्ये स्वातीधनिष्ठा श्रवणं च मूलम् ।
वारेष्वसूर्यक्षितिजेष्वरिक्तातिथौ प्रशस्तौ भवनप्रवेशः ॥ ८९ ॥

टीका—चित्रा, अनुराधा, रेवती पुष्य, स्वाती, धनिष्ठा, श्रवण मूल ये नक्षत्र और रवि भौम ये वार तथा रिक्ता तिथिको त्यागके प्रवेश करना शुभ है ॥ ८९ ॥

कलशचक्रम्—

प्रवेशःकालशेऽर्कर्क्षात्पञ्चनागाष्टषट् क्रमात् ।
अशुभं च शुभं ज्ञेयमशुभं च शुभं तथा ॥ ९० ॥

टीका—सूर्य नक्षत्र तक जो नक्षत्र हों उसमें प्रथम ५ नक्षत्र अशुभ आठ नक्षत्र शुभ, आगे ८ नक्षत्र अशुभ और शेष ६ नक्षत्र शुभ, ऐसे कलश चक्र में जानिये ॥ ९० ॥

वामार्कलक्षणम्—

रन्ध्रात्पुत्राद्धनादायात् पञ्चस्वर्केस्थिते क्रमात् ।
पूर्वाशादिमुखं गेहं विशेद्वामोभवे द्रविः ॥ ९१ ॥

टीका—गृहप्रवेश का जो लग्न हो उस लग्न से अष्टमस्थान, पंचमस्थान, द्वितीय स्थान एवं एकादशस्थान, इन प्रत्येक स्थानों से यदि पाँच पाँच स्थानों में रवि हो तो क्रम से पूर्वादि मुखों के घर में प्रवेश करने से वामरवि होता है ॥९१॥

ग्रहसंस्थाविचारः—

त्रिकोणकेन्द्रगैः शुभै स्त्रिषष्ठलाभसंस्थितैः ।
असद्ग्रहैः स्थिरोदये गृहंविशेद्बलविधौ ॥ ९२ ॥

टीका—त्रिकोण और केन्द्रस्थान में शुभ ग्रह हों ऐसी स्थिर लग्न देख के, तीसरे, छठें तथा लाभस्थान में पापग्रह हों, चन्द्रमा बली हो तो गृहप्रवेश करना शुभ होता है ॥ ९२ ॥

वास्तुप्रकरणम् समाप्तम् ।

जन्म पत्र प्रकाशः--

प्रणम्येश्वरं पार्वतीं शम्भु-पुत्रं समुद्रात्मजावल्लभं वासरेशम् ।
प्रवक्ष्याम्यहं जन्मपत्र-प्रकाशं द्विजानां हितं विप्रमातृप्रसादः ॥१॥

टीका—ईश्वर पार्वती, गणेश विष्णु तथा सूर्यनारायण को प्रणाम कर द्विजोंके हितार्थ मैं मातृ प्रसाद सरयूपारीण ब्राह्मण जन्म पत्र प्रकाश को बनाता हूँ ॥ १ ॥

इष्टकाल बनाने का प्रकार—

जन्मेष्ट ज्ञानमिच्छा चेत् दिनार्धात्पूर्व तो यदि ।
तदा होरादिमानस्य घटीं कृत्वा प्रयत्नतः ॥ २ ॥
दिनार्धमुत्तरं रात्रेरर्धतः प्राग् यदीष्टकम् ।
होरादिकं घटीं कृत्वा दिनार्धं योजयेत्तदा ॥ ३ ॥
निशीथतोर्ध्वं वै जन्म जायते यस्य निश्चितम् ।
तदा होरादि मानस्य घटीं कृत्वा दिनार्धकम् ।
योजयेत् योजयेत् त्रिंशत् तदा हीष्टं प्रभाततः ॥ ४ ॥

टीका—सूर्योदय के बाद दिनार्ध के पूर्व जन्म के इष्ट काल जानने की इच्छा हो तो होरा घंटा मिन्ट जितना सूर्योदय से हो उसको ढाई से गुणने पर सूर्योदय से इष्ट होगा। दिनार्ध के बाद और मध्यरात्रि के पूर्व का इष्ट हो तो घंटा मिन्ट को अढ़ाई से गुणा करके उसमें दिनार्ध जोड़े तो इष्ट होगा। मध्यरात्रि के बाद जितने घंटा मिन्ट पर जन्म हो उसको अढ़ाई से गुणा कर घटी बनाकर उसमें दिनार्धको जोड़ना बाद ३० जोड़न तो सूर्योदय से इष्टकाल बनेगा॥ २-३-४॥

(दिनमान का आधा दिनार्ध है दिनार्ध में ३० जोड़ने पर मध्यरात्रि होती है, दिनमान को ६० में घटाने से रात्रिमान होता है। एक घंटामें २॥ दंड होता है और १ मिन्ट में अढ़ाई पल होते हैं दंडको घटी भी कहते हैं और कुछ लोग "मुहूर्तो घटिका द्वयम्" के अनुसार दो दंडको घटी कहते हैं महाराज काशी नरेश के यहाँ तो अभी तक मुहूर्त के ही अनुसार घंटा बजता है।)

१—दिन रात्रि में चौबीश होरा होता है। और २४ घंटा भी होता है। सूर्योदय से होरा आरंभ होता है, मध्यरात्रि के बाद से घंटा आरंभ होता है, सूर्योदय के घंटा मिन्ट को इष्टकालिक घंटा मिन्ट में घटाने से शेष सूर्योदय से घंटा मिन्ट (होरा) होता है।

दिवा समयज्ञानम्।

पादप्रभानगयुतारहिताचमेषात्षट्स्विंदुनात्रियुगवाणशराब्धिरामैः
स्याद्भाजकोदिनदलस्य नगाहतस्यपर्वेगताःस्युरपरेदिनशेषनाड्यः॥५

टीका—अपनी छाया को पाँव से नापो, जितने पांव आवें उनमें ७ मिलावै और मेष संक्रान्ति से कन्या की संक्रान्ति तक उसमें १ घटावे, आगे तुला से मीन तक जो संक्रान्ति हो तो उसका क्षेपक इस भाँति से घटा दे, तुला ३ वृश्चिक ४ धन ५ मकर ५ कुम्भ ४ और मीन के ३ अंक उठाकर, पृथक् लिखे यह भाजक होगा, उस दिनके दिनार्धको ७ से गुणै तो भाज्य होगा वा १५ को ७ से गुणै तो १०५ हुए. इनमें पीछे लिखे हुए अंकों का भाग दे, जो भागांक आवै वह घटी जान, परन्तु दिनके पूर्वार्द्ध में दिन चढ़ने की घड़ी और उत्तरार्द्ध में शेष दिन की घटी जानना चाहिये ॥ ५ ॥

रात्रौ समयज्ञानम्—

सूर्यभान्मध्यनक्षत्रं सप्त संख्या विशोधितम्।
विंशतिघ्नं नवहृतं गतारात्रिः स्फुटाभवेत् ॥ ६ ॥

टीका—जो नक्षत्र रात्रि में हो उसकी संख्या तक सूर्य नक्षत्र से गिनकर ७ घटा दे, शेष रहे उसको २० से गुणा कर ९ का भाग दे जो अंक शेष रहे उतनी ही रात्रि का प्रमाण जानै ॥ ६ ॥

अहोरात्रप्रमाणम्—

अयनादिकवासररामहताः शिवनेत्ररसाशरचन्द्रयुताः।
परिभाजितशून्यरसैर्घटिकाः कर्कादिनिशा मकरादिदिनम् ॥७॥

टीका—कर्क की संक्रान्ति से मकर की संक्रान्ति तक छः मास और मकर से कर्क की संक्रान्ति तक ६ भाग अयन होता है। जिस दिन का दिनमान जानना चाहे कर्क की संक्रान्ति से उस दिन तक गिन तिगुना करे फिर १५६३ मिलाय ६० का भाग दे जो बचे वह रात्रि निकल आती है। इसी भाँति मकर की संक्रान्ति से गिनने पर दिनमान निकल आता है ॥ ७ ॥

चालन बनाने की विधि—

प्रस्तारस्तु यदाग्रे स्यादिष्टं संशोधयेद्दशम्।
इष्टकालं यदाग्रेस्यात् प्रस्तारं शोधयेद् धनम् ॥ ८ ॥

टीका—(पंचांगों में ग्रह स्पष्ट रहता है उसको प्रस्तार या पंक्ति कहते हैं, जिस समय जन्म हो वा वर्ष लगे वा प्रश्न हो उस समय को इष्ट कहते हैं। इष्ट समय

से पंक्ति के बीच के वारादिको चालन कहते हैं चालन दो प्रकार का होता है (एक ऋण दूसरा धन है)। प्रस्तार इष्टकाल से आगेका हो तो प्रस्तार को वार आदि में इष्टकाल के वार आदिके घटाने से जो शेष बचता है वह ऋण चालन वारादि होता है। इष्टकाल प्रस्तार से जो आगे का हो तो इष्टकाल में प्रस्तार को घटाने से वारादि धन चालन होता है।

उदाहरण—श्रीमान् हरिहर प्रसाद व्यास सरजूपारीण मलांव पाण्डेयजी का जन्म श्रीसंवत् १०६६ शाका १८३१ वैशाख वदी १० गुरुवार ४१।११ घनिष्ठा नक्षत्र शुभयोग ४६।३६ फिर विष्टिकरण श्री सूर्योदयादिष्टकाल ४१।३७ पर है, उसदिन दिनमान ३१।२३ रात्रिमान २८।२७ अर्द्ध रात्रिमान ४५।४६।३० है।

इष्ट १० गुरुवार का है इसके पहले प्रस्तार तिथि ७ चन्द्रवार के ४६ घ. २०प. पर है और इष्टके बाद तिथि १४ चन्द्रवार के प्रस्तार ४६ दं. ३६ प. मिश्रमानपर है दोनों ही का चालन बनाकर दिग् दर्शन कराता हूँ।

७ से १० आगे है इससे इस चालन से इष्ट में प्रस्तार घटाया जायगा।

इष्ट वारादि	५ । ४१ । ३७
प्रस्तार वारादि	२ । ४६ । २०
चालन धन	२ । ५५ । १७

और चतुर्दशी का जो प्रस्तार है वह इष्टसे आगे का है।

इससे प्रस्तार के वारादि	२ । ४६ । ३६ में
इष्ट वारादि	५ । ४१ । ३७ घटाया
चालन ऋण	४ । ४ । ५९ हुआ

जब वारोंमें न घटे तो उसमें ७ जोड़दे।

दोनों चालनों में से जो सप्तमी का चालन बना है वह कम है इससे वही इष्टके पासका है अतः उससे ही ग्रह स्पष्ट करे।

चालन धन २ । ५५ । १७ वारादि है ॥ ८ ॥

ग्रहस्पष्ट विधि—

गतैष्य दिवसाघे न गति र्निघ्नी खषट् हता।
लब्धमंशादिकं शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवद् ग्रहः ॥ ९ ॥

चालन का जो वार आदि है उसके ग्रहोंके गतिसे गुण गति चालको कहते हैं यह ग्रह इतना चला गतिकला विकला आदि होती है। चालन के वार के नीचे गति के कलादिको धरे दण्ड के नीचे धरे पलके नीचे भी धरे।

गत दिन आदि (ऋण चालन) से वा आगामी दिन आदि (धन चालन) से सूर्यादि ग्रहों की गति का गोमूत्रिका के रीति से गुणे फिर उसमें १० का भाग देने से जो लब्ध अंशादि मिले वह यदि गत दिनका हो तो पंचाङ्गस्थग्रह में घटावे, और यदि ऐष्य दिन (धन चालन का हो तो पंचाङ्ग स्थग्रह में जोड़े तो इष्ट समय का ग्रह बनेगा ॥ ९ ॥

"सूर्य चन्द्रौ मार्गिणौ च राहुकेतू हि वक्रिणौ
भौमादि पंच खेटा वै वक्रिणो मार्गेणस्तथा ।
धने वक्रिणि खेटेतु शोध्यं योज्यं ऋणे ग्रहे" ॥

टीका—(सूर्य और चन्द्रमा सदा आगे चलते हैं और राहु केतु ये दोनों सदा वक्री पीछे चलते हैं और मंगल आदि पाँच ग्रह को पंच तार कहते हैं ये आगे पीछे दोनों तरफ चलते हैं अर्थात् मार्गी वक्र दोनों होते हैं धन चालन हो तो, वक्रीग्रह हो तो चालन गति के गुणन फल में ६० के भाग से जो प्राप्त हो उसको पचाङ्गस्थग्रह में घटावे और ऋण चालन हो तो जोड़े, अर्थात् वक्री में उलटी क्रिया होती है)

वार	घ०	प०
चालन धन वारादि २	५५	१७
कला	विकला	प्रतित्रिकला
सूर्य की कलादि ५८	५८	५८
गति विकला	प्रतिविक०	
४५	४५	४५ प्रतिविकलाकापष्टंशश

चालन गति का गुणनफल

चालन २	५५	१७
दो अट्ठावन का गुणनफल	पचपन अट्ठावन का गुणनफल	सतरह अट्ठावनका गुणनफल
कलादि ११६	३१९० विकलादि	९८६ प्रति विकलादि
दो पैंतालीस का गुणनफल	पचपन पैंतालिसका गुणनफल	सत्रहपैंतालिशका गुणनफल
त्रिकलादि ९०	२४७२ प्रतिविकलादि	७६५ प्रतित्रिकलाके षष्ठ्यंश

सबसे बड़ा कला का गुणनफल है विकला का गुण फल दो जगह है उससे एकत्र जोड़े प्रति विकला का गुणनफल भी एकत्र जोडे । सबसे छोटा प्रति विकला साठवाँ हिस्सा है ।

११६ ५५ लब्ध ६०) १७१ (२ लब्ध १२० अंश शेष ५१ कला गुणन ६० फल ३१६० ३२८० ५७ लब्ध ६०) ३३३७ (५५ लब्ध ३०० कला ३३७ ३०० ३७ शेष विकला	यहाँ का गुणन फल नब्बे के नीचे है २४७५ ९८६ ३४६१ १२ लब्ध ६०) ३४७३ (५७ लब्ध ३०० विकला ४७३ ४२० ५३ शेष प्रति विकला	यहाँ का गुणनफल २४७५ के नीचे देखो ६०) ७६५ (१२ लब्ध प्रति ६० विकला १६६ १२० ४५ शेष प्रति विकला का ६० हिस्सो

अंश २, कला ५१, विकला ३७ मिला है धन चाल है इससे इसको पंक्ति के सूर्य में जोड़े

पक्ति का सूर्य ११ । २६ । ४८ । १७
चालनगति से प्राप्त २ । ५१ । ३७

सूर्य स्पष्ट ० । २ । ३६ । ५४

गतर्क्ष नाडी खरसेषु शुद्धा सूर्योदयादिष्ट घटीषु युक्तो ।
भयात संज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्ष नाडी सहितो भभोगः ॥१०॥
इष्टान्न्यूनं गतर्क्ष चेत् दिष्टे संशोधयेतदा ।
भयातं हि भभोगं तु पूर्ववत् साधयेत् सुधीः ॥ ११ ॥

टीका—जिस नक्षत्र में जन्म हो उसके पहिले का नक्षत्र गतर्क्ष कहाता है, गत नक्षत्र के दंडपल को ६० में घटा दे जो बचे उसे दो जगह लिखे एक जगह इष्ट काल जोड़े तो भजात होगा, दूसरे जगह जिस नक्षत्र में जन्म हो उस के दंडादि को जोड़े तो भभोग होगा ।

यदि इष्ट दिन को गत नक्षत्र की समाप्ति हो तो इष्ट काल में गत नक्षत्र के दंडादि के घटा देने से भजात होता है यदि इष्ट के ही दिन जन्म नक्षत्र लगे उसी दिन समाप्त भी हो जाय तो उस नक्षत्रका ही दंड पल मात्र भभोग होता है । यदि नक्षत्र की वृद्धि हो तो गतर्क्ष जो ६० में हीन करने से बचा है उसमें ६० जोड कर फिर तीसरे दिन जो वर्तमान नक्षत्र का दंड पल जोडे तब भभोग होता है ॥ १० ॥ ११ ॥

पहला उदाहरण ६० में गतर्क्ष १० । ३३ हीन किया

४६ । २७ बचा इसे दो जगह धरा

	४६ । २७		४६ । २७	
इष्ट	८ । ०		१७ । ५	निजर्क्षदंडादि
भजात	५७ । २७		६६ । ३२	भभोग

उदाहरण दूसरा

गतर्क्ष २५ । २८ उस दिन का है इष्ट ३५ । ७ है इष्ट में गतर्क्ष घटाया तो भजात ६ । ३६ हुआ ।

गतर्क्ष ६० में २५ । २८ घटाया

३४ । ३२ बचा इसमें वर्तमान नक्षत्र का दंडादि २३ । ८ जोड़ा तो भभोग ५७ । ४० हुआ ।

तीसरा उदाहरण

६०
गतर्क्ष ५८ । ५
१ । ५५
निजर्क्ष ६० ० दो दिन निजर्थ था इससे दोनों दिन का जोड़ा
निजर्क्ष २ २५ ६० में गतर्क्ष शोधने पर
भभोग ६४ २०

१ । ५५
इष्ट ७ । २४
भजात ६ । १६

चौथा उदाहरण इसी उदाहरण के अनुसार यह कुण्डली है
इष्ट ४१ ३७ है इष्ट के पहिले उसी दिन गतर्क्ष समाप्त है
गतर्क्ष १ । ४१ इष्ट में गर्क्ष को घटाया
भजात ३६ । ५६

उस दिन गत नक्षत्र के
बाद ५६ । २६ पर्यन्त
धनिष्ठा नक्षत्र था ।
यही भभोग हुआ ।

भभोग
५६ । २६

स्पष्ट चन्द्र प्रकार—

खषट्घ्नं[1] भजातं भभोगोद्धृतं तत्
खतर्कघ्न पिष्णेषु युक्तं द्विनिघ्नम्

---

१ दशघ्नं भजातं भभोगो द्धृतं तद् दशघ्नेषुधि ष्णोषुयुक्तेषु रविघ्नम् । नवा प्तंशशि भागपूर्व स्तुभुक्ति खखा भ्राष्ट वेदा भभोगेन भक्ताः ॥

नवाप्तं शशीभाग पूर्वस्तु भुक्तिः
खखाभ्राष्ट वेदा भभोगे भक्ताः ॥ १२ ॥

टीका—भजात के दंड को ६० से गुणा कर पल मिला दे और भभोग के दंड को भी ६० से गुणा कर के पल मिला दे पल स्वरूप भजात को ६० से गुणे उस में पलात्मक भभोग का भाग दें लब्ध एक जगह धरे शेष को ६० से गुणा करके उस में पलात्मक भभोग का भाग दे लब्ध पहले लब्ध के नीचे लिखे शेष को ६० से गुणा कर उसमें भभोग जो पलात्मक है उस का भाग दे लब्ध उन दोनों लब्धो के नीचे धरे ।

टीका—जिस नक्षत्र में जन्म हुआ है उस के पीछे के नक्षत्र का अश्विनी से गिने जो संख्या हो उसको ६० से गुणा कर के उस में लब्धांक को जोड़े फिर तीनों अंकों को दूना करे फिर पहले अंक में ९ का भाग दे लब्ध अंश होगा शेष को ६० से गुणा कर दूसरे स्थान के अंक को जोड़ कर ९ का भाग देने से लब्ध कला होगी शेष को ६० से गुणा करके तीसरे अंक को उसमें जोड़ने से ९ का भाग दे लब्ध विकला होगी अंश में ३० का भाग देने से लब्ध राशि शेष अंश रहेगा ।

४८००० इसको ६० से गुणा कर पलात्मक भभोगका भाग देने से लब्ध गति होगी शेष को ६० से गुणा कर पलात्मक भभोग का भाग देने से लब्ध विगती होगी ।

उदाहरण—

भजात	भभोग
३९।५६	५६।२९
६०	६०
२३४०	३३६०
५६	२९
भजात २३९६	भभोगपलात्मक ३३८९ यह चन्द्र साधन का भाजक है और दशाका भी भाजक है ।
पलात्मक ६० — चन्द्रस्पष्टका	
१४३७६० — यह भाज्य है ।	

३३८९) १४३७६० (४२ प्रथमलब्ध
१३५५६
८२००
६७७८
१४२२
६०
३३८९) ८५३२० (२५ द्वितीयलब्ध
६७७८
१७५४०
१६९४५
५९५
६०
३३८९) ३५७०० (१० तृतीयव्लब
३३८९
१८१०

धनिष्ठा नक्षत्र का जन्म है इससे गत नक्षत्र श्रवण है अश्विनी से श्रवण २२ है
२२ गतनक्षत्र
६० गुणक
१३२० इसमें
४२।२५।१० तीनों लब्धों
१३६२।२५।१० को जोड़ो
२ दूना किया
९) २७२४।५०।२० (३०२
२७
२४
१८
शेष ६
६०
३६०
५०
९) ४१० (४५
३६
५०
४५
५
६०
३००
२०
९) ३२० (३५
२७
५०
४५
५ शेष

अंशादि चन्द्र ३०२।४५।३५
अंशामें ३०) ३०२ (१०लब्ध
३०
२ शेष
राश्यादिचन्द्र१० २।४५।३५

४८०००
६० चन्द्रगति
३३८९) २८८०००० (८४९ कला
२७११२
१६८८०
१३५५६
३३२४०
३०५०१
२७३९
६०
३३८९) १६४३४० (४८विगत विकल
१३५५६
२८७८०
२७११२
१६६८ शेष

ग्रहाः स्पष्टाः

सू.	चं.	मं.	बु	गु.	शु	श.	रा.	के.
०	१०	६	०	४	०	११	१	७
२	२	८	१	१३	०	२१	२८	२८
३६	४५	४८	२३	११	२५	२१	५१	५१
५५	३५	२०	२७	१६	१०	५७	१६	१६
५८	८४६						३	३
४५	४८						११	११

अयनांश बनाने का प्रकार—

भूनेत्र वेदोनशकस्त्रि निघ्नो व्योमाभ्रनेत्रैर्विहृतोऽयनांशाः ।
त्रिघ्नोऽर्कराशिःस्वदलेनयुक्तस्तावन्मितास्याद्विकलाभिराढ्याः १३

टीका—जिस शाके में अयनांशा बनाना है उस शाके में ४२१ को घटा दे जो शेष बचे उसे ३ से गुणा करदे फिर गुणनफल में २०० का भाग देने से लब्ध अंश होता है, शेष को ६० से गुणा कर २०० का भाग देने से लब्ध कला होती है शेष को ६० से गुणाकर २०० का भाग देने से लब्ध विकला होती है इस प्रकार वर्षा रम्भ में अयनांशा मकरंद के अनुसार होती है। तत्कालिक अयनांशा जिस समय का बनाना है उस समय सूर्य की जो राशी हो उसको ३ से गुणा करे जो गुणनफल हो उसका आधा और भी गुणनफल में जोड़ दे जो हो उसके अयनांशा जो वर्षारम्भ में है उसके विकला में युक्त करे तो तत्कालिक अयनांशा होगा।

नोट—५४ विकला प्रत्येक वर्ष अयनांशा बढ़ता है, जो साढ़े चार विकला प्रत्येक मास की वृद्धि हुई, १० दिनका १॥ विकला इस प्रकार प्रत्येक दिनका ६ प्रति विकला हुआ। प्रत्येक दंड में एक प्रति विकला के ६० वे हिस्से का ६ बढ़ा करता है। सूर्य की राशि अंश देख के अयनांशा की वृद्धि करे।

उदाहरण—शाक १८३१ में
४२१ को घटाया
१४१० बचे, इसको
३ से गुणा
भाजक २००) भाज्य ४२३० हुआ (२१ लब्ध
४००
२३०
२००
३० शेष को
६० से गुणा
२०) १८०० हुए (९
१८००
० शेष

यह वर्षारंभ का अयनांशा है सूर्य ० । २ । ३९ । ५४ है ९ प्रति विकला मकरंदीय अयनांशा प्रतिदिन बढ़ता है राशि शून्य है।

इससे सूर्य के अंशादि को २ । ३९ । ५४ को
९ से गुणा
१८ । ३५१ । ४८६
६ ८ ४८०
३५९ । ६
२३ । ५९ । ६ अर्धाधिक्य से २३ में १
बढ़ा दिया २४ इसको अयनांशाः
२१ । ६१ / में
२४
२१ । ७ । ० । २४ हुआ

तत्कालिक अयनांशा

अयनांशाः २१ । ६ । ० है सूर्य ४ । १५ । १ । २१ है
सूर्य की राशि ४ को । ९ से अंशादि को गुणा
३ से १३५ । ९ । १८९
